

आसमान में दिखा स्ट्रॉबेरी मून का अद्भुत नजारा

नई दिल्ली। बुधवार रात आसमान में एक अद्भुत नजारा दिखाई दिया। खूबसूरत खगोलीय घटना घटी जिसमें स्ट्रॉबेरी मून नजर आया। जून में स्ट्रॉबेरी की कटाई की शुरुआत के बाद आने वाले फुल मून वजह से इसे स्ट्रॉबेरी मून नाम दिया गया था। खास बात है कि स्ट्रॉबेरी मून की यह घटना हर 18.6 साल में एक बार होती है। अब अगली बार ऐसा नजारा साल 2043 में ही दिखेगा।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

जबलपुर, गुरुवार 12 जून 2025 ■ आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-01 ■ वर्ष : 20, अंक : 43 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 39 न्यून.29 haribhoomi.com

लू होगी खत्म, बारिश-आंधी शुरू हो जाएगी

14 से मानसून आगे बढ़ेगा 16 तक प्रदेश में आ जाएगा



भोपाल सहित 15 जिलों में पारा 42 से 44 डिग्री के बीच रहा

पूरे प्रदेश में औसतन एक डिग्री की गिरावट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बुधवार से प्रदेश में मौसम फिर से बदलना शुरू हुआ है। सुबह से देर शाम के बीच राजधानी सहित कुछ जिलों में बादल, बौछारें और बूंदाबांदी रही। लेकिन, गर्मी और गर्म हवाओं से राहत नहीं मिली। हालांकि, लू के हालात सुधरे हैं। मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को केवल चार जिलों में ही लू का असर रहा। गुरुवार से भोपाल सहित कई जिलों में बारिश का दौर फिर से तेजी पकड़ेगा, जिससे तापमान में तेजी से कमी आएगी। इस बीच पूर्वी मप्र के कुछ हिस्सों में लू और तेज गर्मी जारी रहेगी। दो से तीन दिन में अधिकांश जिलों में तेज गर्मी से काफी हद तक राहत मिल जाएगी।

यहां लू चली और बारिश हुई

बुधवार को धार, गुना, नर्मदापुरम और नौगांव में हीट वेव रही। भोपाल सहित 15 जिलों में पारा 42 से 44 डिग्री के बीच रहा। भोपाल में एक डिग्री गिरकर 42.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.1 डिग्री अधिक है। शाम के समय धार, उज्जैन, रतलाम, बुरहानपुर, हरदा, पन्ना, छतरपुर और रायसेन, सांची में बिजली के साथ हल्की आंधी और कहीं हल्की बारिश हुई।

मप्र के प्रत्येक संभाग में खुलेंगे वन्य प्राणियों के लिए रेस्क्यू सेंटर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की जामनगर के वनतारा रेस्क्यू सेंटर भ्रमण के दौरान घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को देश के सबसे बड़े वन्य प्राणी रेस्क्यू सेंटर गुजरात के जामनगर जिले में स्थित वनतारा पहुंचे थे। इस रेस्क्यू सेंटर का संचालन अंबानी परिवार करता है।

मुख्यमंत्री ने वनतारा के भ्रमण के बाद कहा कि मप्र में अभी भोपाल स्थित वन विहार में वन्य प्राणियों के लिए रेस्क्यू सेंटर हैं, वे जल्दी ही प्रदेश के सभी संभागों में इसी तरह का रेस्क्यू सेंटर बनाएंगे। उन्होंने साथ गए वन महकमे के अधिकारियों से भी संभाग स्तर पर रेस्क्यू सेंटर स्थापित करने की रूपरेखा तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को गुजरात रवाना होने के पहले मीडिया में जारी एक संदेश में भी यही बातें कही थी।

मप्र में अभी भोपाल स्थित वन विहार में वन्य प्राणियों के लिए रेस्क्यू सेंटर

मध्यप्रदेश में जू की संख्या बढ़ेगी

राज्य सरकार प्रदेश में चिड़ियाघरों अर्थात प्राणी उद्यान (जू) की संख्या में भी वृद्धि करने जा रही है। बजट में दो प्राणी उद्यानों की स्थापना को स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र के कई विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों में वेटनरी कोर्स और वेटनरी अस्पताल शुरू कर पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

उनके साथ भोपाल से वन विभाग के अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल सहित अन्य वन अधिकारी भी जामनगर गए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र देश का सर्वाधिक वन क्षेत्र और वन्यजीवों की विविधता से संपन्न राज्य है। भारत में सबसे अधिक बाघ (टाइगर) मध्यप्रदेश की धरती पर देखने को मिलते हैं। तेंदुआ (लेपर्ड) और गिद्ध (वल्चर) की संख्या भी मध्यप्रदेश में सबसे अधिक है। प्रदेश के अलग-अलग वन क्षेत्रों में मगरमच्छ और घड़ियालों का बसेरा है। प्रदेश में वन्य जीव संरक्षण, जंगलों की रक्षा और पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार वन्य प्राणी संरक्षण सहित सभी क्षेत्रों में तेज गति के साथ अग्रसर है। प्रदेश में नए वन्य प्राणी रेस्क्यू सेंटर किए जाएंगे।

खबर संक्षेप

दमोह में पुलिस टीम पर जानलेवा हमला

दमोह। दबंगों ने डायल-100 की टीम पर हमला कर दिया। पायलट और आरक्षक के साथ मारपीट की और उन्हें जिंदा जलाने की कोशिश की गई लेकिन वह किसी तरह जान बचाकर भाग निकले।

सोने के कुएं के पानी से भगवान ने किया स्नान

नई दिल्ली। बुधवार को स्नान पूर्णिमा मनाई जा रही है। जगन्नाथ को मंदिर में ही बने सोने के कुए के पानी से नहलाया गया। इसे स्नान पूर्णिमा कहते हैं। इस दिन भगवान अपने बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ स्नान करते हैं।

दुष्कर्म के आरोप में घिरे पूर्व जज की याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक पूर्व न्यायिक अधिकारी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई को रद करने से इनकार कर दिया, जिस पर अपनी नाबालिग बेटी का यौन शोषण करने का आरोप है।

ऑपरेशन हनीमून: राजा रघुवंशी हत्याकांड केस में बड़ा खुलासा

सोनम ने कबूला जुर्म...हां मैं ही हूं राजा की कातिल

मेघालय पुलिस करवाएगी आरोपियों का आमना-सामना

राज का देवास से हवाला कनेक्शन भी आया सामने

राज के और भी राज खोल सकती है इंदौर व मेघालय पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/इंदौर

सदर पुलिस स्टेशन में एसआईटी की पूछताछ के दौरान सोनम रघुवंशी ने राजा रघुवंशी की हत्या में अपनी संलिप्तता कबूल की। अधिकारियों ने महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत करने के बाद उससे पूछताछ की। सोनम ने सुनियोजित अपराध में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

सोनम ने मेघालय पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में यह कबूल किया कि उसने ही पति राजा को मरवाया था। मेघालय पुलिस ने बताया कि सोनम ही राजा को मारने के लिए हनीमून के बहाने ही शिलांग ले गई थी। मेघालय पुलिस के अनुसार इंदौर के व्यापारी राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम (25) अपने कथित प्रेमी राज कुशवाह (20) के साथ मिलकर उनकी हत्या की साजिश में शामिल थी। दोनों ने योजना को अंजाम देने के लिए तीन हत्यारों को काम पर रखा था। राजा रघुवंशी (29) और उनकी पत्नी सोनम की शादी 11 मई को यहीं हुई थी। वे 23 मई को मेघालय में अपने हनीमून के दौरान लापता हो गए थे। राजा रघुवंशी का शव 2 जून को पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा इलाके में एक झरने के पास (गहरी खाई) में मिला था।

गाजीपुर में सरेंडर के बाद अपने अपहरण की बात कह रही मास्टरमाइंड सोनम ने आखिरकार यह कबूल लिया कि उसने ही राजा की सुपारी देकर हत्या करवाई और इसमें उसके प्रेमी राज ने इसमें पूरा खेल खेला

सोनम को शिलांग कोर्ट ने आठ दिन की रिमांड पर भेजा

मेघालय पुलिस ने राजा मर्डर केस में मंगलवार को सोनम और राज समेत 5 आरोपियों गिरफ्तार किया था। इन्हें शिलांग लाया गया है। सभी आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत से इनकी रिमांड मांगी। जिसके बाद कोर्ट ने सोनम समेत सभी आरोपियों को 8 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है। रिमांड पर लेने के बाद मेघालय पुलिस आरोपियों का आमना-सामना करा सकती है। साथ ही सीन रीक्रिएशन भी कराएगी।

राजा की मां से गले मिलकर रोया सोनम का भाई, कहा-मेरी बहन को फांसी दो

राजा रघुवंशी के घर बुधवार को अचानक एक फिर उस वक्त मातम और चीख पुकार मच गई जब सोनम के भाई गोविंद वहां पहुंच गए। राजा की मां से गले लगकर गोविंद फूट-फूटकर रोने लगे। अपनी बहन पर लगे हत्या के आरोप को लेकर गोविंद ने कहा कि यदि वह दोषी है तो उसे फांसी की सजा होनी चाहिए। हालांकि, उन्होंने राज के साथ सोनम के प्रेम संबंध या इसकी जानकारी होने से इनकार किया।

यूपी से सिक्किम गए जोड़े का 13 दिन से कोई सुराग नहीं

प्रतापगढ़। शादी के बाद हनीमून पर सिक्किम गए प्रतापगढ़ के नवदंपती का 13 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। उधर, बेटे कौशलेंद्र और बहू अंकिता की तलाश में सिक्किम गए पिता शेर बहादुर भी रिश्तेदारों के साथ मंगलवार शाम को घर वापस आ गए हैं। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रतापगढ़ जिले के उदयपुर के राहाटीकर के रहने वाले भाजपा नेता उम्मेद सिंह के भतीजे कौशलेंद्र और बहू अंकिता सिंह 24 मई को हनीमून मनाने के लिए सिक्किम गए थे। उत्तर सिक्किम के मंगन जिला के चुंगथाग इलाके में एक टूरिस्ट वाहन से घूमकर वापस गंगटोक होटल में 29 मई की रात आ रहे थे।

खाटूश्याम मंदिर से किया गया था अगवा

3 साल का मासूम मथुरा में मिला, बच्चे को प्रधान को सौंपकर भाग गया आरोपी

एजेंसी ⏭ सीकर

राजस्थान के प्रसिद्ध खाटूश्याम मंदिर परिसर से अपहृत तीन वर्षीय बच्चा रक्षम यूपी में मिल गया। अपहरण करने वाला युवक बच्चे को सीकर से ट्रेन से उत्तर प्रदेश के मथुरा स्थित अपने गांव स्यारहा ले गया। बच्चे को स्यारहा में छिपा रखा था। पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। यह जांच कर रहे हैं कि अपहरण के पीछे मंशा आपराधिक थी या कोई अन्य कारण। पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने बताया कि आरोपी की पहचान सतीश पुत्र मान सिंह के रूप में हुई है। वह गांव में मजदूरी करता है और अविवाहित है। पुलिस के मुताबिक प्रधान की सतर्कता से सफलता मिली। स्यारहा में आरोपी सतीश बच्चे को लेकर पहुंचा तो गांव के प्रधान को संदेह हुआ। प्रधान ने बच्चे को देखकर खाटू पुलिस से संपर्क किया और वीडियो कॉल पर बच्चा दिखाया।

पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया

दीदी, आप परेशान हो रही हो, बच्चा मुझे दे दो

खाटूश्यामजी थाने में रिपोर्ट में कहा गया कि रक्षम मां ललिता जाटव व नानी आशा अहिरवार के साथ भोपाल से 6 जून को खाटूश्यामजी के दर्शन को आया था। जयपुर स्टेशन पर उन्हें 25-30 साल का युवक मिला। उसने खुद को श्रद्धालु बताया और दर्शन के लिए साथ चलने की बात कही। मंदिर में एकादशी के दिन भारी भीड़ थी। बच्चा तबीयत खराब होने से रोने लगा तो युवक ने गोद में लेकर कहा कि दीदी आप दर्शन करके आओ, मैं बच्चे को संभाल लूंगा। विश्वास में आकर मां ने बच्चा उसके हवाले कर दिया।

महिला की हालत गंभीर

पत्नी को जिंदा जलाने की कोशिश, पुलिस ने बचाया

ग्वालियर। यहां एक युवक ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पास में ही तैनात ट्रैफिक पुलिस के एक जवान ने तत्काल आग बुझाई। इस दौरान उसके दोनों हाथ झुलस गए। इधर, पकड़े जाने पर आरोपी पति ने खुद पर भी पेट्रोल उड़ेल लिया। घटना बुधवार दोपहर में अलकापुरी तिराहा की है। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला करीब 30 प्रतिशत झुलस गई है।

■ पुलिसकर्मियों ने आग बुझाकर आरोपी को पकड़ा

मैहर में बड़ा सड़क हादसा

भाजपा नेता पुरुषोत्तम की मौत, पांच गंभीर

मैहर। शहर के भाजपा नेता पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम चौरसिया (55) की सड़क हादसे में मौत हो गई। परिवार के पांच सदस्य घायल भी हुए हैं। सभी लोग अपने परिवार की महिला का प्रयागराज में अंतिम संस्कार कर वापस आ रहे थे। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात 3 बजे उनकी एंबुलेंस अमरपाटन बाईपास पर अनियंत्रित होकर नाले में पलट गई। चौरसिया की चाची और लवकुश चौरसिया की मां का मंगलवार को निधन गया था।

■ चाची का अंतिम संस्कार कर लौट रहे थे

आयुष मंत्रालय ने दी जानकारी

योग संगम पोर्टल पर हो गए हैं 50 हजार से अधिक पंजीकरण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आयुष मंत्रालय ने बताया कि देशभर के 50,000 से अधिक संगठनों ने योग संगम का हिस्सा बनने के लिए पंजीकरण कराया है। यह सामूहिक भागीदारी का नया रिकॉर्ड है। योग संगम का आयोजन 21 जून को सुबह 6 बजकर 30 मिनट से 7 बजकर 45 मिनट तक आयोजित होगा। इस साल का थीम 'योग वन अर्थ, वन हेल्थ' है, जो एकता और स्वास्थ्य के लिए दुनिया को संदेश देता है।

अनुशासन की 'लक्ष्मण रेखा' लांघने पर की गई कार्रवाई

दिग्विजय के अनुज लक्ष्मण सिंह को कांग्रेस ने दिया 6 साल का 'वनवास'

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के अनुज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह को अंततः पार्टी ने 6 साल के वनवास की सजा सुना दी। उनके खिलाफ यह कार्रवाई पार्टी अनुशासन की लक्ष्मण रेखा लांघने के कारण हुई है।

पहलगाम के आतंकी हमले के बाद लक्ष्मण ने एक बयान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, उनके बहनोई राबर्ट बाड्रा और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को कठघरे में खड़ा कर दिया था। इसके लिए कांग्रेस ने नोटिस जारी 10 दिन के अंदर जवाब मांगा था।

राहुल, राबर्ट और उमर को खड़ा किया था कठघरे में

सत्य का आईना दिखाते थे लक्ष्मण: वीडी शर्मा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने देवास में कहा कि यह कांग्रेस संगठन का निर्णय है। इसमें मुझे कुछ कहने की जरूरत नहीं है, लेकिन लक्ष्मण सिंह कभी-कभी कांग्रेस को सत्य का आईना दिखाते रहते हैं। भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि मैं लक्ष्मण सिंह के भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं देता हूं और ये भी कहता हूं कि आप अपनी लाइन को मत छोड़िएगा।

अमरनाथ यात्रा ड्यूटी पर जा रहे थे

बीएसएफ जवानों को जर्जर ट्रेन दी, रेलवे के चार अधिकारी नपे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमरनाथ यात्रा में ड्यूटी के लिए जा रहे बीएसएफ के 1200 से जवानों को रेलवे की ओर से खस्ताहाल ट्रेन दी गई थी। ट्रेन का हाल देखकर जवानों ने उसमें चढ़ने से इनकार कर दिया था। रेल मंत्री ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए चार अधिकारियों पर कार्रवाई की है। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को कैबिनेट की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बताया कि खराब रैक देने के मामले में रेलवे के चार अधिकारी सस्पेंड कर दिए गए हैं। यह स्पेशल ट्रेन छह जून को बीएसएफ जवानों को लेकर त्रिपुरा के उदयपुर रेलवे स्टेशन से जम्मू तवी स्टेशन के लिए रवाना होनी थी। रैक बदलने के साथ ही इस गलती के लिए जिम्मेदार अलीपुरद्वार मंडल के चार अधिकारी निलंबित कर दिए गए हैं। एनएफ रेलवे मालेगांव गुवाहाटी ने यह ट्रेन उपलब्ध कराई थी। बीएसएफ आईजी गुवाहाटी फ्रंटियर की ऑपरेशन ब्रांच द्वारा एनएफ रेलवे मालेगांव गुवाहाटी (असम) से एक स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था करने का आग्रह किया गया था। अब उन्हें दूसरी ट्रेन दी गई है। नई ट्रेन मंगलवार को रवाना कर दी गई है।

■ 1200 जवान जा रहे थे, ट्रेन में चढ़ने से कर दिया था इंकार

यह फैसला ये सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि तत्काल योजना का लाभ आम यूजर्स को मिल सके

रेलवे टिकट एजेंट भी अब तत्काल टिकट बुकिंग ओपन होने से पहले 30 मिनट तक टिकट बुक नहीं कर पाएंगे

आधार वेरिफिकेशन के बिना बुक नहीं होगा तत्काल टिकट, 1 जुलाई से यह नियम लागू

- एसी क्लास के लिए यह समय सुबह 10:00 बजे से 10:30 बजे तक
- नॉन-एसी क्लास के लिए सुबह 11:00 बजे से 11:30 बजे तक रहेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रेलवे मंत्रालय की ओर से बुधवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए कहा गया है कि अब बिना आधार प्रमाणीकरण के यूजर तत्काल ट्रेन टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। मंत्रालय की ओर से साफ किया गया कि टिकट बुकिंग को लेकर ये बड़ा बदलाव 1 जुलाई 2025 से लागू कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि बीते दिनों रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने एक्स पर पोस्ट के जरिए जल्द नियम लागू होने की बात कही थी।

ट्रेन चलने से 24 घंटे पहले चार्ट होगा जारी

नए नियम के मुताबिक रेलवे ट्रेन खुलने से 24 घंटे पहले ही चार्ट जारी करने की योजना बना रहा है। अभी ट्रेन खुलने से सिर्फ 4 घंटे पहले पता चलता है कि आपकी सीट पक्की हुई या नहीं।

बीकानेर डिवीजन में शुरू हुई योजना

यह योजना अभी राजस्थान के बीकानेर डिवीजन में 6 जून से शुरू की गई है। एक अधिकारी ने कहा कि हम कुछ और हफ्तों तक इसे चलाकर देखेंगे। इससे पता चलेगा कि कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। नए नियम का उन लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा जो आखिरी समय में यात्रा करने की योजना बनाते हैं और तत्काल टिकट बुक करते हैं।

3 राज्य के 7 जिलों को मोदी सरकार ने दी सौगात

6400 करोड़ के रेलवे प्रोजेक्ट से और बढ़ेगी लोगों की 'रफ्तार'

झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में होंगे कार्य, टिकाऊ और कुशल रेल प्रचालन को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के 7 जिलों को शामिल करते हुए भारतीय रेल की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। केंद्र सरकार के अनुसार इन पहलों से यात्रा सुविधा में सुधार होगा, लॉजिस्टिक लागत घटेगी, कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में गिरावट आएगी, जिससे टिकाऊ और कुशल रेल प्रचालन को बढ़ावा मिलेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी

कोडरमा-बरकाकाना मल्टीट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कोडरमा से बरकाकाना के बीच 133 किमी की डबल लेन को मंजूरी मिल गई है, जिसकी लागत 3,063 करोड़ है। इससे पटना और रांची के बीच की दूरी कम हो जाएगी। यह कोडरमा, चतरा, हजारीबाग और रामगढ़ जिलों को अच्छी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।झारखंड में भारतीय रेलवे की कोडरमा-बरकाकाना मल्टीट्रैकिंग परियोजना पर रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि विशेषज्ञों की गणना के अनुसार इस परियोजना से कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा 7 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर होगी। इससे देश में सालाना 32 करोड़ लीटर डीजल की बचत भी होगी। इससे 938 गांवों और 15 लाख की आबादी को लाभ होगा। यह 30.4 मिलियन टन अतिरिक्त माल ले जा सकती है, जो सड़क मार्ग से माल भेजने के विपरीत पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी अच्छा साबित होगा।

बल्लारी-चिकजाजुर मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट को स्वीकृति

केंद्र सरकार ने कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भारतीय रेलवे की बल्लारी-चिकजाजुर मल्टीट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दी है। इसे डबल लेन किया जाएगा, जिससे मंगलौर पोर्ट से कनेक्टिविटी अच्छी हो जाएगी। इसे लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के तहत 185 किमी रेलवे लाइन को डबलिंग किया जाएगा, जिसमें 3,342 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

इससे निर्बाध कनेक्टिविटी बढ़ेगी

ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है। ये लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों को शामिल करने वाली ये दो परियोजनाएं भारतीय रेल के विद्यमान नेटवर्क को लगभग 318 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। अनुमोदित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 1,408 गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ाएगी, जिनकी आबादी लगभग 28.19 लाख है। कोयला, लौह अयस्क, परिष्कृत इस्पात, सीमेंट, उर्वरक, कृषि वस्तुओं और पेट्रोलियम उत्पादों आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए ये आवश्यक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 49 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) का अतिरिक्त माल यातायात होगा।

लॉजिस्टिक्स लागत में लगभग 4 फीसदी की कमी आई

रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि पीएम मोदी के ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के दौरान, परिवहन और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। आईआईएम बैंगलोर और आईआईएम कलकत्ता के हालिया अध्ययन से पता चलता है कि परिवहन में निवेश से देश की लॉजिस्टिक्स लागत में लगभग 4 फीसदी की कमी आई है।

खबर संक्षेप

नर्सिंग कॉलेज के छात्र ने की आत्महत्या

नवी मुंबई। यहां स्थित एक नर्सिंग कॉलेज के छात्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि कॉलेज की प्रधानाचार्या ने छात्र को अपमानित किया था और उसके खिलाफ जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया था। पुलिस ने आरोपी प्रधानाचार्या के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राचार्य पर छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा है।

पीएम मोदी ने संत कबीर को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संत कबीर दास की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कबीर दास को सामाजिक सद्भाव और सुधार के लिए उनके आजीवन समर्पण को याद किया। सामाजिक समरसता के प्रति आजीवन समर्पित रहे कबीरदास को मेरा कोटि-कोटि नमन। उनके दोहों में सरलता, भावों की प्रगाढ़ता है।

जासूसी मामले में ज्योति की जमानत खारिज

हिसार। यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से जुड़ी बड़ी खबर है। जासूसी मामले मे लगे आरोप में ज्योति की जमानत याचिका खारिज हुई है। ज्योति के वकील कुमार मुकेश ने जमानत याचिका लगाई थी। जासूसी के मामले में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा को हिसार कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हिसार कोर्ट ने ज्योति मल्होत्रा को जमानत देने से इंकार किया है।

इथेनॉल ब्लेंडिंग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था बढ़ी

नई दिल्ली। मोदी सरकार द्वारा शुरू किए गए इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम से किसानों को काफी फायदा हो रहा है और सीधे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पैसा जा रहा है। ग्रेन स्पैन न्यूट्रिएंट्स के सीईओ मनोज खंडेलवाल ने यह बयान दिया। खंडेलवाल ने कहा कि मोदी सरकार की इंडस्ट्री-फ्रेंडली नीतियों के कारण 12 वर्षों में हमने गुजरात में फुटप्रिंट में वृद्धि की हैं।

केरल-गुजरात के बाद दिल्ली में बढ़ा कोरोना

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मरीजों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। केरल और गुजरात के बाद दिल्ली में कोरोना के सबसे ज्यादा सक्रिय मरीज है। कोरोना मरीजों का आंकड़ा 750 को पार कर गया है। बढ़ते सक्रिय मरीजों के आंकड़े के साथ दिल्लीकोरोना के मामलों में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। प्रिछले 24 घंटे में कोरोना के 66 नए मरीज मिले।

सीईसी ज्ञानेश ने स्टॉकहोम में अंतरराष्ट्रीय चुनावी साख सम्मेलन में कहा

भारत की चुनाव प्रक्रिया दुनिया में उत्कृष्ट मजबूती, पारदर्शिता और विविधता से भरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली स्टाकहोम

भारत में चुनाव प्रक्रिया को बताया दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक गतिविधि

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्वीडन के स्टॉकहोम में हुए अंतरराष्ट्रीय चुनावी साख सम्मेलन में भारत की चुनाव प्रणाली की मजबूती, पारदर्शिता और विविधता को वैश्विक मंच पर रेखांकित किया। यह सम्मेलन इंटरनेशनल आइडिया संस्था द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 50 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।उन्होंने बताया कि भारत में चुनाव प्रक्रिया दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक गतिविधि है। 2024 के आम चुनाव में लगभग 98 करोड़ मतदाता थे, 10.5 लाख मतदान केंद्र बनाए गए और 62 लाख ईवीएम मशीनें इस्तेमाल की गईं। चुनाव आयोग ने 743 राजनीतिक दलों के 20,271 उम्मीदवारों के साथ चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न किया ।इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की सक्रिय और अग्रणी भूमिका को वैश्विक चुनाव प्रबंधन समुदाय ने सराहा है।

50 देशों के चुनाव प्रबंधन निकाय रहे शामिल

से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया

चुनाव दलों मीडिया की निगरानी में हो रहे

ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत में चुनाव राजनीतिक दलों, मीडिया, पर्यवेक्षकों और पुलिस की निगरानी में होते हैं। इस दौरान लगभग 2 करोड़ से अधिक कर्मचारी तैनात रहते हैं, जिससे यह दुनिया की सबसे बड़ी कार्यबल वाली संस्था बन जाती है।

हर मतदाता की भागीदारी हो रही सुनिश्चित

उन्होंने कहा कि भारत हर मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करता है। चाहे वह पहली बार वोट देने वाला हो, वरिष्ठ नागरिक हो, दिव्यांग हो या दुर्गम क्षेत्र में रहने वाला हो। सम्मेलन के दौरान उन्होंने 12 देशों के चुनाव आयुक्तों से द्विपक्षीय चर्चा भी की। इन बैठकों में प्रवासी मतदान, चुनावी तकनीक और संस्थागत सहयोग जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

भारत की मतदाता सूची प्रक्रिया दुनिया की सबसे पारदर्शी प्रणाली

उन्होंने भारत की मतदाता सूची प्रक्रिया को दुनिया की सबसे पारदर्शी प्रणाली बताया। 1960 से हर वर्ष राजनीतिक दलों के साथ मतदाता सूची साझा की जाती है, जिसमें दावे, आपत्तियां और अपील की पूरी प्रक्रिया होती है।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग को जरूरी बताया

मंगलवार को सीईसी ज्ञानेश कुमार ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में प्रमुख भाषण दिया। उन्होंने चुनावी निष्पक्षता, पारदर्शिता और नवाचारों पर भारत की भूमिका को साझा करते हुए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को जरूरी बताया।

प्रमुख द्विपक्षीय बैठकें

सीईसी ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयोगों के प्रमुखों और अधिकारियों से मुलाकात की

- **मैक्सिको:** मारिसा अलीन कैब्राल पोर्चास (अंतरराष्ट्रीय मामलों की समन्वयक) और नॉर्मा इरीन डे ला क्रूज़ (इलेक्टोरल काउंसलर), नेशनल इलेक्टोरल इंस्टीट्यूट
- **इंडोनेशिया :** मोचम्मद अफीफुद्दीन, चेयरपर्सन, जनरल इलेक्शन कमीशन
- **मंगोलिया:** पूर्वी डेल्गनरिन, चेयरपर्सन, जनरल इलेक्शन कमीशन
- **दक्षिण अफ्रीका :** साइमन मोएप्या, चेयरपर्सन, इलेक्टोरल कमीशन
- **स्विट्ज़रलैंड :** हांसपीटर वीस, नीति सलाहकार, स्विस एजेंसी फॉर डेवलपमेंट एंड कोऑपरेशन
- **मोल्दोवा :** एंजेलिका कारामान (चेयरपर्सन) और पावेल पोस्टिका (डिप्टी चेयरपर्सन), सेंट्रल इलेक्शन कमीशन
- **लिथुआनिया :** डेरियस गैजॉस्कस, प्रमुख, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, सेंट्रल इलेक्टोरल कमीशन
- **मॉरिशस :** अब्दुल्ल रहमान मोहम्मद इरफान, इलेक्टोरल कमिश्नर
- **संयुक्त राजशाही :** विजय रंगराजन, चीफ एग्जीक्यूटिव, इलेक्टोरल कमीशन ऑफ यूके
- **जर्मनी :** अन्ना-कारिना एल्बर्ट (प्रमुख) और सुश्री क्लाउडिया इसफोर्ट (सहायक प्रमुख), फेडरल रिटर्निंग ऑफिसर का कार्यालय
- **यूक्रेन :** ओलेह डिडेंको (चेयरपर्सन) और विताली प्लुकार (डिप्टी चेयरपर्सन), सेंट्रल इलेक्शन कमीशन
- **क्रोएशिया :** द्राजेंको पांडेक, स्टेट इलेक्टोरल कमीशन ऑफ द रिपब्लिक ऑफ क्रोएशिया

कर्नाटक में फिर जाति गणना पर बोले सीएम

ये हमारा फैसला नहीं शीर्ष नेतृत्व का आदेश

3 महीने में फिर किया जाएगा सर्वे

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को कहा कि राज्य में जाति जनगणना कराने का फैसला उनकी सरकार का नहीं है बल्कि पार्टी नेतृत्व का है। मीडिया से बात करते हुए सीएम ने कहा कि जाति गणना को लेकर कुछ शिकायतें मिली हैं। जाति जनगणना को हुए 10 साल बीत चुके हैं और अब यह पुराना हो गया है। ऐसे में जल्द ही फिर से जाति गणना कराई जाएगी। संयोग से अहमदाबाद में एआईसीसी अधिवेशन के दो दिन बाद सिद्धारमैया ने मंत्रिमंडल के सामने सामाजिक आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण की रिपोर्ट रखी है, तब से कर्नाटक में राजनीतिक उबाल मचा हुआ है। इसके साथ ही पार्टी और मंत्रिमंडल में इस मुद्दे पर टकराव की स्थिति है। मंगलवार को कांग्रेस नेतृत्व ने सिद्धारमैया सरकार से 2015 की पहली छमाही में किए गए सर्वेक्षण को 'सैद्धांतिक' मंजूरी देने तथा तीन महीने के भीतर नए सिरे से गणना करने को कहा है।

गणना पारदर्शी तरीके से : डीके

इससे पहले 10 जून को कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि जाति जनगणना फिर से कराई जाएगी क्योंकि कुछ समुदायों ने जाति जनगणना के आंकड़ों पर सवाल उठाए हैं। डीके शिवकुमार ने कहा कि जाति जनगणना के डेटा की सटीकता को लेकर कुछ चिंताएं उभरी हैं, जिसके बाद जाति जनगणना फिर से कराई जाएगी और घर-घर जाकर और ऑनलाइन सर्वे किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से होगी।

2015 की रिपोर्ट पर उठे सवाल

शिवकुमार ने बताया कि 12 जून को होने वाली कैबिनेट बैठक में जाति गणना की योजना पर चर्चा होगी। सरकार सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ये भी कहा कि कर्नाटक सरकार एससी और एसटी समुदाय का बीते दो महीने से सर्वे करा रही है। जाति जनगणना में अभी लंबा समय लगेगा और इस पर अगली कैबिनेट बैठक में फैसला होगा। सिद्धारमैया सरकार में साल 2015 में भी जाति जनगणना कराई गई थी, लेकिन वोक्कालिगा और लिंगायत समुदाय के दबाव में इसकी रिपोर्ट जारी नहीं की गई थी। 2015 की रिपोर्ट कैबिनेट में पेश होने से पहले ही लीक हो गई थी।

टिहरी-घनसाली मार्ग पर हादसा

गुजरात के 35 यात्रियों से भरी बस पलटी, 3 गंभीर अस्पताल में भर्ती

एजेंसी ▶▶ टिपरी

नई टिहरी-घनसाली मोटर मार्ग पर एक बस के पलटने की सूचना से हड़कंप मच गया। दुर्घटना टिपरी के समीप हुई, जहां अचानक बस सड़क पर पलट गई। बस में सवार यात्रियों की संख्या और उनकी स्थिति को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। नई टिहरी-घनसाली मोटर मार्ग पर टिपरी से करीब 1.5 किमी आगे डबा खाले नामे तोके स्थान पर एक बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। सभी यात्री गुजरात के निवासी बताए जा रहे हैं। बस उत्तरकाशी से केदारनाथ जा रही थी।

करीब 15 यात्रियों को हल्की चोटें आई

स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ और एक टीम को घटनास्थल पहुंची। बस में लगभग 35 यात्री सवार थे। दुर्घटना में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें एक पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल हैं। इन्हें 108 एंबुलेंस सेवा की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नंदगांव भेजा गया है। करीब 15 यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं।

सीनियर सिटीजन सोसाइटी में लापरवाही

45 मिनट तक 6 लोग लिफ्ट में फंसे, गेट तोड़कर निकाला

एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा

यहां के पी-4 स्थित सीनियर सिटीजन सोसाइटी में रविवार देर रात लिफ्ट में एक ही परिवार के 6 लोग करीब 45 मिनट तक फंसे रहे। डायल-112 पर सूचना मिलते ही बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र की पुलिस रिस्पांस व्हीकल मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़कर लिफ्ट में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सोसाइटी में मेरठ निवासी मुकेश कुमार के बेटे रहते हैं। मुकेश परिवार समेत वृंदावन से दर्शन करने के बाद रविवार सुबह सोसाइटी पहुंचे थे। रविवार देर रात वे मेरठ जाने के लिए सपरिवार निकल रहे थे। दूसरी मंजिल से नीचे आने के लिए लिफ्ट में सवार हुए। यहीं रहकर पढ़ाई करने वाले बेटे के फ्लैट में रुक गए थे।

प्रियंका को केरल हाईकोर्ट ने जारी किया समन

तिरुवनंतपुरम। केरल हाईकोर्ट ने भाजपा नेता नव्या हरिदास द्वारा दायर एक चुनावी याचिका पर संज्ञान लेते हुए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को समन जारी किया है। 2024 में प्रियंका ने वायनाड उपचुनाव में नव्या हरिदास को हराकर जीत दर्ज की थी। प्रियंका के खिलाफ दायर इस याचिका में 2024 में उपचुनाव के परिणामों को चुनौती दी गई है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म. प्र.)

NIT NO. 14/2025/Centralized Tender/G/CE(B) JABALPUR, DATED- 09.06.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित लागत पी.ए.सी राशि रुपए में	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समय-सीमा	वाहन की संख्या	निविदा आमंत्रण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2025_PWPIU_429832_1	निर्माण कार्यों के निरीक्षण हेतु स्कॉरपियो या समकक्ष वाहन कार्यपालन यंत्री (भवन), कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग हेतु प्रदाय बावत। (छठवां आमंत्रण)	660000/-	13200/-	2000/-	24 माह	01 नग	(छठवां आमंत्रण)
2	2025_PWPIU_429834_1	निर्माण कार्यों के निरीक्षण हेतु बोलेरो, टीयूवी या समकक्ष वाहन सहायक यंत्री (भवन), (सिविल), कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग हेतु प्रदाय बावत। (छठवां आमंत्रण)	552000/-	11040/-	2000/-	24 माह	01 नग	(छठवां आमंत्रण)
			1212000.00	24240.00	4000.00		02 Nos	

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किए जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा ।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 11.06.2025 समय 9.00 बजे से दिनांक 25.06.2025, समय 18.00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किए जाएंगे, पृथक से सामाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री (भवन),
लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म. प्र.)

G-14223/25 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स) संभाग कटनी (म. प्र.)

E-mail- eepwdkatni@mp.nic.in Phone No. 07622-224277

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 05/व.ले.लि./2025-26/ निविदा आमंत्रण सूचना कटनी, दिनांक 11/06/2025

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अन्तर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.12.2020 एवं 01.01.2024 समस्त संशोधन सहित (भवन) तथा दिनांक 15.09.2022 एवं दिनांक 25.03.2022 11.04.2025 (सड़क) कार्य हेतु निविदायें आनलाईन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड सेल आनलाईन https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें सम्बन्धित कार्यालय में टेण्डर टाईम शैडयूल के अनुसार खोली जावेगी ।

क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	जिला	एस. ओ. आर.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में)	कार्य की अमानत राशि प्रतिशत	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्यपूर्ण करने की संभावित तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2025_PWDRB_429935_1	कटनी	11.04.25	सड़क	स्लीमनाबाद विलायतकला मार्ग के कि.मी. 32 / 10 एवं 67 / 8, मोहला हरदुआ उमरियापान मार्ग के कि.मी. 13/2, 13/4 व 15 / 2, स्लीमनाबाद बंधी सैलारपुर पौनिया मार्ग के चैनेज क्रमांक 14320 से 15700 में हयूम पाईप पुलिया में सुदृढ़ीकरण एवं रेस्टोरेशन कार्य।	प्रथम	68.67	68670.00	10000.00	07 माह वर्षा काल सहित
2	2025_PWDRB_429936_1	कटनी	25.03.22	सड़क	परफारमेंस गारंटी के अन्तर्गत सैलारपुर पौनिया मार्ग लंबाई 5.20 कि.मी. मार्ग का मरम्मत कार्य अनुबन्ध क्रमांक 52 / डी. एल / 2017-18 ठेकेदार मेसर्स सजल राय	द्वितीय	33.20	50000.00	5000.00	03 माह वर्षा काल सहित
3	2025_PWDRB_430171_1	कटनी	11.04.25	सड़क	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक 2 कटनी के अन्तर्गत मार्गो में मरम्मत कार्य	प्रथम	19.42	38840.00	2000.00	06 माह वर्षा काल सहित
					योग		121.29			

निविदा की कुल अनुमानित राशि रुपए 121.29 लाख (एक करोड़ इक्कीस लाख उन्तीस हजार मात्र)
उपरोक्त वेवसाईट में आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 20.06.2025 सांय 17.30 बजे तक निर्धारित है । ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी एवं अन्य दस्तावेज केवल आनलाईन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग कटनी

G-14224/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत के अविश्वसनीय 11 साल

दक्षिण कोरिया में रह रहे प्रवासी बोले- पूरी दुनिया में गूंज रहा भारत का नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया में रह रहे प्रवासी भारतीयों ने नरेंद्र मोदी को बतौर प्रधानमंत्री 11 साल पूरे होने पर बधाई दी। भारतीय प्रवासियों ने भारत की बढ़ती व्यावसायिक क्षमता और दुनियाभर के देशों के साथ मजबूत होते संबंधों की भी प्रशंसा की। भाजपा-एनडीए सरकार के 11 साल पूरे होने पर एक प्रवासी भारतीय महिला ने कहा कि आज किसी भारतीय को अपना परिचय देने की जरूरत नहीं है, हमारा नाम अब पूरी दुनिया में गूंज रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने वैश्विक मंच पर भारत की पहचान को मजबूती से स्थापित किया है। हम शांति के प्रतीक हैं, लेकिन समय आने पर हम अदम्य साहस भी दिखा सकते हैं।

कोरियाई व्यवसायी ने द्विपक्षीय संबंधों की प्रशंसा की

कोरियाई व्यवसायी ह्यून ही चोई ने भारत की बढ़ती व्यावसायिक क्षमता और बेहतर होते द्विपक्षीय संबंधों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पिछले 20 सालों में भारत में काफी बदलाव आए हैं। 20 साल पहले भारत की अर्थव्यवस्था, तकनीक, और बुनियादी ढांचा आज की तुलना में कम विकसित था। उस समय मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग सीमित था और विदेशी निवेश भी आज जितना नहीं था। भाजपा सरकार के पिछले 11 सालों में, खासकर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई क्षेत्रों में प्रगति की है।

भारत ने दुनिया को अपनी ताकत दिखाई

एक अन्य प्रवासी महिला ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत की अविश्वसनीय यात्रा, जी-20 में नेतृत्व से लेकर चंद्रयान-3 के साथ अंतरिक्ष अन्वेषण, यूपीआई जैसे डिजिटल नवाचारों तक, उल्लेखनीय रही है। हम एनआरआई ने वैश्विक मंच पर भारत के उत्थान को गर्व के साथ देखा है। यह केवल स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छता में प्रगति के बारे में नहीं है बल्कि जलवायु कार्रवाई से लेकर तकनीकी प्रगति तक, भारत ने दुनिया को दिखाया है कि वह क्या करने में सक्षम है।

खबर संक्षेप

अहमदाबाद में फिनलैंड का वाणिज्य दूतावास खुला

अहमदाबाद। फिनलैंड ने गुजरात के अहमदाबाद में नए मानद

वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इससे फिनलैंड और गुजरात के बीच व्यापार, निवेश और जानकारियों का आदान-प्रदान बढ़ने की उम्मीद है। गुजरात कारोबार जगत की नामी गिरामी शख्सियत कुलिन लालभाई को फिनलैंड का मानद वाणिज्यदूत नियुक्त किया गया है। वे आपसी आर्थिक रिश्तों को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। वहीं भारत में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहदेविर्ता ने गांधीनगर में सीएम भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की।

फ्रांस में बच्चों के लिए बैन होगा सोशल मीडिया

नई दिल्ली। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संकेत दिए हैं कि

15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर आने वाले महीनों में यूरोपीय संघ (ईयू) इस पर कोई कदम नहीं उठाता, तो फ्रांस खुद इस दिशा में सख्त कानून बनाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ती हिंसा की संस्कृति को बढ़ावा देने में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की अनियंत्रित पहुंच एक बड़ी वजह बन रही है। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म्स के पास उम्र की पुष्टि करने की तकनीक है, उन्हें इसका इस्तेमाल करना चाहिए।

पूर्व राष्ट्रपति को 6 साल की सजा बरकरार

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज की

भ्रष्टाचार के जुर्म में छह साल की जेल की सजा बरकरार रखी। इसके साथ ही उन्हें किसी भी सार्वजनिक पद पर काबिज होने से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। यह फैसला 'पेरोनिज्म' विचारधारा की प्रमुख नेता फर्नांडीज के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, जो पिछले दो दशकों में अर्जेंटीना की राजनीति की सबसे प्रभावशाली शख्सियतों में से एक रही हैं। अदालत के इस निर्णय के बाद उन पर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है।

पर्यटकों से भरी बस खाई में गिरी, 5 की मौत

नैरोबी। 28 भारतीय पर्यटकों की बस केन्या में खाई में गिर गई। हादसे

में पांच भारतीयों की मौत हो गई। ये सभी सभी दक्षिण भारतीय थे और कतर में रह रहे थे और यहां छुट्टियां मनाने आए थे। हादसा न्यांदारुआ काउंटी में ओल जोरोरोक-नाकुरू रोड पर हुआ। हादसे में घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण हादसे के बाद नैरोबी स्थित भारतीय उच्चायोग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। कतर स्थित दूतावास ने बताया कि वे पीड़ितों के संपर्क में हैं।

एग्जियोम-4 का प्रक्षेपण स्थगित

फाल्कन-9 में आई तकनीकी खराबी, तारीख का ऐलान नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला सहित तीन अन्य लोगों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) लेकर जाने वाले अंतरिक्ष यान एग्जियोम-4 का प्रक्षेपण फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। स्पेसएक्स ने यह ऐलान किया। स्पेसएक्स ने बताया कि पोस्ट स्टैटिक फायर बूस्टर के निरीक्षण के दौरान फाल्कन-9 रॉकेट में ऑक्सीजन लीक की समस्या पाई गई। जिसकी मरम्मत के लिए इंजीनियरों ने और समय मांगा है। ऐसे में प्रक्षेपण को फिलहाल टाल दिया गया है।

चौथी बार टला प्रक्षेपण

बता दें, यह चौथी बार है जबकि यह बहुप्रतीक्षित मिशन टल गया है। सबसे पहले इसकी लॉन्चिंग की तारीख 29 मई तय की गई थी, फिर इसे बढ़ाकर 8 जून कर दिया गया। प्रक्षेपण की तारीख में बदलाव करके 10 जून को 5.30 बजे कर दिया गया। फिर 10 जून से पहले ही नौ जून को भी मिशन को 11 जून तक टाल दिया गया था। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन की ओर से जारी बयान में कहा गया था कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले यान एग्जियोम-4 मिशन का प्रक्षेपण 10 के बदले 11 जून 2025 तक स्थगित कर दिया गया है।

अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे शुक्ला

इस महत्वाकांक्षी अभियान के तहत भारत जल्द ही ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाला है। भारत के शुभांशु शुक्ला अब अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बनने वाले हैं। इतना ही नहीं, वे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में पहुंचने वाले पहले भारतीय होंगे। इस मिशन को अमेरिका के अंतरिक्ष अभियानों से जुड़ी कंपनी एग्जियोम स्पेस और नासा के सहयोग से अंजाम दिया जा रहा है। साथ ही एलन मस्क की स्पेसएक्स इस मिशन में अहम भूमिका निभाएगी।

पाकिस्तान को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पश्चिमी देशों को फिर दो टूक

आतंकवाद किसी दिन आपको भी बड़ा नुकसान पहुंचाएगा

हर देश अपने अनुभव इतिहास और हितों के आधार पर निर्णय करता है

एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में जो टकराव हुआ, वह केवल दो पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष नहीं था, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी और यही आतंकवाद एक दिन पश्चिमी देशों को भी नुकसान पहुंचाएगा।

यह बात उन्होंने एक यूरोपीय समाचार वेबसाइट को बुधवार को दिए इंटरव्यू में कही। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की ओर से शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के एक महीने के बाद जयशंकर यूरोप के दौरे पर हैं।

उनसे भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में चार दिन तक चले संघर्ष के बारे में पूछा गया था। जयशंकर ने कहा कि मैं आपको कुछ याद दिलाना चाहता हूं, एक व्यक्ति था ओसामा बिन लादेन।

सोचिए, वह आखिर क्यों पाकिस्तान के एक सैन्य कस्बे में उसकी सैन्य अकादमी के ठीक बगल में वर्षों तक खुद को महसूस करता रहा? उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की भी पैरवी की और कहा कि भारत कुशल श्रमिक और चीन की तुलना में अधिक भरोसेमंद आर्थिक साझेदारी प्रदान करता है।

जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए कहा कि मीडिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को केवल दो परमाणु संपन्न पड़ोसियों की प्रतिक्रिया के रूप में दिखाया, जबकि यह असल में आतंकवाद के खिलाफ एक कार्रवाई थी।

बहुध्रुवीय दुनिया के साथ संबंध गहरे करना चाहता है भारत

कश्मीर में घुसपैठ पर पश्चिम देशों ने दिया था पाक का साथ

अपने अतीत पर नजर डालें पश्चिमी देश

जयशंकर ने कहा कि अगर वही देश जो तब टालमटोल कर रहे थे, अब आकर हमसे कहते हैं कि आइए, अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों पर बड़ी-बड़ी बातें करें, तो मुझे पूरा हक है कि मैं उनसे कहूं कि पहले अपने अतीत पर भी नजर डालें। उन्होंने कहा कि आज की बदलती भूराजनीति में बहु-ध्रुवीयता अब कोई भविष्य की बात नहीं रही। वह पहले से आ चुकी है। अब यूरोप को अपनी क्षमता के आधार पर और अपने वैश्विक संबंधों को ध्यान में रखते हुए अपने हित में निर्णय लेने की जरूरत है।

ईयू वैश्विक व्यवस्था का स्तंभ

विदेश मंत्री ने कहा कि मैं आज यूरोप में 'रणनीतिक स्वायत्तता' जैसे शब्द सुनता हूं, जो पहले हमारे शब्दकोश का हिस्सा थे। यूरोपीय संघ आज वैश्विक व्यवस्था का एक प्रमुख स्तंभ है और पहले से कहीं अधिक स्वतंत्र निर्णय लेने वाला बन चुका है और भारत इस बहु-ध्रुवीय दुनिया में उसके साथ संबंध और गहरा करना चाहता है। यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) के बारे में उन्होंने कहा कि भारत इसका विरोध नहीं कर रहा, लेकिन उसे इस पर गंभीर आपत्तियां हैं।

पश्चिमी मीडिया की भी आलोचना की

उन्होंने कहा मैं चाहता हूं कि दुनिया यह समझे कि यह केवल भारत-पाकिस्तान का मुद्दा नहीं है। यह आतंकवाद से जुड़ा मुद्दा है और वहीं आतंकवाद एक दिन आप लोगों (पश्चिमी देशों) के लिए भी समस्या बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए कहा कि मीडिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को केवल दो परमाणु संपन्न पड़ोसियों की प्रतिक्रिया के रूप में दिखाया, जबकि यह असल में आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई थी।

भारत के यूक्रेन के साथ भी मजबूत संबंध

उन्होंने कहा कि भारत के यूक्रेन के साथ भी मजबूत संबंध हैं। यह सिर्फ रूस तक सीमित नहीं हैं। लेकिन हर देश अपने अनुभव, इतिहास और हितों के आधार पर निर्णय करता है। भारत की सबसे पुरानी शिकायत यही रही है कि हमारी सीमाओं का उल्लंघन (देश की) आजादी के कुछ ही महीनों बाद हुआ।

जंग के मैदान से नहीं निकलेगा समाधान

रूस पर दुनिया की ओर से लगे प्रतिबंधों पर जयशंकर ने कहा कि भारत युद्ध को किसी समस्या का हल नहीं मानता। हम नहीं मानते कि युद्ध के जरिए मतभेदों को सुलझाया जा सकता है। हमें नहीं लगता कि समाधान जंग के मैदान से आएगा। यह हमारा काम नहीं है कि हम किसी समाधान को थोपें। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि हम न तो किसी पर अपनी राय थोप रहे हैं, न ही किसी की निंदा कर रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि हम पूरी तरह अलग-थलग हैं।

स्विट्जरलैंड में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले

इस साल सितंबर से एफटीए होगा लागू, दोनों देशों को मिलेगा फायदा, निवेश की बढ़ी संभावनाएं

एजेंसी ▶▶ बर्न

भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल स्विट्जरलैंड दौरे पर हैं जहां उन्होंने बताया कि भारत और स्विट्जरलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हाल ही में मुहर लगी है और सितंबर से यह समझौता लागू हो जाएगा। गोयल ने समझौते को लेकर कहा कि इससे दोनों देशों को फायदा होगा और भारत, स्विट्जरलैंड का विश्वसनीय सहयोगी बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि स्विट्जरलैंड में 100 अरब डॉलर का निवेश आने की उम्मीद है। स्विट्जरलैंड की 1500 से ज्यादा कंपनियां रिसर्च, प्रीसिशन, मैन्युफैक्चरिंग और इंजीनियरिंग के काम में लगी हुई हैं। इन कंपनियों को उपकरण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हैं। गोयल ने कहा कि मेरी यहां कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई, जो काफी अच्छी रही। दोनों देशों में कई क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं हैं, जिनमें अंतरिक्ष, इंजीनियरिंग और खाद्य प्रसंस्करण और कृषि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

भारत के पास दक्ष लोग, श्रम भी सस्ता

भारत को स्विट्जरलैंड की तकनीक से फायदा मिल सकता है। हमारे पास दक्ष लोग हैं हमारे यहां श्रम सस्ता भी है। भारत स्विट्जरलैंड का विश्वसनीय सहयोगी बनेगा। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ हमारी मंत्री स्तर की तीन बैठकें हो चुकी हैं और जल्द ही मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति बनने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के साथ भी जल्द बातचीत पूरी हो सकती है। अमेरिका के साथ भी चर्चा चल रही है और सितंबर 2025 तक इसके होने की उम्मीद है।

यूएस ने जुलाई के लिए वीजा बुलेटिन किया जारी

एम्प्लॉयमेंट के लिए ग्रीन कार्ड पाने के लिए इंतजार 3 से 12 वर्ष का हुआ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने जुलाई के लिए वीजा बुलेटिन जारी कर दिया है, जिसमें ग्रीन कार्ड को लेकर बड़े अपडेट दिए गए हैं। यूएस में काम करने वाले विदेशी वर्कर्स को सरकार स्थायी रूप से रहने के लिए ग्रीन कार्ड मुहैया कराती है। हालांकि, भारतीय वर्कर्स के लिए ग्रीन कार्ड का वेटिंग टाइम काफी ज्यादा है। इस बार ईबी-3 श्रेणी में तारीख थोड़ी आगे बढ़ी है, जिससे प्रोफेशनल्स, स्किल वर्कर्स और अन्य वर्कर्स के बीच परमानेंट रेजिडेंसी हासिल करने की उम्मीद जगी है। एम्प्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड में कुल मिलाकर पांच कैटेगरी हैं, जिन्हें ईबी-1, ईबी-2, ईबी-3, ईबी-4 और ईबी-5 के तौर पर जाना जाता है। ईबी-1 श्रेणी के लिए 'डेट फॉर फाइलिंग' 15 अप्रैल, 2022 है और 'फाइनल एक्शन डेट' 15 फरवरी, 2022 है, जिसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। ईबी-2 श्रेणी के लिए 'डेट फॉर फाइलिंग' 1 फरवरी, 2013 है, जबकि 'फाइनल एक्शन डेट' 1 जनवरी, 2013 है।

लॉस एंजिलिस हिंसा पर भड़के ट्रंप

बोले- हम इस शहर को आजाद कराकर रहेंगे, फिर से साफ और सुरक्षित बनाएंगे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

कैलिफोर्निया का लॉस एंजिलिस शहर इन दिनों हिंसा की चपेट में है। नेशनल गार्ड्स की तैनाती के बावजूद हिंसा काबू में नहीं आ रही है। मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति सेना की 250वें वर्षगांठ समारोह में शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्रपति ट्रंप लॉस एंजिलिस के प्रदर्शनकारियों पर जमकर भड़के और उन्होंने प्रदर्शनकारियों को जानवर और विदेशी दुश्मन तक कह दिया। साथ ही ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में सेना तैनाती के अपने फैसले का बचाव किया और लॉस एंजिलिस को आजाद करने की बात कही। ट्रंप ने लॉस एंजिलिस को कचरे का ढेर कहा और कहा कि लॉस एंजिलिस पर अपराधियों का कब्जा है।

चीन-अमेरिका व्यापार विवाद सुलझ रहा

लंदन। अमेरिका और चीन के बीच लंबे समय से चल रहा व्यापार विवाद अब सुलह की राह पर बढ़ चला है। लंदन में दोनों देशों के बीच हुई व्यापार वार्ता के बाद संकेत मिले हैं कि दोनों देश व्यापार विवादों को सुलझाने के लिए समझौते को क्रियान्वित करने के लिए एक रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। ली और चीन के वाणिज्य मंत्री वांग वेंटाओ, डिप्टी पीएम हे लिफेंग के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे।

वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

भारत में दो दशकों में घटी हिंदू आबादी बढ़े मुसलमान

50 मुल्कों में 90 प्रतिशत आबादी इस्लाम धर्म को मानने वालों की है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के अलावा पूरी दुनिया में सिर्फ एक देश और है जहां पर हिंदुओं की जनसंख्या 50 प्रतिशत से ज्यादा है या कह सकते हैं कि इन देशों में हिंदू बहुसंख्यक हैं। ये आंकड़ा बौद्ध बहुसंख्यक देशों की संख्या से भी कम है। अब मुस्लिम देशों की बात करें तो पूरी दुनिया के 48 मुल्क ऐसे हैं, जहां इस्लाम को मानने वाले बहुसंख्यक में हैं। साल 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की कुल आबादी 121 करोड़ थी, जिसमें से 97 करोड़ लोग हिंदू हैं, जो कुल आबादी के 79.8 प्रतिशत हैं। हिंदुओं के बाद सबसे ज्यादा आबादी मुसलमानों की है, जो 14.2 प्रतिशत है। 17.22 करोड़ लोग इस्लाम को मानते हैं। भारत की हिंदू आबादी में 2001 के मुकाबले 2011 में काफी गिरावट देखी गई। 2001 की जनगणना के अनुसार उस वक्त भारत की हिंदू आबादी 80.5 प्रतिशत थी और उससे पहले 1991 में 82.4 प्रतिशत हिंदू थे। इन दो दशकों में हिंदू आबादी में गिरावट देखी गई। मुसलमानों की बात करें तो 2001 में उनकी जनसंख्या कुल आबादी की 13.4 प्रतिशत थी और 1991 में 11.7 प्रतिशत थी।

32 देशों में मुस्लिम आबादी 90 प्रतिशत से ज्यादा

सिर्फ नेपाल हिंदू बहुसंख्यक

भारत के अलावा नेपाल वो देश है, जहां पर हिंदू बहुसंख्यक हैं। 2021 की जनगणना के अनुसार यहां के 81.19 प्रतिशत लोग हिंदू धर्म से हैं। नेपाल में बौद्ध, इस्लाम और ईसाई धर्म को मानने वाले भी रहते हैं, लेकिन जनगणना में देखा गया कि हिंदू और बौद्ध धर्म के लोगों की संख्या घट गई।

48 देशों में मुस्लिम बहुसंख्यक

अब मुस्लिम देशों की बात करें तो वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू के अनुसार दुनियाभर के 48 देशों की 50 प्रतिशत से ज्यादा आबादी इस्लाम को मानने वाली है। इनमें से 32 देश हैं, जहां की कुल आबादी में से 90 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम हैं, जबकि 9 मुल्कों की 99 प्रतिशत से भी ज्यादा आबादी इस्लाम को मानती है। 16 देशों की 95 से 98 प्रतिशत आबादी और 7 देश हैं जहां की 94 से 90 प्रतिशत जनसंख्या मुस्लिम है। 50 से 55 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले सिर्फ दो देश हैं। बाकी के दस देशों की कुल जनसंख्या में से 60 से 80 प्रतिशत लोग मुस्लिम हैं।

मॉरिशस में 48 प्रतिशत आबादी हिंदू

मॉरिशस में भी बड़ी संख्या में हिंदू आबादी रहती है, लेकिन यह सिर्फ 48 प्रतिशत ही है। बाकी के 32 प्रतिशत लोग ईसाई और 18 प्रतिशत मुस्लिम हैं। इसी तरह भूटान में 23 प्रतिशत हिंदू हैं, यहां बौद्ध धर्म के लोग बहुसंख्यक हैं।

नरम पड़े मस्क, कहा- ट्रंप से लंबा खिंचा विवाद

ट्रंप के समर्थक रहे अरबपति उद्योगपति एलन मस्क अब उनकी नीतियों की मुखर आलोचना करने के करीब एक हफ्ते बाद अपने बयानों पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि एक्स पर जारी वार-पलटवार का मामला लंबा खिंच गया। मस्क ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप को लेकर उन्होंने जो भी बयान दिए, इसका उन्हें गहरा अफसोस है।

चिंतन

रक्षा क्षेत्र में अधिक निवेश व टेक तैयारी की जरूरत

गरीबी उन्मूलन
रवि शंकर

भारत को चीन व पाकिस्तान से रक्षा चुनौतियां हैं। अब बांग्लादेश भी सिरदर्द बन रहा है। आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद और उग्रवाद भी भारत के लिए चुनौतियां हैं। ज्यों-ज्यों भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक ताकत के तौर पर उभरेगा, सामरिक चुनौती बढ़ती जाएगी। इसमें संदेह नहीं कि आज का भारत सैन्य रूप से काफी मजबूत है और भारतीय रक्षा क्षेत्र सभी प्रकार के सैन्य उपकरणों व हथियारों से लेस है, लेकिन जिस तेजी से वार तकनीक बदल रही है और इसमें लेजर, ड्रोन व साइबर तंत्र की एंट्री हो रही है, समूचे डिफेंस सिस्टम को अपडेट करने की जरूरत महसूस हो रही है। आज विश्व में दो सैन्य संघर्ष को देखें, तो जब भी कोई युद्ध होता है तो उसमें केवल दो देश ही शामिल नहीं होते हैं, बल्कि युद्ध मित्र राष्ट्रों के बीच होने लगता है। रूस व यूक्रेन जंग ने दिखाया है कि दोनों पक्षों को बाहरी मदद मिल रही है। भारत व पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के समय भी ऐसा देखने को मिला। चीन व तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ आए व अमेरिका पाक की तरफ झुका दिखा। इसलिए भारत को मजबूत रक्षा तैयारी की जरूरत है, वह भी स्वदेशी दम पर। यूक्रेन ने रूस में जिस प्रकार से अंदर घुस कर ऑपरेशन स्पाइडर वेब को अंजाम दिया, उससे भारत को अपनी रक्षा तैयारियों को उस स्तर से भी आगे ले जाने की आवश्यकता है। सरकार ने वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। उस वक्त तक भारत का रक्षा निर्यात पचास हजार करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के दौरान भारतीय स्वदेशी सैन्य अस्त्र-शस्त्र ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि आयातित महंगे उपकरणों ने अपनी सीमाएं दिखाई। यहां से भारत के लिए अपने रक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के साथ इसे उच्च तकनीक आधारित विकसित करना चाहिए। आतंकवाद से निपटने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए रक्षा क्षेत्र को 'आत्मनिर्भर भारत' के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक के रूप में तैयार करना होगा। वर्ष 2014 में वार्षिक रक्षा उत्पादन लगभग 40,000 करोड़ रुपये था, जो आज 1.30 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये का था। भारत में निर्मित रक्षा उत्पाद लगभग 100 देशों को निर्यात किए जा रहे हैं। इस स्थिति को और मजबूत करने की आवश्यकता है। रक्षा बजट को बढ़ाकर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.22 लाख करोड़ रुपये किया गया था, जबकि चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह 6.81 लाख करोड़ रुपये है। यह पिछले वित्त वर्ष से 9.5 फीसदी अधिक है। अगले बजट में इसमें 50 हजार करोड़ की वृद्धि हो सकती है। इसे करीब 8 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर ले जाना होगा। पिछले कुछ सालों में भारत में रक्षा खर्च में करीब 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और भारत दुनिया में सबसे बड़े हथियार आयातक के रूप में भी है। यह स्थिति बदलनी चाहिए। आयात पर निर्भरता कम करनी चाहिए। भारत को नई रक्षा तैयारियों में काउंटर ड्रोन सिस्टम, लेजर ड्रोन किलिंग सिस्टम, हार्ड किल ड्रोन सिस्टम पर ध्यान देना चाहिए और ड्रोन झुंडों को मारने के लिए मोबाइल 'माइक्रो मिसाइल' सिस्टम को मजबूत करना चाहिए। भारतीय नेवी अभी 'माइक्रो मिसाइल' सिस्टम का ट्रायल कर रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) गाइडेड ड्रोन ने अब कम खर्चे में प्रभावी वार टूल के रूप में अपनी क्षमता साबित की है। भारत को इस क्षेत्र में अधिक निवेश करना चाहिए।

असमानता की खाई को पाटना जरूरी

> विश्व बैंक ने हाल ही में अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित करते हुए इसे 2 .15 डॉलर प्रतिदिन से बढ़ाकर तीन डॉलर प्रतिदिन कर दिया है। इस नए मानक के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। फिर भी असमानता, बेरोज़गारी और बुनियादी सेवाओं तक पहुंच की कमी जैसी लगातार चुनौतियां बनी हुई हैं। ऐसे में भारत के विकास की गाथा तभी लिखी जा सकती है, जब हम इस असमानता की खाई को पाटकर गरीबी को कम करने की दिशा में आगे बढ़ें। यह तभी संभव है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं।

भारत में विकास दर लगातार बढ़ती जा रही है। अब हालात पहले से बेहतर हो गए हैं। भारत में अत्यधिक गरीबी की दर में काफी ज्यादा कमी देखी गई। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 2011-12 में 27.1 प्रतिशत की अत्यधिक गरीबी दर 2022-23 में घटकर मात्र 5.3 प्रतिशत रह गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के शासन के बाद देश को अच्छी खबर मिली है। विश्व बैंक ने कहा है कि भारत में अत्यंत गरीबों की संख्या घटी है। विश्व बैंक ने हाल ही में अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित करते हुए इसे 2.15 डॉलर प्रतिदिन से बढ़ाकर तीन डॉलर प्रतिदिन कर दिया है। इस नए मानक के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 344.47 मिलियन से घटकर 75.24 मिलियन हो गई है। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट 100 से अधिक विकासशील देशों में गरीबी, साझा समृद्धि और असमानता के रुझानों के बारे में बताती है।

विश्व बैंक समूह और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वसंत और वार्षिक बैठकों के लिए साल में दो बार जारी होने वाली ये जानकारी किसी देश की गरीबी और असमानता के बारे में तस्वीर पेश करती है। रिपोर्ट के अनुसार देखें तो ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 2011-12 में 18.4 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 2.8 प्रतिशत हुई। शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 2011-12 में 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत हुई। वहीं, ग्रामीण और शहरी गरीबी के बीच का अंतर 7.7 प्रतिशत अंक से घटकर 1.7 प्रतिशत अंक रह गया। इसके अलावा, भारत ने मल्टी डायमेंशनल पावर्टी को कम करने में भी शानदार प्रगति की है। आंकड़ों के अनुसार, मल्टी डायमेंशनल पावर्टी इंडेक्स 2005-06 में 53.8 फीसदी से घटकर 2019-21 तक 16.4 फीसदी हो गया और 2022-23 में और अधिक घटकर 15.5 फीसदी हो गया। यह केवल आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की बदली हुई जिंदगी की कहानी है। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य, जहां 2011 में सबसे ज्यादा गरीब आबादी थी। उन्होंने इस बदलाव में बड़ा योगदान दिया। अकेले इन्हीं राज्यों ने देशभर में गरीबी घटाने में दो-तिहाई से ज्यादा हिस्सा निभाया है। इस उपलब्धि को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए क्योंकि यह मानव कल्याण में बड़ी प्रगति की तरफ इशारा करता है। यह आर्थिक वृद्धि और लक्षित गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों को परिलक्षित करता है।

हमारे देश में गरीबी के कई कारण रहे हैं। देश में ग्रामीण गरीबी का मूल कारण कृषि में अर्द्ध सामंती उत्पादन संबंधों का होना है। स्वंतत्रता के बाद भूमि सुधारों के लिए जो कदम उठाए गए, वे नाकाफी हैं और भूमि पर बड़े किसानों का अधिकार होने से भूमिहीनों की संख्या बढ़ती जा रही है। लगभग सभी खेतिहर मजदूरों के परिवार, काफी संख्या में छोटे व सीमांत किसान तथा भूमिहीन गैर-कृषि क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिक परिवार गरीब हैं। जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है, किन्तु भूमि उतनी ही रहती है।

इससे श्रम उत्पादकता और वास्तविक प्रति व्यक्ति आय कम होती जाती है। कृषि में तकनीकी परिवर्तनों और खाद्यों के समर्थन मूल्यों में वृद्धि का लाभ बड़े किसानों को ही हुआ है। वहीं देश में बढ़ते पूंजीवाद के

कारण नवउदारवादी नीतियों तथा खुदरा क्षेत्र में विदेशी निवेश की नीतियां गरीबों के लिए अहितकर सिद्ध हुई है। बहरहाल, भारत ने वैश्विक गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य की ओर तेजी से कदम बढ़ाए हैं। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट इस बात का प्रमाण है कि नीति, प्रयास और जनसहभागिता से गरीबी जैसी चुनौती को मात दी जा सकती है। हालांकि, इस रिपोर्ट से इतर भी हाल की कई रिपोर्टों में अत्यधिक गरीबी घटने की बात रेखांकित की गई थी। इसका कारण आर्थिक विकास दर का निरंतर मजबूत बने रहना और सरकारी नीतियां हैं।

रिपोर्ट में जहां मोदी सरकार इस बड़ी उपलब्धि की तारीफ की गई है, तो वहीं दूसरी ओर इकोनॉमी को लेकर कहा गया है कि भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वित्त वर्ष 2024-25 तक कोरोना महामारी पूर्व प्रवृत्ति स्तर से लगभग 5 फीसदी कम थी। पिछले कुछ वर्षों में, भारत सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं। भारत सरकार नागरिकों की वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के समग्र विकास को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने में प्रभावी रही है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। जाहिर तौर से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है, जिसका नतीजा सामने है। इसके बावजूद जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं। ये असमानताएं हैं जिन्हें अवश्य ही दूर किया जाना चाहिए। यह ठीक है कि एक दशक के दौरान रोजगार में भी वृद्धि हुई और ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस दौरान भारत में बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी सफलता मिली है। संघीय सरकार वाले इतने बड़े, विविधतापूर्ण देश में नीति निर्माण की चुनौतियों को देखते हुए,पीएम मोदी ने कई मौकों पर कठोर परिस्थितियों और गैर-समर्थक विपक्ष के बावजूद समय पर निर्णय और नीतियों को लागू करके 1.4 बिलियन लोगों के विकास के लिए अपने समर्पण का उत्तरदायित्व निभाया है। अपने पहले कार्यकाल में उन्हें विरासत में मिली सुस्त अर्थव्यवस्था एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन उन्होंने इसे सकारात्मक विकास के स्रोत में बदल दिया है। फिर भी असमानता, बेरोज़गारी और बुनियादी सेवाओं तक पहुंच की कमी जैसी लगातार चुनौतियां बनी हुई हैं।

ऐसे में भारत के विकास की गाथा तभी लिखी जा सकती है, जब हम इस असमानता की खाई को पाटकर गरीबी को कम करने की दिशा में आगे बढ़ें। यह तभी संभव है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। खैर, विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

अभिव्यक्ति
डॉ. मोनिका शर्मा

प्रतिनिधिमंडल में दिखा भारतीयता का मुखर भाव

बीते कई दशक से भारत आतंकवाद से जूझ रहा है। बावजूद इसके पड़ोसी देश पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर भ्रम फैलाने में पीछे नहीं रहता। बीते दिनों पहलगाम हमले के बाद की गई सफल सैन्य कार्रवाई से साथ ही हमारे देश द्वारा दुनिया के कई देशों में अपना पक्ष रखने का प्रयास भी अहम रहा। ध्यातव्य है कि ऑपरेशन सिंदूर पर 'ग्लोबल-आउटरीच' के लिए सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडलों ने दुनिया के अलग-अलग देशों का दौरा कर ना केवल पाकिस्तान के झूठ को बेनकाब किया बल्कि आतंकवाद को लेकर भारत का रुख भी स्पष्टता से रखा है। 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर अलग-अलग राजनीतिक दलों के 51 सांसदों के साथ ही राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाहों ने परायी धरती पर भारत का पक्ष रखा। सुखद है कि ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखते हुए दुनिया के अनेक देशों का दौरा कर लौटे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों में हर मतभेद से परे भारतीयता का मुखर भाव दिखा।

असल में आतंक के दंश के खिलाफ दिखी यह साझी अभिव्यक्ति मौजूदा समय के लिए ही नहीं, भविष्य में भी आतंकवादी गतिविधियों के प्रति भारत की सख्ती को वैश्विक स्तर पर रेखांकित करने वाली रही। सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के अलावा कांग्रेस समेत कई पार्टियों के नेताओं ने प्रभावी ढंग से अपने देश की रणनीति और कार्रवाई को दुनियाभर के लोगों को समझाया। रेखांकित करने योग्य पक्ष यह भी है कि देश में सरकार का मुखर विरोध करने वाले नेताओं ने भी आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को वैश्विक मंच पर एक सहयोगी भाव के साथ रखा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाइयों के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी की बातों में भारतीयता की सोच साफ नजर आई। ऑपरेशन सिंदूर में सीजफायर से जुड़े विवादित पक्ष को लेकर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सीज़फायर के लिए अमेरिका का दबाव पाकिस्तान पर था, भारत पर नहीं, क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते, हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। वहीं डीएमके सांसद कनिमोझी द्वारा भारत की राष्ट्रभाषा को 'विविधता में एकता' की भाषा बताना भी रहा। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के शशि थरूर और बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल से एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा कही गई बातों की तो वैश्विक स्तर पर खूब चर्चा भी हुई। पाकिस्तान के सहयोग से पल रहे आतंकवाद को वैश्विक मंच पर उजागर करने का यह कदम सचमुच सार्थक संदेश देने वाला रहा।

देश की सुरक्षा और अस्मिता के मोर्चे पर सभी राजनीतिक दलों द्वारा व्यक्त की गई साझी चिंता देशवासियों को भी भरोसा देने वाली रही। देखा जाए तो यह कूटनीतिक मुहिम वैश्विक मंचों पर पड़ोसी देश द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध भारत की प्रतिबद्धता को सामने रखने वाला अहम कदम तो थी ही, भविष्य के लिए भी आतंकी गतिविधियों को लेकर भारत की सोच को स्पष्ट करने में कामयाब रही। बहुत देशों ने खुलकर भारत का समर्थन किया। कोलंबिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मारे गए आतंकियों पर शोक जताने वाला अपना बयान भी वापस लिया। मलेशिया में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे को लेकर पाकिस्तानी दूतावास ने धर्म की आड़ लेकर अपनी मनवाने की कोशिश की।

मलेशियाई सरकारी अधिकारियों से हमारे देश के प्रतिनिधिमंडल के सभी 10 कार्यक्रमों को रद करने का यह कहते हुए आग्रह किया कि हम एक इस्लामी देश हैं, आप भी एक इस्लामी देश हैं, भारतीय प्रतिनिधिमंडल की बात न सुनें, मलेशिया में उनके सभी कार्यक्रम रद कर दें। बावजूद इसके मलेशियाई सरकार ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल को सभी प्रस्तावित कार्यक्रमों के आयोजन की न केवल मंजूरी दी बल्कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का स्वागत कर उनका पक्ष भी सुना गया। कोलंबिया की उपविदेश मंत्री वियाविसेंसियो ने भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर के साथ खड़े होकर कहा, "हमें अब इस बात की पूरी जानकारी है कि कश्मीर में वास्तव में क्या हुआ था।' एक अन्य प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर लौटीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि 'आतंकवाद के खिलाफ़ हर देश भारत के साथ पूरी ताकत से खड़ा है।' निःसंदेह, सभी दलों के प्रतिनिधियों का साझा स्वर देश के भीतर आतंकवादी घटनाओं को लेकर जनमानस की भावना समझने से लेकर वैश्विक मोर्चे पर भारत का पक्ष रखने तक, कामयाब कूटनीतिक मुहिम रहा है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित
दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?

संकलित
प्रेरणा

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियां थीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहा- लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछा- क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोला- पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्री पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इंद्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी।

भड़क सकता है रूस-यूक्रेन युद्ध

आज की पाती

हमारे जमीर में घुला जहर

मिलावट अब केवल खाने-पीने तक सीमित नहीं रही, यह हमारे सोच, संबंध और व्यवस्था तक में घुल चुकी है। मूंगफली में पत्थर हो या दूध में डिटर्जेंट, यह मुनाफाखोरी की संस्कृति का विस्तार है। उपभोक्ता की चुप्पी, सरकार की ढील और समाज की 'चलता है' मानसिकता ने इसे स्वीकार्य बना दिया है। मिलावट एक नैतिक संकट है, जो धीरे-धीरे शरीर ही नहीं, आत्मा को भी बीमार कर रहा है। जब तक ईमानदारी को समर्थन और सच्चाई को स्पेस नहीं मिलेगा, तब तक हर दाना शक के दायरे में रहेगा और हर निवाला जहर जैसा लगेगा। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। हर उत्पाद के साथ-साथ संवेदनाएं, ईमानदारी व नैतिकता भी प्रदूषित हो रही हैं। – *राजेंद्र ठाकुर, कवर्धा*

करंट अफेयर

सिंगापुर ने साइबर अपराध से जुड़े 1,000 आईपी हटाए

सिंगापुर के अधिकारियों ने 1,000 से अधिक इंटरनेट प्रोटोकॉल (या आईपी) पते को हटा दिया है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे साइबर अपराधों से जुड़े थे । अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान जारी कर बताया कि सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) के आपराधिक जांच विभाग के तहत साइबर अपराध कमान के अधिकारियों ने देश में आईपी पते को हटाने के लिए सिंगापुर की साइबर सुरक्षा एजेंसी (सीएसए) के साथ काम किया। यह वैश्विक पुलिस संगठन इंटरपोल के नेतृत्व में 26 देशों में चार महीने के अभियान का हिस्सा था और इसे 'ऑपरेशन सिक्योर' नाम दिया गया था। साइबर अपराधियों के खिलाफ यह अभियान इस साल जनवरी से अप्रैल तक चलाया गया। 26 देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने मिलकर भौतिक सर्वरों का पता लगाया, जिनके बारे में माना जाता है कि वे 'इन्फोस्टीलर्स' के रूप में जाने जाने वाले दुर्भावनापूर्ण सॉफ़्टवेयर (मैलवेयर) को बनाए रखते हैं। इस अभियान में भौतिक नेटवर्कों की मैपिंग और लक्षित टेकडाउन को अंजाम देना शामिल था। बयान में कहा गया है कि वैश्विक प्रयास के कारण 20,000 से अधिक दुर्भावनापूर्ण आईपी पते और डोमेन को हटाया गया।

ऑफ बीट

ब्रह्माण्ड का केंद्र आप नहीं पा सकते हैं

पृथ्वी पर, 'विस्तार' का मतलब है कि कुछ बड़ा हो रहा है। और ब्रह्मांड के संबंध में, यह सच है, कुछ हद तक। विस्तार का मतलब यह भी हो सकता है कि ''सब कुछ हमसे दूर होता जा रहा है', जो ब्रह्मांड के संबंध में भी सच है। दूर स्थित आकाशगंगाओं पर दूरबीन घुमाएं तो वे सभी हमसे दूर जाती हुई प्रतीत होंगी। इसके अलावा, वे जितनी दूर होती हैं, उतनी ही तेजी से आगे बढ़ती हुई दिखाई देती हैं। वे आकाशगंगाएँ एक-दूसरे से दूर होती हुई भी दिखाई देती हैं। इसलिए यह कहना अधिक सटीक होगा कि ब्रह्मांड में हर चीज़ एक साथ हर चीज़ से दूर होती जा रही है। यह विचार सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण है। इसलिए यह पूछना कि ब्रह्मांड का केंद्र कहां है, कुछ हद तक यह पूछने जैसा है कि गुब्बारे की सतह का केंद्र कहां है? ऐसा कोई केंद्र नहीं है। आप गुब्बारे की सतह पर किसी भी दिशा में, जितनी देर चाहें, यात्रा कर सकते हैं, और आप कभी भी ऐसी जगह पर नहीं पहुंचेंगे जिसे आप इसका केंद्र कह सकें क्योंकि आप वास्तव में सतह से कभी बाहर ही नहीं निकलेंगे। इसी तरह, आप ब्रह्मांड में किसी भी दिशा में यात्रा कर सकते हैं और कभी भी उसका केन्द्र नहीं पा सकेंगे, क्योंकि गुब्बारे की सतह की तरह, इसका भी कोई केन्द्र नहीं है।

ट्रेंड

साझा मूल्यों पर चर्चा

आज सुबह ब्रसेल्स में यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रॉबर्टा मेटसोला के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। भारत-यूरोपीय संघ संसदीय संबंधों को और मजबूत बनाने, लोकतंत्र एवं बहुलवाद के हमारे साझा मूल्यों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।
- एस जयशंकर, विदेश मंत्री

हिंदी सीखने का भी महत्व

तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम हमारी मूल भाषाएं हैं और हमें उन्हें सीखना चाहिए, इस पर कोई समझौता नहीं। लेकिन इसके अलावा हिंदी सीखने का भी महत्व है। यह हमारे युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान कर सकती है।
- एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्रप्रदेश

पायलट को श्रद्धांजलि

जब किसानों और मजदूरों के बच्चे पढ़-लिख कर उन पदों पर पहुंचेंगे जहां से इस देश की नीतियां बनती है, तभी भारत का सही मायनों में विकास होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, किसानों के हितैषी, राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर हमारी भावभीनी श्रद्धांजलि।
- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

मोदी सरकार की साजिश

मोदी सरकार के 11 साल दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के लिए अपमान, हिंसा और भेदभाव से भरे रहे हैं। इन्हें संस्थागत रूप से दोयम दर्जे का नागरिक बनाने और मुख्यधारा से दूर रखने की साजिश जारी है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

जबलपुर बना देश का पहला शहर

5 हजार सफाई संरक्षकों का समारोह में सम्मान

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर देश का पहला ऐसा नगर बन गया है जहाँ एक साथ 5 हजार सफाई संरक्षकों का सम्मान बड़े मंच पर पूज्य संतों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। यह आयोजन महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की पहल पर नगर निगम द्वारा आयोजित किया गया।

सम्मेलन में दण्डी स्वामी कालिकानंद सरस्वती, स्वामी राघवदेवाचार्य एवं महंत चन्द्रशेखरानंद सहित मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। ब्राम्हणों ने तिलक लगाकर सफाई संरक्षकों का मंच पर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने सभी संतों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों का आभार जताया।

मंत्री राकेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा, "ये सफाई संरक्षक साधारण नहीं, असाधारण व्यक्तित्व के धनी हैं। स्वच्छता के लिए राष्ट्र पिता महात्मा गांधी का सपना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महापौर अन्नू के माध्यम से साकार हो रहा है।"

सम्मान समारोह के उपरांत महापौर अन्नू ने आगामी मानसून को देखते हुए 5 हजार सफाई संरक्षकों को बरसाती भी वितरित की । कार्यक्रम के दौरान एक विशेष स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन कर सभी 5 हजार सफाई संरक्षकों का परीक्षण किया गया और निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। महापौर अन्नू ने कहा, "ये हमारे शहर के लिए ऑक्सीजन जैसे हैं, इनके बिना स्वच्छता असंभव है। ये हमारे असली हीरो हैं। महापौर ने घोषणा की कि नगर निगम के बजट में प्रावधान करते हुए अब हर वर्ष सफाई संरक्षकों का वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

निष्कर्ष

यह आयोजन सिर्फ सम्मान नहीं था, यह समाज के उस तबके के लिए मानवीय कृतज्ञता की गूंज थी जो निःस्वार्थ सेवा से शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखता है। जबलपुर की इस पहल ने पूरे देश को स्वच्छता योद्धाओं के महत्व का एहसास कराया है।

अच्छी बातों के साथ सोशल मीडिया में आगे आयें : सिंह

जबलपुर। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने दोपहर होटल गुलजार में आयोजित सोशल मीडिया कार्यशाला में भाग लिया। इस दौरान प्रख्यात लेखक व चिंतक प्रशांत पॉल सहित सोशल मीडिया इन्फ्लुऐंसर मौजूद थे। मंत्री श्री सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी बातों के साथ सोशल मीडिया में आगे आयें। सोशल मीडिया प्लेटफार्म को सकारात्मक रूप दें, देश में सब कुछ जब सकारात्मक हो रहा है तो इसमें आपकी भूमिका भी सकारात्मक होनी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया इन्फ्लुऐंसर से कहा कि आप समाज को दिशा और दशा देने वाले लोग हैं, अतः केन्द्र और राज्य सरकार की अच्छी बातों को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया का समय है, जिसमें अपनी बातों को शीघ्रता से लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाई ओव्हर के मुद्दे पर सकारात्मक बात करते हुए कहा कि अभी इस पर 25 करोड़ की लागत से लाईट का कार्य चल रहा है, जो आने वाले समय में भव्य और आकर्षक रहेगा। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इतने में तो एक नया फ्लाई ओव्हर बन सकता है। उन्होंने कटंगा फ्लाई ओव्हर का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी लागत 16 करोड़ रूपये है। मंत्री श्री सिंह ने जबलपुर के विकासगाथा का जिक्र करते हुए कहा कि कभी जबलपुर को बड़ा गांव कहा जाता था, लेकिन आज जबलपुर में एयरपोर्ट के साथ विकास की दृष्टि से कोई कमी नहीं है। उन्होंने जबलपुर के विकास के लिए सांसद और विधायक रहते हुए अथक प्रयास किये हैं। जनप्रतिनिधि के रूप में वे जनता का ऋण अदायगी विकास के माध्यम से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2 साल बाद जबलपुर नए स्वरूप में होगा, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आयेंगे। उनमें विकास के कार्य करने की जोश है, अतः सोशल मीडिया इन्फ्लुऐंसर में भी विकास व सकारात्मक बातों को लेकर जोश होना चाहिए, झूठ भी बिना पंख के उड़ता है, लेकिन हमें सच का साथ देना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गढ़ा की बावली को पूरे देश में जल मंदिर के रूप में स्थापित की गई, गुजरात के अलावा ऐसा दूसरा जल मंदिर कहीं नहीं है। कार्यशाला के दौरान कहा कि प्रख्यात चिंतक श्री प्रशांत पॉल ने भी कहा कि आज के समय सोशल मीडिया काफी प्रभावी साधन है। कई देशों में सोशल मीडिया ने सत्ता परिवर्तन तक कर दिया है, अतः उन्होंने कहा कि इनफोर्मेशन वॉर में न फसें, सही तथ्यों के साथ शीघ्र प्रतिक्रिया दें और सकारात्मक व सर्वांगीण विकास की झलक सोशल मीडिया में आनी चाहिए।

विकसित भारत के लिये मोदी सरकार के 11 साल समर्पित

देश सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के चौथे पायदान पर पहुंचा

हरिभूमि जबलपुर।

केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने यहां कहा की सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को लेकर विकसित भारत के लिये मोदी सरकार पिछले 11 सालों में समर्पित रही है. नये भारत ने बता दिया की किस तरह आतंकियों को घर में घुसकर नेस्तानाबूद किया जाता है. जबलपुर प्रवास पर आए श्री वर्मा यहां पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे. इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद मती सुमित्रा वाल्मिकी, सांसद आशीष दुबे, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, तैलघानी बोर्ड अध्यक्ष रविकिरण साहू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज आदि मौजूद थे।

श्री वर्मा ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेस को ध्वस्त कर दुनिया को यह दिखा दिया की नया भारत सिर्फ शांति की बात नहीं आतंक का सफाया भी करता है।

उन्होंने कहा की संकट काल के दौरान विश्व के हर कोने में भारतीय सुरक्षित हैं. भारत ने आतंक पर नकेल कसी, विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था हम बने. धरती के साथ अंतरिक्ष में भी हमारी ताकत बढ़ी, मोदी सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण को भी गति दी. उन्होंने कहा की पर्यावरण संकल्प, विकास के साथ विरासत और महिला आत्म सम्मान बढ़ाने की दिशा में काम किये गये. युवा शक्ति को नई दिशा देने के साथ ही जन स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

पुरानी रंजिश पर किया ब्लेड से हमला

जबलपुर। पाटन थाना अतंर्गत कटरा मोहल्ला में पुरानी रंजिश पर एक बदमाश ने एक युवक को जातिगत रुप से अपमानित कर उसके साथ मारपीट कर ब्लेड से हमला कर जान से मारने की धमकी दी।पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटरा मोहल्ला पाटन निवासी 16 वर्षीय कमल गौंड ठाकुर गत रात लगभग 11 बजे मोहल्लें के सत्यम कड़ेरे के साथ घर के बाहर सड़क पर खड़े होकर बातचीत कर रहा था, तभी सचिन उर्फ बाबाजी विश्वकर्मा दोनों को साथ में बातचीत करते देख और पुरानी रंजिश पर गाली गलौज करते हुये जातिगत रूप से अपमानित करने लगा, गालियां देने से मना करने पर सचिन उर्फ बाबाजी विश्वकर्मा ने ब्लेड से उसके हाथ पर हमलाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 351(3) बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

500 पाव शराब से भरी कार छोड़कर भागे आरोपी

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अतंर्गत गत रात कटंगी बायपास की ओर से पाटन बायपास की तरफ से आ रही एक कार में अवैध रुप से परिवहन कर ले जायी जा रही 500 पाव देशी शराब पुलिस ने जब्त कर ली है वहीं आरोपी फरार है। माढ़ोताल थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि गत रात कटंगी बाईपास की ओर से पाटन बाईपास की तरफ से एक सफेद कलर की होण्डई कंपनी की ओरा कार क्रमांक एमपी 07 सीएच 9660 में एक व्यक्ति अधिक मात्रा में शराब बेचने के लिए लेकर आ रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कटंगी वाईपास सर्विस पर नाकाबंदी कर कार को रोकने का प्रयास किया तो कार चालक पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल हो गया। पुलिस ने मौके से कार की डिक्की में रखे 10 कार्टून में देशी शराब के कुल 500 पाव देशी शराब जब्त की है जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

विद्युत आपूर्ति में आ रहे अवरोध एवं कॉल-सेंटर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की

ऊर्जा मंत्री ने बिजली संबंधी शिकायतों के निपटारे में हो रही देरी पर नाराजगी जताई

हरिभूमि जबलपुर।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बिजली संबंधी शिकायतों के निपटारे पर हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रबंध संचालक से लेकर कार्यपालन स्तर तक के सभी अधिकारी रात्रि के समय क्षेत्रों का भ्रमण कर बिजली की वास्तविक स्थिति का आंकलन करें। साथ ही निरीक्षण रिपोर्ट मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। श्री तोमर ने बुधवार को विद्युत आपूर्ति में आ रहे अवरोध एवं कॉल-सेंटर के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिये।

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिये टीम की संख्या बढ़ायें। उन्होंने कहा कि विद्युत अवरोध एवं उसके निराकरण से संबंधित जानकारी जन-प्रतिनिधियों, स्थानीय मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित करें। मैदानी स्तर के अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं के फोन अटेंड करना सुनिश्चित हो। विद्युत कनेक्शन में भार वृद्धि के संबंध में जागरूक किया जाये।

ऊर्जा मंत्री के कार्यालय में बना कॉल-सेंटर

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि वर्षाकाल में बिजली की शिकायतों के मद्देनजर मेरे कार्यालय में भी आगामी 3 माह के लिये एक अस्थाई कॉल-सेंटर स्थापित किया गया है। कॉल-सेंटर का नम्बर 0755-4344299 है। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि इस नम्बर पर सम्पर्क करने के पूर्व बिजली कम्पनी के मुख्य कॉल-सेंटर 1912 पर शिकायत जरूर दर्ज करायें और उसका क्रमांक साझा करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में प्रबंध संचालक एमपी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी श्री अवनीश लवानिया, सभी विद्युत कम्पनियों के एमडी, क्षेत्रीय मुख्य अभियंता और मुख्य महाप्रबंधक शामिल हुए।

कलेक्टर-एसपी ने लाडली बहना एवं महिला सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा

जबलपुर। जिले के शहपुरा विकासखण्ड के ग्राम बेलखेड़ा में आयोजित किये जा रहे राज्य स्तरीय लाडली बहना एवं महिला सम्मेलन की तैयारियों का आज बुधवार को बरगी विधायक नीरज सिंह के साथ कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने व्हीव्हीआईपी रुट से लेकर मंचीय व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के बाद कार्यक्रम स्थल के समीप बनाये जा रहे अस्थाई हेलीपेड का भी निरीक्षण किया और सुरक्षा के मद्देनजर सभी जरूरी एहतियात बरतने की हिदायत अधिकारियों को दी। ज्ञात हो कि बेलखेडा में 13 जून को आयोजित राज्य स्तरीय लाडली बहना एवं महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल हो रहे हैं। डॉ यादव इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की प्रदेश भर की लाभार्थी बहनों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से योजना की जून माह की किश्त अंतरित करेंगे तथा बहनों से संवाद भी करेंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के एलपीजी कनेक्शनधारी उपभोक्ता एवं गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की हितग्राही बहनों को रसोई गैस रिफिल के लिये 450 रुपये की अनुदान राशि का वितरण भी किया जायेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना की राशि का तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की माह मई पेड इन जून की राशि का वितरण भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इस सम्मेलन में सिंगल क्लिक के माध्यम से करेंगे। सम्मेलन की तैयारियों के निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा भी मौके पर मौजूद थे।

9 सूत्रीय मांगों को लेकर किया जंगी प्रदर्शन, वाटर कैनन नहीं रोक पाई पुलिस से झड़प

कचरे के साथ नर्मदा जल लेकर नगर निगम पहुंची युकां

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर युवक कांग्रेस ने बुधवार को नगर निगम का घेराव कर जंगी प्रदर्शन किया। युवक कांग्रेस नेता समर्थ अवस्थी के नेतृत्व में जनहित से जुड़ी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेस के द्वारा प्रतीकात्मक रूप से कचरा एवं मां नर्मदा में मिल रहा गंदा पानी जो लेकर शांतिपूर्ण ढंग से नगर निगम में सोये अधिकारियों को सौंपने जा रहे थे जिसे जबरन रोके जाने पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेट्स को हटाने की कोशिश में कुछ कार्यकर्ताओं और पुलिस कर्मियों के बीच धक्का-मुक्की हुई, जिसके बाद पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की कोशिश की। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगें नगर निगम प्रशासन तक पहुंचाई और चेतावनी देते हुए दो हफ्ते का समय दिया, यदि इस समय में निगम के द्वारा जनता के हित में उचित कार्रवाई नहीं की जाएगी, तो युवक कांग्रेस नगर निगम को चारों ओर से घेरकर एवं जिले के सभी जोनों में जंगी प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी।

इन मांगों को लेकर आक्रोशित थी युकां

युकां नेता समर्थ अवस्थी ने आरोप लगाते हुए बताया कि डोर टू डोर सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। लेबर चौक से खान ब्यूरो, रामपुर से ग्वारीघाट मार्ग पर निर्माण कार्य के नाम पर खुदाई कर दी गई जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा जल संकट, निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, स्ट्रीट लाइटों का बंद होना नगर निगम द्वारा संचालित स्कूलों की स्थिति दयनीय होना प्रमुख बिंदु थे।

नहीं तो होगा व्यापक आंदोलन

पूर्व मंत्री और विधायक लखन घनघोरिया, नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, रत्नेश अवस्थी की मौजूदगी में युकां नेता समर्थ अवस्थी ने नगर निगम अधिकारियों को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की जाती तो इस आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। जिसकी जवाबदारी नगर सत्ता की होगी।

पहला प्रदर्शन जिसमें दिखा उत्साह

युवक कांग्रेस के इस प्रदर्शन को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्मा गया है। दरअसल अभी तक नगर कांग्रेस के इतने आयोजन शहर में हुए मगर इतना उत्साह कहीं नहीं देखा गया। लेकिन जिस तरह से युवक कांग्रेस नेताओं ने एकजुटता दिखाई उसे देखकर वरिष्ठ नेता भी बंगले झांकते रह गए।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से समर्थ अवस्थी, शिशिर नन्होरिया, अमित मिश्रा, राहुल यादव, प्रतीक दुबे, यश गुप्ता, आमिर पहलवान, मोहम्मद अली, राहुल शर्मा, नीलेश महार, अमन मेहरा, गौरव राजपूत, अंकित सतनामी, सुजल बैरागी, विक्रम सिंह, राजेश यादव, अयोध्या तिवारी, जतिन राज, गुलाम हुसैन, अनुराग गड़वाल, विजय रजक, आजम अली, ताहिर अली, अहमद मंसूरी, राजू लाइक, शुभम श्रीवास्तव, सिद्धांत जैन, अभियत बाजपेई, चमन राय, अमित सोनकर, राहुल बघेल, अजय चक्रवर्ती, ऋषभ मिश्रा, साहिल यादव, अनुज यादव, कौशल यादव, रिजवान अली, देवेंद्र काली, सौरभ गौतम, सचिन रजक, सचिन वर्मा, शिवम गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

संभागायुक्त ने की कलेक्टरों के साथ वीसी

जबलपुर। संभागायुक्त धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टर्स से शासन के कार्यक्रमों एवं प्राथमिकता अभियानों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। जिसमें मुख्य रूप से राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों के संबंध में आयुक्त द्वारा समीक्षा की गई। संभाग आयुक्त द्वारा अभियान के तौर पर कम प्रगति वाले राजस्व न्यायालयों के अधिकारियों के साथ प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में आज की समीक्षा में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिए। नामांतरण, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत किया जाए। सीएम हेल्पलाईन, सीपी ग्राम, सीएम मॉनिट, सीएस मॉनिट के लंबित प्रकरणों की समीक्षा पर उन्होंने कहा कि प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करना सुनिश्चित किया जाये। बाढ़ एवं मानसून पूर्व तैयारियों की सतत समीक्षा के निर्देश भी दिए गए। संभागायुक्त ने ई-ऑफिस संचालन के संबंध में भी समीक्षा की।

वीसी के दौरान उन्होंने टेकहोम राशन, आंगनवाड़ियों व पोषण पुनर्वास केन्द्र के नियमित संचालन और एसएनसीयू में भर्ती बच्चों के फॉलोअप की समीक्षा की। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि टेक होम राशन के वितरण की आवश्यक मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में लोक निर्माण विभाग के भूमि आवंटन संबंधी तथा भू-अर्जन प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। इसके अलावा संभागायुक्त ने समग्र में ई-केवायसी, मनरेगा के लेबर बजट, प्रधान मंत्री आवास योजना, गंगा जल संवर्धन अभियान, जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी कलेक्टर्स से कहा कि ये महत्वपूर्ण अभियान है, अतः इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये।

खबर संक्षेप

एड. राजकुमार दुबे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

जबलपुर। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसियेशन जबलपुर की मासिक बैठक 10 जून को बरगी हिल्स में आयोजित की गई, जिसमें एड. राजकुमार दुबे प्रांताध्यक्ष को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने जाने पर उनका सम्मान शाल, श्रीफल, तिलक लगाकर किया गया। इस अवसर पर केएस ठाकुर, एसके तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद सेन, वृंदावन साहू, ललित कुमार मिश्रा, जेपी यादव, अट्ठीलाल झारिया, नीलेश तिवारी, रामरतन चड़ार, प्रीतमलाल झारिया, अभय जोशी, इन्द्रकुमार शर्मा, स. महेन्द्र सिंह, विनय कुमार तिवारी, समस्त ब्लाक अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

2 स्कूटी आपस में भिड़ी, 3 घायल

जबलपुर। गोरखपुर थाना अतंर्गत हांडा पेट्रोल पंप के पास दो स्कूटी की आपस में भिंडत हो गई, जिसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदा नर्सरी रांझी निवासी 34 वर्षीय श्रीमति प्रियंका शर्मा गत दिवस रोहित और समर पटेल के साथ स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एस यू 7535 से गौरीघाट गई थी। स्कूटी प्रियंका चला रही थी। गौरीघाट से दर्शन करने के बाद घर आते समय देर रात लगभग 1.30 बजे हांडा पेट्रोल पम्प के पहले स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेड पी 7404 के चालक ने सामने से उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे प्रियंका रोहित और समर तीनों स्कूटी सहित गिर गये, जिससे उसकी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई और प्रियंका को कान और सीने में अंदरुनी चोटें आई है। पुलिस ने आरोपी स्कूटी चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

क्या क़सूर मेडिकल स्टूडेंट का?

जबलपुर। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री मोहन यादव को एक पत्र भेजा गया जिसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में शिवांश गुप्ता द्वारा की गई आत्महत्या की जाँच सीबीआई से कराने की माँग की गई। आख़िर जो बच्चा पहली बार में नीट् परीक्षा पास कर आया वो पढ़ाई से नहीं डरेगा, अक्सर आत्महत्या के लिए रैगिंग ज़िमेदार हो सकती है जिसे शायद पुलिस और चिकित्सा विभाग दबा रहा है, दोषियों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर आत्महत्या को उकसाने वाले जिम्मेदार और गुनाहगारों की मदद करने वालों को तुरंत निष्कासित किया जाए ताकि किसी का ज़िंदा बच्चा सही घर आए मृत नहीं, शासन की गंभीरता जाँच के बाद स्पष्ट होगी। यदि जाँच में ख़ामिया पाई जाती हैं तो इस मामले को सीबीआई को देने की मांग की गई ताकि निष्पक्ष जाँच हो। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. आशीष त्रिपाठी, एड. भावना निगम, डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. दिगंत पाठक, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. अभिजीत जैन, डॉ. अश्विनी पाठक, डॉ. प्रशांत जैन, डॉ. राहुल अग्रवाल, कमरुल इस्लाम ख़ान, एड. रोशन मंध्यानी, एड. अंकित मिश्रा शामिल हुए।

चार्तुमास में होगी सिर्फ नर्मदा कलश की परिक्रमा

दंडवत करते भक्तों ने की नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा

हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से ज्येष्ठ पूर्णिमा पर सुबह 4 बजे निकली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा

हरिभूमि जबलपुर।

हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा ज्येष्ठ पूर्णिमा पर सुबह 4:00 से संकीर्तन करते हुए कई चरणों में दंडवत करते निकली भयंकर गर्मी के बीच में हाथों में भगवा ध्वज संकीर्तन मंडलियों की टोली उत्साह बढ़ाते हुए नर्मदे हर का घोष कर रही थी।वृंदावन के गोवर्धन और चित्रकूट के कामतानाथ की परिक्रमा जैसा अद्भुत उत्साह दिखा। भक्त संकीर्तन के साथ पंचकोषी परिक्रमा कर रहे थे। नर्मदा मैया राधा कृष्ण की महाआरती के साथ स्वामी रामचंद्र दास महाराज सिद्धन माता के सानिध्य में 467 वी पंचकोषी दंडवत करते हुए निकाली गयी, उसके बाद 4 माह चातुर्मास के कारण पंचकोषी परिक्रमा बंद रहेगी। आश्रम में प्रतीकात्मक रूप में स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा की जाएगी कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर को नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा महाकुंभ से प्रारंभ होगी। सुबह पंचकोषी परिक्रमा आश्रम से प्रारंभ होकर पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार कल्याण तपोवन होते हुए लम्हेटा घाट में नाव से पार कर शानी मंदिर न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट से नाव पार कर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ स्वामी रामचंद्र दास महाराज के सानिध्य में बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र के वितरण के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे मीना पटेल श्याम मनोहर पटेल दुर्गा पटेल पप्पू चौबे विनोद दीवान मनोज गुलाबबानी विनोद विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा देवेंद्र नेमा सत्य प्रकाश नामदेव प्रभाकर चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

कृषि विवि में श्री अन्न प्रसंस्करण एवं खाद्य उत्पादों का प्रशिक्षण

श्रीअन्न की खेती को बढ़ावा देने करें जागरूक : पांडे

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा, श्रीअन्न प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धित खाद्य उत्पादों का कौशल विकास, तीन दिवसीय प्रशिक्षण का भव्य शुभारंभ अधिष्ठाता कृषि उद्यानिकी संकाय डॉ.एस.के. पांडे के मुख्यआतिथ्य में एवं प्रभारी डीन कृषि महाविद्यालय,जबलपुर डॉ. जयंत भट्ट व सेवानिवृत्त पूर्व डीन डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में कृषि उद्यानिकी रहली के 26 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि डॉ. एस.के. पांडे ने श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने और इसका उपयोग, श्रीअन्न के फायदे और एवं उद्यमी बनने सहित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. जयंत भट्ट और डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आये छात्रों से कहा कि अपने क्षेत्रों के लोगों को श्रीअन्न के उपयोग, महत्व एवं फायदे के बारे में जानकारी प्रदान करके परिवार, समाज, देशहित में सहभागी बनें, क्योंकि श्रीअन्न की खेती से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है, साथ ही इसके सेवन से शरीर स्वस्थ्य और ऊर्जावान होता हैं।

दिलीप सिंह सग्गू पर किये गये प्राणघातक हमले के विरोध में एसपी को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। निरभव निरवैर सेवक जत्थे के दमनीत सिंह प्रिंस भसीन ने बताया कि रांझी क्षेत्र के विभिन्न संगठनों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को उनके कार्यालय में एक सामूहिक ज्ञापन सौंपा, जिसमें बताया कि दिलीप सिंह सग्गू जो कि स्वच्छ छवि के एक सामाजिक व धार्मिक व्यक्ति हैं। 08.06.2025 को रात्रि 9 बजे के करीब आरोपी मदन जायसवाल, सत्यम पंडित, पीयूष चढ़ार व अन्य के द्वारा विजय नगर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में आकर उधारी शराब की मांग की गई। मैनेजर दिलीप सिंह सग्गू द्वारा मना करने पर आरोपियों ने एक राय होकर गंदी-गंदी गालियां दी तथा पैसे लूट के उद्देश्य और हत्या के उद्देश्य से प्राणघातक हमला कर दिया जिससे दिलीप सिंह सग्गू व अन्य जो वहां मौजूद थे उन्हें काफी चोटें आईं। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस नेता पं. आलोक मिश्रा, चिंटू चौकसे, भाजपा पार्षद कमलेश अग्रवाल, पूर्व मंत्री हरेन्द्र जीत सिंह बब्बू, राजेश मिश्रा, दमनीत सिंह प्रिंस भसीन, टीटू जग्गी, नंदा ब्रदर्स, सहित बड़ी संख्या में रांझी क्षेत्र के सिक्ख संगत एवं अन्य वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

विकसित कृषि संकल्प अभियान, वैज्ञानिक चले किसान के द्वार

जबलपुर। जबलपुर जिले के कैलवास ग्राम पंचायत (बरेला) में विकसित कृष संकल्प अभियान 2025 जो कि राष्ट्रीय स्तर पर पूरे देश में कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आईसीएआर कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं राज्य कृषि विभाग के सहयोग से 29 मई से 12 जून तक चलाया जा रहा है, के क्रम में एक वृहद कृषक संवाद, परिचर्चा का आयोजन 10 जून को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जेएस मिश्र निदेशक खरपतवार अनुसंधा निदेशालय जबलपुर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. दिनकर शर्मा संचालक प्रसार सेवा जेएनकेवीवी जबलपुर रहे, जिन्होंने कृषक भाई-बहनों से अपील करते हुए कहा कि उन्नत कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन, पशुपालन को वैज्ञानिक तरीके से करें ताकि ज्यादा से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण उत्पादन एवं आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर डॉ. पीके सिंह, डॉ. अच्छता तोमर, नेहा देशमुख, सरपंच गोपाल प्रसाद यादव, वुनेश झारिया, मिथलेश यादव सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष कृषक उपस्थित रहे।

भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए जून माह में स्कूल सुबह की पाली में लगाए जाएं

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने बताया कि गर्मी अपनी चरमसीमा पर है और तापमान भी 45 डिग्री के आसपास है ऐसे में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए 16 जून से विद्यार्थियों के लिए जब स्कूल खोले जायें तो प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए पूरे जून माह स्कूल सुबह की पाली में ही लगाया जाना चाहिए जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर न पड़े और किसी प्रकार से नुकसान उठाना न पड़े। अतः संगठन आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र से मांग करता है की विद्यार्थियों/ छोटे बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए 16 जून से स्कूल सुबह की पाली में लगाए जाए।

संत कबीर दास विचारक और क्रांतिकारी कवि थे : प्रो. शुक्ल

जबलपुर। हिंदी विभाग, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा कबीर दास जंयती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये प्रो. अरुण शुक्ल, विभागाध्यक्ष ने कहा कि कबीर दास केवल एक संत नहीं, बल्कि समाज सुधारक, विचारक और क्रंतिकारी कवि थे। उन्होंने अपने दोहों और साखियों के माध्यम से समाज में मानवतावादी विचारधारा बीजारोपण किया। जो वर्तमान में भी उतना ही प्रासांगिक है। वे समाज सुधार और धार्मिक एकता एवं सांप्रदायिक सद्भाव की प्रेरणा स्त्रोत थे।

कार्यक्रम में डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि कबीर दास सत्य, प्रेम और अहिंसा को अपनाने की प्रेरणा देते है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा कबीर दास की साखियों वाचन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, डॉ. ज्ञानेश पाण्डेय, डॉ. स्वाति मिश्रा, डॉ. मनोज विश्वकर्मा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया के साथ लगभग 45 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पोड़ी पिपरिया में उर्स का आयोजन 13 को

सिहोरा। यादगारे हजरत गौसे आजम वलिये कामिल रहमत अलैह की शान में 30 वें साल भी निकटवर्ती ग्राम पोड़ी पोंडा पिपरिया आश्रम में उर्स का आयोजन किया गया है। जिसमें आज गुरुवार को ख्वाजा गरीब नवाज की शान में चादर पोशी व मिलाद शरीफ एंव कल 13 जून शुक्रवार को कब्बाली का शानदार आयोजन रात्रि 9 बजे से किया गया है।उर्स कमेटी के संचालक मोहम्मद इकबाल पंजी ने बताया कि भारत के मशहूर कव्वाल शब्बीर साबरी, सदाकत साबरी एवं हाजी मुईन निजामी,हाजी असलम निजामी उत्तर प्रदेश अपनी कव्वाली पेश करेंगे। आयोजन में पहुंचने की अपील उर्स कमेटी के अध्यक्ष शेख फरीद, उपाध्यक्ष नूर मोहम्मद मदारी, अयूब पेंटर,निजाम मंसूरी,डॉक्टर इरशाद, महबूब खान, शेख बबलू मदारी, मोहम्मद नौशाद, शेख रशीद, शेख अयूब, हनीफ बाबा, शेख अशरफ, सलीम पहलवान, शेख मोहर्रम, मंच संचालन मंसूर मंसूरी, नजीम मंसूरी आदि ने की है।

सिहोरा स्टेशन में ट्रेनों के स्टापेज को लेकर विधायक ने जीएम रेलवे को सौंपा ज्ञापन

सिहोरा। सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के स्टापेज की मांग को लेकर सिहोरा मझौली, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा ट्रेन स्टापेज संघर्ष समिति की मुहिम लगातार जारी है इसी कड़ी में समिति के संयोजक अरुण जैन के नेतृत्व में विधायक सिहोरा एंव रेलवे जीएम को सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन आगमन पर ज्ञापन सौंपा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने विधायक संतोष बरकडे से उनके कार्यालय पहुंचकर भेंट की एंव ज्ञापन सौंपा। विधायक बरकडे ने स्टापेज के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दिलीप दुबे, सत्य प्रकाश खरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, राजेश दाहिया, अनुपम सराफ, अंकित तिवारी, सतीश पटेल, रत्नेश दुबे, विनय जैन, दीपकदत दुबे, अखिल गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, रमेश परवानी आदि उपस्थित थे। जबलपुर पश्चिम मध्य रेल के जीएम के सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन आगमन पर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने रीवा नागपुर इतवारी, शहडोल नागपुर एंव शीघ्र प्रारम्भ हो रही रीवा पूना सहित अन्य ट्रेनों के स्टापेज सहित स्टेशन के सामने बाधक बन रहें ट्रांसफार्मर को हटाने, जीआरपी चौकी पुनः स्थापित करने सहित अनेक मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

कबीरपंथी समाज उत्थान समिति ने संत कबीर जयंती पर शोभायात्रा निकाली

जबलपुर। संत कबीर जयंती के अवसर पर जबलपुर संस्कारधानी में चारों तरफ संत कबीर की जयंती भव्य एवं विशाल रूप से मनाई जा रही है, इसी तारतम्य में कबीरपंथी समाज उत्थान समिति के द्वारा एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ जबलपुर के मालवी चौक से किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, नगर निगम महापौर जगत बहादुर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक हरेंद्र जीत सिंह बब्बू, अमित जैन, लेखराज सिंह, हिरदेश सिंह राजपूत की उपस्थिति रही। इस अवसर पर कबीर धर्म प्रचारक महंत अंबिका दास, मुनीम दास सोनवानी, संतोष महंत की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। पूरी शोभायात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में कबीरपंथी समाज उत्थान समिति के सुरेंद्र कुमार संत, कंचन दास कुलदीप, युधिष्ठिर सोनवानी, शिवनारायण पटेल, दयादास सोनवानी, इमरत दास सोनवानी, केहर दास सोनवानी, ओमकार सोनवानी, गौतम दास पनारिया, उमेश बैरागी, संतोष गायकवाड एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



श्री श्रवण कुमार श्रीवास्तव-



सुराही बिल्डिंग न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री अजय, अभय, गोपाल, मनोज व नीलेश श्रीवास्तव के पिता श्री श्रवण कुमार श्रीवास्तव (82) का निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज गुरूवार को सुबह 10 बजे गौरीघाट मोक्षधाम की ओर प्रस्थान करेगी।

श्री पारसनाथ शर्मा- शीतलपुरी बल्देवबाग निवासी श्री पारसनाथ शर्मा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती चंद्रकली अग्रवाल- कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री परषोत्तम अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकली अग्रवाल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती रानी रजक- मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री दिलीप कुमार रजक की धर्मपत्नी श्रीमती रानी रजक (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री कामता सोनखरे- बेलबाग टोरिया निवासी श्री कामता सोनखरे (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री नीलेश पटेल- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री संतोष कुमार पटेल के पुत्र श्री नीलेश पटेल (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

कु. दिव्या जाट- कंजड़ मोहल्ला पूर्वी बेलबाग निवासी श्री गिरीश जाट की पुत्री कु. दिव्या जाट (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती तुलसी ठाकुर- मांडवा रामपुर छापर निवासी श्री संतोष ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसी ठाकुर (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती स्नेहलता जाट- कंजड़ मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री सिद्धनाथ जाट की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता जाट (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती हरछठ बाई कोल- विजयनगर एमआर फोर निवासी श्री मिही लाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती हरछठ बाई कोल (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुखमता चौरसिया- वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री श्रीराम चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुखमता चौरसिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री प्रमोद यादव- आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री प्रमोद यादव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री काली चरण केवट- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री काली चरण केवट (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

मारपीट की तीन वारदातों में 5 घायल

जबलपुर। कोतवाली और गोरखपुर थाना क्षेत्र में मारपीट की तीन वारदातें सामने आई है। शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने पांच युवकों पर बीयर की बोतल, चाकू और पत्थर से हमला कर घायल कर दिया।

कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू जगदंबा कालोनी निवासी 35 वर्षीय अतुल नामदेव गत शाम लगभग 6.30 बजे अपने छोटे भाई अनिल नामदेव के साथ अपने काम से शिक्षक कालोनी जा रहा था। रास्ते में शनि रजक, विक्की उर्फ विकास रजक, सौरभ रैकवार मिले और उससे शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए की मांग करने लगे, मना करने पर तीनों उसके साथ गाली गलौज कर उस पर शनि रजक ने बीयर की बॉटल से सिर पर हमला कर दिया, अनिल नामदेव बीच बचाव करने लगा तो विक्की उर्फ विकास रजक एवं सौरभ रजक ने उसके साथ मारपीट कर उसे जमीन पर पटक दिया तथा तीनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1) 351, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

इसी तरह कोतवाली दुर्गाई मोहल्ला निवासी 18 वर्षीय निहाल चौधरी गत रात लगभग 10.30 बजे अपने दोस्त साहिल झारिया एवं पीयूष विश्वकर्मा के साथ पीयूष की एक्टिवा में रानीताल पेट्रोल पम्प से पेट्रोल डलवाकर उसके घर दुर्गाई मोहल्ला चेरीताल की ओर आ रहा था जैसे ही हरदौल मंदिर के पास रात लगभग 10.40 बजे पहुंचे तभी वहां पर बिट्टू गोटिया अपने साथियों के साथ मिला और उनका रास्ता रोककर शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, पैसे देने से मना करने पर बिट्टू गोटिया उसके साथ गाली गलौज करते हुये उसे एक्टिवा से उतार लिया और उसके साथ मारपीट करने लगा तथा चाकू से हमलाकर उसके पैर में चोटें पहुंचा दी। उसके साथी साहिल झारिया एवं पीयूष विश्वकर्मा ने बीच बचाव किया तो बिट्टू गोटिया ने साहिल झारिया पर की जांघ पर चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

CHANGE OF NAME

I, WAS KNOWN AS RAJENDAR SINGH CHHABRA I, HAVE CHANGED THE SPELLING OF MY FIRST NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS RAJENDRA SINGH CHHABRA S/O GODARMAL CHHABRA RESIDENT OF H.NO. 572, NAPIER TOWN, HAWBAGH BEHIND OF GORAKHPUR GURUDWARA, JABALPUR (M. P.) 482001

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र./सं.अधि./सं.क्र.5/2025-26/21
दिनांक:-10/06/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सौरभ केशरवानी, शेखर केशरवानी पिता स्व. राजेन्द्र केशरवानी ने भवन क्र. 995/1 का भाग वार्ड महात्मा गांधी भूतल 607+ 1199 व्या. +आ.प्रथम तल 1700 आ. दान पत्र माननीय न्यायालय के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 995/1 का भाग पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी छविरानी, बाला प्रसाद , महेन्द्र, राजेन्द्र भवन क्र. 995/1 का भाग पिन नं. 42001107/1000368803 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं. 05
नगर निगम, जबलपुर

सीएम बोले- आज देश आशावाद से भर गया, लोगों में भरोसा जगा...मोदी है, तो मुमकिन है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

2014 के पहले की सरकारें भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी थी और देश की जनता में नकारात्मकता, निराशा और अविश्वास का माहौल था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद राजनीतिक व्यवस्था में सकारात्मकता, पारदर्शिता और परिणाम का समावेश हुआ। देश आशावाद से भर गया, लोगों में भरोसा जगा कि मोदी है, तो मुमकिन है। यह केवल नारा नहीं, बल्कि जनमानस की धारणा बन गई है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से प्रधानमंत्री ने आतंकवादियों पर जो प्रहार किए, उसके बाद पाकिस्तान की भाषा बोलने वाले लोग देश हित की बात करने लगे हैं। जब नायक शक्ति संपन्न हो, सरकार सक्षम हो तो ऐसी ही अनुकूलता आती है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने साहस से वातावरण बदल दिया। आतंक का फन कुचलने का काम किया है। अमेरिका और इजराइल के बाद भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश बन गया है, जो आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारता है।

वास्तविक गुटनिरपेक्षता प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में आई: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस के जमाने में देश कहने भर को गुटनिरपेक्ष रहा, लेकिन वास्तविक गुटनिरपेक्षता प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में आई है। पड़ोसी देशों और दुनिया में भारत की छवि बदली है। नेपाल में जब भूकंप आया, तो मानवीय सहायता पहुंचाने वाला भारत ही पहला देश था। पाकिस्तान से संबंध सुधारने के लिए भी प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार प्रयास किए, लेकिन यह बात उसे समझ नहीं आई। यह भारत की नीतियों का ही परिणाम है कि पाकिस्तान के साथ हालिया विवाद के दौरान अफगानिस्तान हमारे साथ खड़ा रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में मुस्लिम देशों में भी भारत के प्रति अनुकूलता आई है।

तेजी से विकास के रास्ते पर बढ़ रहा मप्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान मप्र भी विकास के रास्ते पर तेजी से कदम बढ़ रहा है। तीसरी के बाद अब चौथी रेल लाइन का काम शुरू हो चुका है। वहीं, प्रदेश के इंदौर से मनमाड़ तक अड़ारह हजार करोड़ की रेल परियोजना पर काम शुरू हो चुका है, जिससे मुंबई जाने वाले गाड़ियों का लगभग 250 किमी का फेर बचेगा। सतना और दतिया को मिलाकर हमारे पास 8 एयरपोर्ट हैं, वहीं कई अन्य अभी पाइपलाइन में हैं। नदी जोड़ो अभियान के अंतर्गत केन-बेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन हो चुका है। जिस तरह से उत्तरप्रदेश सरकार के साथ मिलकर इस परियोजना का निर्माण हो रहा है, वैसे ही समझौते राजस्थान और महाराष्ट्र सरकार के साथ भी हुए हैं।

पीएम गरीबों के जीवन बदलने का कार्य कर रहे: शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रधान सेवक के पद की शपथ ली, उसके बाद हर निर्णय में प्रधानमंत्री ने यह साबित किया कि योजनाओं के माध्यम से भारत के हर व्यक्ति के जीवन को बदलने का कार्य किया जा रहा है। आजादी के 70 साल बाद तक लाखों की संख्या में गरीब के सिर पर पक्की छत नसीब नहीं थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार करोड़ से अधिक पक्के आवास बनाकर गरीबों को पक्की छत देने का कार्य किया है। केंद्र सरकार ने सुरक्षित अर्थव्यवस्था की मजबूती और टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार रेस्पॉन्सिव गवर्नमेंट, रिस्पांसिबल गवर्नमेंट, अकाउंटेबल गवर्नमेंट और पब्लिक पार्टिसिपेशन वाली सरकार दे रही है।

मप्र के समग्र विकास की परिकल्पना को साकार कर रहे मुख्यमंत्री: विष्णुदत्त

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस प्रकार विकसित भारत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं, उसी प्रकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश को विकसित मध्यप्रदेश बनाने की ओर तेजी से अग्रसर हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पूरी संवेदनशीलता के साथ मध्यप्रदेश का समग्र विकास को जमीन पर उतारने का कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में रीजनल इंडिस्ट्रयल समिट और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट करके भोपाल इंदौर ही नहीं संपूर्ण मध्यप्रदेश के समग्र विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन को मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।

खबर संक्षेप

एम्स: पैथोलॉजी लैब्स को मिली 88 पैरामीटर्स के लिए एनएबीएल मान्यता

भोपाल। एम्स भोपाल के पैथोलॉजी एवं प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग की प्रयोगशालाओं को 88 डायग्नोस्टिक मापदंडों के लिए आईएसओ 15189:2022 मानकों के अंतर्गत राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से मान्यता प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि पर एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि प्रत्यायन केवल एक प्रमाणपत्र नहीं है, बल्कि यह हर रोगी से एक वादा है कि उन्हें सटीकता, गुणवत्ता और वैश्विक मानकों पर आधारित सेवाएं मिल रही हैं। एम्स को चिकित्सा उत्कृष्टता का राष्ट्रीय केंद्र बनाया जाए। प्रयोगशाला प्रत्यायन यह सुनिश्चित करता है कि डायग्नोस्टिक सुविधाएं गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता और सुरक्षा के कड़े मानकों का पालन करें। यह नियमित ऑडिट, बाहरी मूल्यांकन और तकनीकी दक्षता परीक्षणों से सटीक एवं विश्वसनीय परिणामों की गारंटी देता है। इस मान्यता की सफलता का श्रेय के लिए डॉ. ई. जयशंकर, डॉ. तान्या, डॉ. हेमलता, डॉ. जयकुमार, और डॉ. शक्ति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मप्र में बड़े पैमाने पर सोलर तथा पवन ऊर्जा का हो रहा है उत्पादन: मुख्यमंत्री डॉ.यादव

मध्यप्रदेश सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाते हुए बिजली के बिल से दिलाएगी मुक्ति, आगामी तीन वर्ष में लगाए जाएंगे 32 लाख सोलर पंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जनता को पर्याप्त बिजली होगी प्राप्त, प्रदूषण से भी मिलेगी मुक्ति : मंत्री तोमर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महेश्वर में बना फ्लोटिंग एनर्जी पार्क अद्भुत है। नीमच और रीवा में बड़े सोलर प्रोजेक्ट संचालित हैं। प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता 15 गुना बढ़ चुकी है, जिसमें सौर ऊर्जा में 48 प्रतिशत और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान में राज्य में 9300 मेगावॉट से अधिक नवकरणीय ऊर्जा की परियोजनाएं संचालित हैं। अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं पर बैंक सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना' समिट में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी से किसानों की जीवन-शैली भी बदलेगी। सोलर एनर्जी से कोयला भंडार भरा रहेगा। सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाते हुए बिजली के बिल से मुक्ति दिलाएगी। आगामी तीन वर्ष में 32 लाख सोलर पंप कनेक्शन लगाए जाएंगे।

1. *प्रधानमंत्री मोदी का सपना और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प होगा पूरा*
2. *कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में हुई सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट*

अभूतपूर्व योगदान के संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगी: मंत्री शुक्ला

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि समिट के आयोजन से सौर ऊर्जा में देश को अग्रणी बनाने के स्वप्न को पूरा करने में मुख्यमंत्री के अभूतपूर्व योगदान के संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह समिट 'सूर्य मित्र कृषि फीडर' योजना को क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रदेश में इस योजना में 1900 सब-स्टेशनों पर 100 प्रतिशत क्षमता तक की परियोजनाओं का क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जाएगा। निवेशकों को अपनी परियोजनाओं के लिए 1.5 करोड़ रुपए प्रति मेगावॉट का केन्द्रीय अनुदान चुनने की स्वतंत्रता दी गई है।

बिजली की कमी दूर करने के लिए ग्रीन एनर्जी पर जोर

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिजली की कमी दूर करने के लिए ग्रीन एनर्जी पर जोर दिया जा रहा है। वे भावी पीढ़ियों के लिए कार्य कर रहे हैं इससे पर्याप्त बिजली प्राप्त होगी और प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के साथ हमारा विभाग मिलकर कार्य कर रहा है। सोलर पंप लगने से किसानों को लाभ मिलेगा। सरकार किसानों से अतिरिक्त बिजली भी खरीदेगी। बिजली से बचत की राशि स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित करने पर खर्च की जाएगी।

सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मण्डलोई ने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें सभी की उत्साहपूर्वक सहभागिता प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के ऊर्जावान मार्गदर्शन में उत्पादन एवं वितरण से संबद्ध विभाग तत्परतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मंडलोई ने कहा कि प्रदेश में नवीन ऊर्जा के विकास के लिए यह समिट अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसान अब बिजली बनाकर सिंचाई पंप चला रहे हैं। पीएम कुसुम-सी परियोजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार को 3.50 लाख यूनिट का लक्ष्य दिया है। यह करीब 1725 मेगावॉट क्षमता के रूप में परिलक्षित होता है।

टेंडर डॉक्यूमेंट की दी प्रक्रियागत जानकारी

मप्र ऊर्जा विकास निगम के एमडी अमनबीर सिंह बैंस ने 'सूर्य मित्र कृषि फीडर' योजना की जानकारी निवेशकों को दी। उन्होंने निवेशकों के लिए टेंडर डॉक्यूमेंट की प्रक्रियागत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से उपस्थिति दर्ज कराने वाले अतुल कुमार, नितिन भार्गव, दिव्यांश शर्मा, देवेंद्र सिंह चौहान, अनामिका कुमारी को प्रमाण पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने नवीन ऊर्जा परियोजना में निवेश करने वाले अभिषेक तिवारी, हरचंद्र महेश्वरी, विनोद पोरवाल, सुरेंद्र सिंह, निर्मला बरखा को लेटर ऑफ अवॉर्ड भी सौंपे। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, मधुबनी के सांसद अशोक यादव, प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया आदि मौजूद रहे।

परियोजना को धरातल पर उतारने का कार्य किया

अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों को दिन में भी और अधिक सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतारने का महती कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के क्रियान्वयन में आने वाली दिक्कतों का हर संभव समाधान किया जाएगा।

मृतकों के नाम बनाई थी फर्जी फर्म, जीएसटी विभाग की टीम ने की कार्रवाई

26 करोड़ की जीएसटी चोरी करने वाला लोहा व्यापारी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य जीएसटी विभाग की टीम ने टैक्स चोरी के एक बड़े मामले का राजफाश किया है। टीम ने कार्रवाई करते हुए 26 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अगस्त्या एंटरप्राइजेज और अग्रवाल एंटरप्राइजेज के संचालक 32 वर्षीय अमन अग्रवाल है, जिसे रायपुर से गिरफ्तार किया गया है।

जांच में सामने आया है कि लोहा व्यापारी अमन अग्रवाल ने वर्ष 2023 से 2025 के बीच प्रदेश के अलग-अलग जिलों में स्थित बोगस फर्मों के माध्यम से करीब 144 करोड़ रुपए की फर्जी खरीदी की थी। इसके आधार पर उसने इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया और उसे अन्य जिलों के व्यापारियों को पास आन कर करीब 26 करोड़ का अवैध फायदा उठाया।

सरकार को 26 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान

बता दें कि कारोबारी ने मृतकों के नाम पर 8 फर्म बनाई थी। गिरफ्तार लोहा कारोबारी अमन अग्रवाल से पूछताछ की जा रही है। साथ ही जब्त दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। आरोपियों को बुधवार न्यायालय में पेशकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा सकता है। जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर नरेंद्र वर्मा ने बताया कि वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में 262 करोड़ की खरीदी-बिक्री बोगस फर्मों से कारोबारी अमन अग्रवाल ने करके 26 करोड़ रुपए का इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया और छत्तीसगढ़ के दूसरे फार्म को बेचना दिखाया था। जांच में वह फर्म फर्जी निकले। इससे सरकार को 26 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ। अमन अग्रवाल आयरन स्क्रैप, लोहे के कारोबार से जुड़ा है।

10 बोगस फर्म बनाकर की हेराफेरी

जानकारी के मुताबिक लोहा कारोबारी अमन अग्रवाल अगस्त्य इंटरप्राइजेज और अग्रवाल इंटरप्राइजेज का मालिक है। जीएसटी के सेक्शन 69, 132 बी के तहत इस पर कार्रवाई की गई है। कारोबारी पर 10 बोगस फर्म से खरीदी करना दिखाकर टैक्स की हेराफेरी की है। जीएसटी टीम की जांच में साफ हुआ है कि कारोबारी अमन ने जिन व्यक्तियों के नाम पर बोगस फर्में बनाई थीं, उनमें से कुछ की मृत्यु 2010 में हो चुकी थी, लेकिन उनके नाम से 2013 और 2015 में फर्जी खरीदी दिखाकर उसने लेनदेन किया।

क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई कर 2 स्मैक तस्करों को दबोचा

भोपाल। क्राइम ब्रांच की टीम ने 2 स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 40.70 ग्राम स्मैक, एक बुलेरे वाहन एवं एक मोबाइल जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक विदिशा में भी अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में गिरफ्तार हो चुका है। दरअसल क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर सफेद रंग की बोलेरो कार में बैठे युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम दीपक पिता राम सिंह रघुवंशी उम्र 34 साल निवासी गीता टॉकीज के पास गंजबासौदा जिला विदिशा का बताया। तलाशी ली तो बोलेरो में मोबाइल और पन्नी में मटमेला सफेद रंग का पाउडर मिला।

किसान का बदल गया भाग्य, ऑनलाइन गेमिंग एप में 39 रुपए से कमाए 4 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

गुरूर ब्लॉक के भोथली गांव के रहने वाले किसान कीर्तन कुमार साहू ने अपने धैर्य, खेल की समझ और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर निरंतर अभ्यास से ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जो हर ग्रामीण युवा के लिए प्रेरणा बन गया है।

उन्होंने 39 रुपए लगाकर देश के सबसे बड़े क्रिकेट लीग आईपीएल के सेमीफाइनल मैच में 4 करोड़ रुपए की इनामी राशि जीती है। इस जीत से गांव में हर्ष का माहौल है और कीर्तन खुद को बेहद सौभाग्यशाली मानते हैं।

सेमीफाइनल बना सपनों का टर्निंग पॉइंट

आईपीएल के सेमीफाइनल में मुंबई वर्सेस पंजाब के मुकाबले में कीर्तन ने अपनी रणनीति से कप्तान और उपकप्तान चुनकर बेहतरीन टीम तैयार की। मैच खत्म होने के बाद उन्हें उम्मीद नहीं थी कि वो करोड़पति बन जाएंगे। अगले दिन जब उन्होंने मोबाइल देखा तो उन्हें यह जानकारी मिली कि उन्होंने प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल कर लिया है। शुरुआत में उन्हें यकीन नहीं हुआ, लेकिन गेमिंग कंपनी की ओर से फोन आने और पैसे खाते में ट्रांसफर होने के बाद यह हकीकत साबित हुई।

खेती से करोड़ों तक का सफर

मूल रूप से कृषक परिवार से ताल्लुक रखने वाले कीर्तन साहू खेती-किसानी करते हैं। वे बताते हैं कि उन्होंने यूट्यूब से ऑनलाइन गेमिंग के गुर सीखे। क्रिकेट के प्रति गहरी रुचि और लगातार अभ्यास के चलते उन्होंने हर मैच में अपनी समझ का इस्तेमाल करते हुए टीम बनाई। आखिरकार सेमीफाइनल में उन्होंने परफेक्ट टीम बनाकर पहला स्थान प्राप्त किया।

पिंजरे में कैद हुआ खूंखार तेंदुआ, 6 ग्रामीण और बच्चों पर किया था जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर में वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है, फारेस्ट ऑफिसरों ने धावा क्षेत्र के आछी डोंगरी में आदमखोर तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया है। बता दें कि 2024 से अब तक कुल 6 ग्रामीण और बच्चों पर जानलेवा हमला करके घायल कर दिया था। तेंदुए के पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। जिले से सटे गांवों में इन दिनों तेंदुए ने आतंक मचा रखा था। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल था।

9 जिलों में आंधी-तूफान और बिजली का अलर्ट

लोकल सिस्टम की वजह से बारिश ने लोगों को गर्मी से दी थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इन दिनों मौसम का मूड कुछ बदला-बदला सा है। मानसून ने भले ही अभी पूरी तरह जोर नहीं पकड़ा, लेकिन लोकल सिस्टम की वजह से कई इलाकों में बारिश ने लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत दी है। मंगलवार शाम रायपुर में हुई आधे घंटे की बारिश ने जहां सड़कों को तालाब में बदल दिया, वहीं बस्तर संभाग के 9 जिलों में मौसम विभाग ने यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

जून में सूखे की मार

इस साल जून का महीना बारिश के लिहाज से छत्तीसगढ़ के लिए अच्छा नहीं रहा. प्रदेश के 33 में से 27 जिलों (लगभग 82%) में बारिश सामान्य से कम हुई है। पूरे राज्य में औसतन 51% बारिश की कमी दर्ज की गई है। सिर्फ 6 जिलों में ही सामान्य या उससे ज्यादा बारिश हुई। अगर मानसून की स्थिति ऐसी ही रही, तो खरीफ फसलों पर इसका बुरा असर पड़ सकता है।

पिछले साल से बेहतर स्थिति

पिछले साल की तुलना में इस बार का मौसम थोड़ा राहत देने वाला है। जून 2024 में अधिकतम तापमान 45.7 तक पहुंच गया था।

मानसून में देरी, लोकल बारिश का असर

मौसम विभाग के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में मानसून अभी पूरी तरह सक्रिय नहीं हुआ है। बस्तर से आगे बढ़ने में मानसून को अभी 2-3 दिन और लग सकते हैं। फिलहाल, जो बारिश हो रही है, वो लोकल सिस्टम की वजह से है। मंगलवार को रायपुर में हुई बारिश ने कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा कर दी। विधानसभा क्षेत्र में तो ब्लैकआउट जैसी स्थिति बन गई। बस्तर संभाग के 5 जिलों में यलो अलर्ट और 4 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी है। धमतरी और गरियाबंद में तेज हवाओं के साथ अंधड़ और बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है।

मौसम में बदलाव की संभावना बनी

छत्तीसगढ़ में मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही कई क्षेत्रों में मेघ गर्जन के साथ 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं और बिजली गिरने का खतरा भी बना रहेगा, जिससे सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। राजधानी रायपुर में बादल छाए रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान लगभग 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

खबर संक्षेप

एसबीआई ने ग्राहक अनुभव बेहतर बनाने की नियुक्ति

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक ने देशभर में अपनी शाखाओं में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पदों पर 13,455 लोगों को नियुक्त किया है। इस भर्ती का उद्देश्य 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्त पदों को भरना है। कठोर एवं पारदर्शी मूल्यांकन के बाद 13,455 अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए चुना गया है।

भारत ने स्विस दवा कंपनियों के उत्पादों की नकल को नकारा

बर्न। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय दवा कंपनियों द्वारा स्विस कंपनियों के उत्पादों की नकल करने के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करता है और कभी भी दूसरों की प्रौद्योगिकी की नकल नहीं करता है यह एक मिथक है जिसे वर्षों से प्रचारित किया जा रहा है।'

रुपया छह पैसे की तेजी के साथ 85.51 प्रति डॉलर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की तेजी के साथ 85.51 पर बंद हुआ। मजबूत विदेशी पूंजी प्रवाह तथा विश्व की प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर कमजोर होने के साथ रुपये में तेजी आई। मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशक बाजार से दूर रहे और लाभ सीमित रहा।

ग्रीव्स इलेक्ट्रिक ने विकास सिंह को एमडी किया नियुक्त

मुंबई। ग्रीव्स कॉटन की इकाई, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (जीईएमएल) ने विकास सिंह को अपना नया प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति दो जून से प्रभाव में आ गयी है। भारतीय और बहुराष्ट्रीय संगठनों में नेतृत्व के पदों पर काम कर चुके सिंह, कंपनी के विकास के अगले चरण का नेतृत्व करेंगे। मौजूदा प्रबंधन टीम उन्हें रिपोर्ट करेगी।

एनटीपीसी ने ईसीबी के जरिए 75 करोड़ डॉलर जुटाए

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने अपने कारोबार के विस्तार के लिए बाह्य वाणिज्यिक कर्ज (ईसीबी) के जरिये 75 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा ने इस कर्ज के लिए 'लीड अरेंजर' के रूप में काम किया। एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि इस राशि का उपयोग एनटीपीसी के मौजूदा या नए क्षमता विस्तार कार्यक्रमों के लिए पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

रेखा झुनझुनवाला ने नजारा में बेची अपनी हिस्सेदारी

नई दिल्ली। दिवंगत राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला ने खुले बाजार में लेनदेन के जरिये नजारा टेक्नोलॉजीज में अपने पति की करीब आधी हिस्सेदारी बेचकर 3.6 प्रतिशत कर दी है। रेखा को राकेश झुनझुनवाला की संपत्ति का प्रबंधन और निष्पादन करने का अधिकार हासिल है। झुनझुनवाला ने 9-10 जून, 2025 को गेमिंग एवं ईस्पोर्ट्स कंपनी में करीब 1.4 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी 12,36,500 शेयर बेचे। इससे पहले, उन्होंने दो से छह जून, 2025 के बीच नजारा टेक्नोलॉजीज के 17,38,500 शेयर (कुल शेयर पूंजी का 1.98 प्रतिशत) बेचे थे।

सेबी 1 अक्टूबर से लागू करेगा नया यूपीआई पेमेंट सिस्टम, पैसा होगा सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को कहा कि उसने प्रतिभूति बाजार के भीतर वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में सुधार के लिए निवेशकों से धन एकत्र करने वाले सभी पंजीकृत मध्यस्थों के लिए एक नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था को अनिवार्य कर दिया है। पंजीकृत मध्यस्थों में शेयर ब्रोकर, मर्चेंट बैंकर, डिपॉजिटरी, निवेश सलाहकार और पोर्टफोलियो प्रबंधक शामिल हैं। ये मध्यस्थ वित्तीय बाजारों में निवेशकों और विभिन्न इकाइयों के बीच कड़ी की तरह काम करते हैं।

- वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में होगा सुधार

सेबी ने नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था को बनाया अनिवार्य

क्यूआर कोड स्कैन हो पाएगा

यह नया साधन क्यूआर कोड स्कैन कर या यूपीआई आईडी दर्ज करके और पंजीकृत मध्यस्थ के खाता नंबर एवं आईएफएससी कोड जैसे बैंक विवरणों की पुष्टि करके यूपीआई पहचान की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में सक्षम करेगा। सेबी ने जनवरी में इस संबंध में एक परामर्श पत्र जारी किया था। उस पर आए सुझावों को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है।

पंजीकृत बिचौलियों के लिए अनिवार्य होगा

इन्हीं को ध्यान में रखते हुए सेबी ने यह कदम उठाया है। फर्जी तरीके से पहचान के इस्तेमाल की समस्या से बचने और निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए बाजार नियामक ने निवेशकों से धन एकत्र करने वाले सभी पंजीकृत बिचौलियों के लिए एक नए यूपीआई पता संरचना को अनिवार्य कर दिया है।

गैर-पंजीकृत संस्थाओं ने निवेशकों को किया गुमराह

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने यहां संवाददाताओं को बताया कि यह एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) भुगतान व्यवस्था एक अक्टूबर, 2025 से सक्रिय हो जाएगी। हाल के वर्षों में कई गैर-पंजीकृत संस्थाओं ने धोखाधड़ी के जरिये निवेशकों को गुमराह किया है।

सेबी चेक नाम की नई क्षमता विकसित कर रहा

पांडेय ने कहा, ''यह अभिनव तंत्र सत्यापित और सुरक्षित भुगतान माध्यम देकर प्रतिभूति बाजार के भीतर वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में महत्वपूर्ण रूप से सुधार करने के लिए तैयार है।'' निवेशकों को सशक्त बनाने के लिए बाजार नियामक 'सेबी चेक' नाम की एक नई क्षमता विकसित कर रहा है।

नए तापमान मानदंड़ों का अनुपालन कुछ महीनों के भीतर

एसी उद्योग तापमान मानकों के अनुपालन के लिए ग्राहकों से नहीं लेगा कोई शुल्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर-कंडीशनर बनाने वाली कंपनियां सरकार के नये तापमान मानदंडों का अनुपालन कुछ महीनों के भीतर करेंगी और इसके लिए उपभोक्ताओं को अतिरिक्त राशि नहीं चुकानी होगी। एयर कंडीशनर बनाने वाली वोल्टास, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्लू स्टार और हायर जैसी प्रमुख कंपनियों ने इस कदम का स्वागत किया है।

यह कदम न केवल ऊर्जा की बचत करके उद्योग को स्थायी रूप से बढ़ने में मदद करेगा, बल्कि बिजली की खपत को अनुकूलतम बनाएगा। यह गर्मियों में बिजली खपत को कम करेगा और एसी का जीवनकाल भी बढ़ाएगा।

कूलिंग की दिशा में स्वागत योग्य कदम

उद्योग को इसके क्रियान्वयन के लिए रिमोट कंट्रोल और इसके डिजाइन और सेटिंग्स में कुछ मामूली संशोधन करने होंगे और इसके क्रियान्वयन के लिए छह महीने तक का समय चाहिए। वोल्टास के मनोनीत प्रबंध निदेशक मुकुंदन मेनन ने कहा कि कमरे में उपयोग होने वाले एयर कंडीशनर (आरएसी) के तापमान दायरे को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच मानकीकृत करने का निर्णय, स्मार्ट और पर्यावरण अनुकूल 'कूलिंग' की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है।

28 से ऊपर तापमान ले जाया जा सकेगा

बिजली मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा था कि सरकार वाहन और घरों में लगे एसी के तापमान को मानकीकृत करने को लेकर उपकरण विनिर्माताओं तथा राज्यों के साथ बातचीत कर रही है। इसके तहत इसे 20 डिग्री से कम नहीं किया जा सकेगा और न ही 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर ले जाया जा सकेगा।

जरूरत से अधिक ठंडा करने का मुद्दा लंबे समय से

ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा कि कमरों को जरूरत से अधिक ठंडा करने का मुद्दा लंबे समय से चर्चा में था। उन्होंने कहा, ''उद्योग इसे लागू करने में बहुत सहज है। सवाल यह है कि रिमोट फर्मवेयर (हार्डवेयर उपकरणों में लगा सॉफ्टवेयर) को बदलना होगा और पुराने माल को निर्धारित तिथि पर प्रबंधित करना होगा। यह एक सरल काम है। इसलिए, कोई समस्या नहीं है।'

- सरकार से इस कदम का प्रमुख कंपनियों ने किया स्वागत
- बिजली की खपत कम होगी और एसी की लाइफ बढ़ेगी
- रिमोट कंट्रोल के डिजाइन और सेटिंग्स में संशोधन करने होंगे

उपकरण फिर से डिजाइन करने होंगे

मंत्री ने कहा, ''यह कदम भारत के व्यापक ऊर्जा दक्षता लक्ष्यों और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की जिम्मेदार ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।'' हालांकि, क्रियान्वयन के लिए विनिर्माताओं को संशोधित तापमान मानकों का अनुपालन करने के लिए उपकरणों को फिर से डिजाइन करना होगा या सॉफ्टवेयर लगाना होगा।

जेब पर बोझ कम पड़ेगा

सतीश ने कहा कि उपभोक्ताओं के लिए, कम बिजली की खपत का मतलब बिजली की बचत है, जो उनकी जेब पर पड़ने वाले बोझ को कम करेगा। वोल्टास के प्रबंध निदेशक और सीईओ प्रदीप बख्शी ने कहा, ''यह लोगों, सरकार और सभी के लिए फायदे वाली स्थिति है। यह सरकार का एक अच्छा कदम है।'' एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसे अगले दो से तीन महीनों में हासिल किया जा सकता है।

सबसे तेजी से बढ़ रहा एसी बाजार

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि यह एक 'प्रगतिशील कदम' है और भारत को जिम्मेदार ऊर्जा उपयोग के लिए प्रतिबद्ध देशों के चुनिंदा समूह में रखता है। भारत में कमरे में लगने वाले एयर कंडीशनर बाजार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। एक अनुमान के अनुसार, इसका बाजार लगभग 1.5 करोड़ इकाइयों का है।

भविष्य में एआई दूरसंचार नेटवर्क की होगी आधारभूत प्रौद्योगिकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दूरसंचार विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) भविष्य के दूरसंचार नेटवर्क के लिए एक आधारभूत प्रौद्योगिकी के रूप में काम करेगा और एआई-जनित प्रणालियां अनुभूतिपरक अनुभव, स्वायत्त संचालन और एकीकृत संवेदन जैसी नई सेवाओं को सक्षम करेंगी।

दूरसंचार विभाग में सदस्य (प्रौद्योगिकी) संजीव के बिदवई ने बुधवार को कहा कि सी-डॉट, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और अन्य प्रमुख शोध एवं विकास केंद्र स्वदेशी एआई-संचालित दूरसंचार प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहे हैं।

- एकीकृत संवेदन जैसी नई सेवाओं को सक्षम करेंगी

बिदवई ने कहा, ''आईटीयू-आर के दृष्टिपत्र एम.2160 के मुताबिक, भविष्य के नेटवर्क के लिए एआई एक महत्वपूर्ण अंशदाता होगा। इसमें बुद्धिमान रेडियो इंटरफेस प्रबंधन से लेकर व्यक्तिगत सेवा वितरण तक शामिल होंगे। बिदवई ने कहा, ''मूल रूप से एआई पर आधारित नेटवर्क न केवल जटिलता का प्रबंधन करेंगे बल्कि नई सेवा सीमाओं, अनुभूतिपरक डिजिटल अनुभवों, स्वायत्त प्रणालियों, एकीकृत संवेदन को मूर्त रूप देंगे। यह विकास केवल प्रौद्योगिकी स्तरीय न होकर रणनीतिक है।''

भारत दुनिया के सबसे बड़े बाजार में एक

अधिकारी ने यहां दूरसंचार नेटवर्क में एआई की भूमिका पर आयोजित एक बैठक में कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े और सबसे गतिशील दूरसंचार बाजारों में से एक है, जो एआई जनित समाधानों के लिए समृद्ध और विविध परीक्षण आधार प्रदान करता है।

गोल्ड ईटीएफ में मई के दौरान 292 करोड़ रुपए का शुद्ध प्रवाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोने की कीमतों के जुझारू रुख और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच मई के दौरान गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में 292 करोड़ रुपये का शुद्ध प्रवाह देखा गया। नवीनतम आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है।

गोल्ड ईटीएफ ऐसा निवेश साधन हैं जो भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन इन्हें कागज या डीमैट (इलेक्ट्रॉनिक) रूप में रखा जाता है। म्यूचुअल फंड उद्योग के निकाय एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की तरफ से जारी मई माह के आंकड़ों से पता चलता है कि दो महीने तक निकासी का सिलसिला कायम रहने के बाद मई में गोल्ड ईटीएफ में शुद्ध प्रवाह देखा गया।

इस वजह से गोल्ड ईटीएफ श्रेणी में प्रबंधन-अधीन संपत्तियां बढ़कर 62,453 करोड़ रुपये हो गईं, जो अप्रैल में 61,422 करोड़ रुपये थी।

- वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच शुद्ध प्रवाह देखा गया
- गोल्ड ईटीएफ भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व करता है

आंकड़ों के मुताबिक, गोल्ड ईटीएफ में पिछले महीने 292 करोड़ रुपये का शुद्ध प्रवाह देखा गया, जबकि अप्रैल में छह करोड़ रुपये और मार्च में 77 करोड़ रुपये की निकासी देखने को मिली थी। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया में वरिष्ठ विश्लेषक एवं शोध प्रबंधक नेहल मेश्राम ने कहा, ''मई में नए सिरे से हुई वृद्धि गोल्ड ईटीएफ को लेकर निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ने का संकेत देती है।

गोल्ड ईटीएफ खातों की संख्या बढ़कर 73.69 लाख

हालांकि, ईटीएफ में निवेश अब भी वर्ष 2025 की शुरुआत में देखे गए स्तर तक नहीं पहुंचा है लेकिन रुझान सोने में रुचि की क्रमिक और सोची-समझी वापसी का संकेत देते हैं। गोल्ड ईटीएफ के खातों की संख्या अप्रैल में 71.45 लाख से बढ़कर मई में 73.69 लाख हो गई। यह सोने से संबंधित कोषों के प्रति निवेशकों के बढ़ते झुकाव को दर्शाता है।

एयरटेल ने 1.80 लाख संदिग्ध लिंक पर कर्नाटक में लगाई रोक..

बेंगलुरु। दूरसंचार सेवाप्रदाता भारती एयरटेल ने बुधवार को दावा किया कि उसने ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के मद्देनजर अपनी उन्नत धोखाधड़ी पहचान प्रणाली शुरू करने के महज 25 दिन के भीतर कर्नाटक में 1.80 लाख से अधिक लिंक पर रोक लगाई। कंपनी बयान के अनुसार, यह पहल कृत्रिम मेधा (एआई)-संचालित धोखाधड़ी पहचान प्रणाली के राष्ट्रव्यापी क्रियान्वयन के हिस्से के रूप में की जा रही है। भारती एयरटेल ने कहा, '' सभी एयरटेल मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए स्वचालित रूप से सक्षम व उन्नत

प्रणाली..एसएमएस, व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ई-मेल और अन्य ब्राउजर में लिंक को स्कैन और फिल्टर करती है। यह प्रतिदिन एक अरब अरब से अधिक यूआरएल की जांच करने के लिए खतरे से जुड़ी खुफिया जानकारी का इस्तेमाल करती है और 100 मिलीसेकंड से कम समय में इन संदिग्ध साइट पर रोक लगाती है।''

इरेडा ने संस्थागत नियोजन से 2,005 करोड़ रुपए जुटाए

- निर्गम 5 जून को खुलकर 10 जून को हुआ बंद
- एजेंसी को क्यूआईबी से अच्छी प्रतिक्रिया मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लि. (इरेडा) ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के माध्यम से 2,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाये हैं।

कंपनी ने बयान में कहा कि यह निर्गम पांच जून को खुलकर 10 जून को बंद हुआ था। इसे पात्र घरेलू और विदेशी संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) दोनों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। इसमें बीमा कंपनियां, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक शामिल हैं। कंपनी के निदेशक मंडल ने बुधवार को आयोजित अपनी बैठक में पात्र संस्थागत खरीदारों को इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी दे दी है। पात्र संस्थागत नियोजन के तहत जारी 1,500 करोड़ रुपये के निर्गम को 1.34 गुना अभिदान मिला। कुल 2,005.90 करोड़ रुपये की बोलियों मिलीं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अंतर्गत आने वाला इरेडा ने कहा कि पूंजी 165.14 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 12.15 करोड़ इक्विटी शेयर जारी कर जुटाई गई।

विदेशी पूंजी प्रवाह से सेंसेक्स 123 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 123 अंक चढ़ गया। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता को लेकर उम्मीद तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से वैश्विक बाजारों में बढ़त के बीच घरेलू बाजार में मजबूती रही।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 123.42 अंक की बढ़त के साथ 82,515.14 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 391.79 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी में छठे दिन भी तेजी रही और यह 37.15 अंक की बढ़त के साथ 25,141.40 अंक पर बंद हुआ।रिलिगेयर ब्रोकिंग लि. वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि स्थिर शुरुआत के बाद निफ्टी कारोबार के पहले चरण में धीरे-धीरे ऊपर चढ़ा और 25,200 अंक के स्तर तक गया, लेकिन उस स्तर पर टिके रहने में विफल रहा।

- अमेरिका व चीन के बीच व्यापार वार्ता को लेकर उम्मीद बढ़ी

पावर ग्रिड रहा नुकसान में

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, नेस्ले, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं।

इंफोसिस में रही तेजी

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स और इटर्नल प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

हिंदुस्तान जिंक 4,225 करोड़ रुपए का देगी अंतरिम लाभांश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के लिए 10 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश घोषित किया, जिसका कुल मूल्य 4,225 करोड़ रुपये है।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की बैठक में अंतरिम लाभांश के भुगतान का निर्णय लिया गया।कंपनी ने कहा, ''बुधवार को एक प्रस्ताव के माध्यम से कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दो रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर 500 प्रतिशत यानी 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का पहला अंतरिम लाभांश स्वीकृत किया है।' पिछले वित्त वर्ष में हिंदुस्तान जिंक ने 12,250 करोड़ रुपये का लाभांश वितरित किया था। कंपनी ने कहा, ''यह 19 रुपये और 10 रुपये के दो लाभांश के माध्यम से दिया गया था।' कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पहले अंतरिम लाभांश के साथ सरकार के लिए लाभांश प्राप्तियां लगभग 1,180 करोड़ रुपये हैं।

- चालू वित्त वर्ष के लिए 10 रुपए प्रति शेयर लाभांश

चांदी का उत्पादन दोगुना करने की योजना : कंपनी अपने चांदी उत्पादन को दोगुना करके 1,500-2,000 टन करने की योजना बना रही है और राजस्थान में एक उर्वरक संयंत्र भी स्थापित कर रही है। हिंदुस्तान जिंक दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक कंपनी होने के साथ वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच चांदी उत्पादकों में भी शामिल है।

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उत्पादन बढ़कर 1810 करोड़ लीटर सालाना

देश की एथेनॉल उत्पादन क्षमता चार गुना से अधिक

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अनुकूल नीतिगत पहल की मदद से नरेन्द्र मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों में भारत की एथनॉल उत्पादन क्षमता चार गुना से अधिक होकर 1,810 करोड़ लीटर सालाना हो गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

बढ़ी हुई स्थापित उत्पादन क्षमता के साथ, पेट्रोल के साथ एथनॉल का मिश्रण वर्ष 2013 के 1.53 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 19 प्रतिशत हो गया है, जिससे विदेशी मुद्रा में भारी बचत यानी 1.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। साथ ही इससे गन्ना एवं खाद्यान्न किसानों को लाभ हुआ है।

- पेट्रोल के साथ एथेनॉल का मिश्रण बढ़कर 19 फीसदी हुआ

एथेनॉल डिस्टिलेशन क्षमता में वृद्धि

केंद्र सरकार में खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2013 तक देश में एथनॉल डिस्टिलेशन क्षमता केवल 421 करोड़ लीटर थी। अधिकारी ने कहा कि विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए ब्याज सब्सिडी सहित सरकार द्वारा नीतिगत बदलावों की बदौलत देश में एथनॉल उत्पादन क्षमता 1,810 करोड़ लीटर तक पहुंच गई है।

707 करोड़ लीटर एथेनॉल मिश्रित किया गया

ईएसवाई 2023-24 में, ओएमसी द्वारा लगभग 707 करोड़ लीटर एथनॉल मिश्रित किया गया है, जिससे 14.60 प्रतिशत मिश्रण प्राप्त हुआ है। अधिकारी ने कहा कि वर्तमान 2024-25 ईएसवाई में 25 मई तक, 18.74 प्रतिशत मिश्रण प्राप्त करके लगभग 548 करोड़ लीटर एथनॉल मिश्रित किया गया है।

कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा

पेट्रोल के साथ मिश्रित एथनॉल (ईबीपी) कार्यक्रम कच्चे तेल पर आयात निर्भरता को कम करने, विदेशी मुद्रा का संरक्षण करने, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्यों के साथ शुरू किया गया था। केंद्र सरकार इस कार्यक्रम को पूरे देश में लागू कर रही है, जिसमें पेट्रोलियम विपणन कंपनियां एथनॉल के साथ मिश्रित पेट्रोल बेचती हैं।

ईंधन ग्रेड एथेनॉल की आपूर्ति बढ़ी

अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में अधिकारी ने कहा, ''ईंधन ग्रेड एथनॉल का उत्पादन और ओएमसी को इसकी आपूर्ति 2013-14 से 2023-24 तक 18 गुना से अधिक बढ़ गई है। केंद्र की ब्याज सब्सिडी नीति की मदद से गुजरात में कई एथनॉल संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

वोडाफोन-आइडिया ने बेंगलुरु में शुरू की अपनी 5जी सेवाएं

बेंगलुरु। दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने बुधवार से बेंगलुरु में अपनी 5जी सेवाएं शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी बयान के अनुसार, मुंबई, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पटना और चंडीगढ़ में हालही में 5जी सेवाएं शुरू करने के बाद इसे यहां भी इसे शुरू किया गया। यह इस साल अगस्त तक सभी प्राथमिकता वाले 17 क्षेत्रों में 5जी सेवाएं शुरू करने की कंपनी की रणनीति का हिस्सा है। दूरसंचार कंपनी ने कहा कि बेंगलुरु में वोडाफोन आइडिया के 5जी-सक्षम उपकरण वाले उपयोगकर्ता अब हमारी 5जी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं... 299 रुपये से शुरू होने वाले 'प्लान' पर उपयोगकर्ताओं को असीमित 5जी डेटा उपलब्ध है।

खबर संक्षेप

न्यायालय ने मारपीट करने वाले दो आरोपियों पर लगाया जुर्माना

उमरियापान। मारपीट के दो अलग अलग मामलों में भी न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा पूर्वी तिवारी ने दो अलग-अलग आरोपियों को न्यायालय उठने तक का कारावास और डेढ़-डेढ़ हजार रुपये का जुर्माना लगाया। दोनों प्रकरण साल 2017 के है।
एडीपीओ विनोद सिंह लोधी ने बताया कि पप्पू उर्फ लखन दाहिया ने (48)इटवां निवासी ने अपने पड़ोसी प्रदीप को खेत में सिंचाई करने के लिए पाइप से पानी लेने को लेकर मारपीट कर दिया। वहीं उमरियापान थाना क्षेत्र के बिछिया निवासी नरेश गौंटिया(60) ने शरद को गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ितों न की शिकायत पुलिस थाना में दर्ज कराई।

शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ किया कार्रवाई

उमरियापान। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चार वाहन चालकों के खिलाफ उमरियापान पुलिस ने कार्रवाई किया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि वाहन चैकिंग के दौरान यातायात के नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले राहुल पिता कैशव प्रसाद साहू निवासी बंधी धूरी, सूरज सिंह पिता प्यारे लाल नायक निवासी गोहरगंज जिला रायसेन,अर्जुन पिता रवि कोल निवासी ग्राम इटवा और सुनील पिता राममिलन चौधरी निवासी देवरी मंगेला के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

जर्जर भवन मालिकों के विरूद्ध करें कार्रवाई

कटनी। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने क्षेत्रों में जर्जर भवनों की सूची तैयार करें और मानसून आने के पहले जिला प्रशासन के सहयोग से जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित नागरिकों के उचित विस्थापन किये जाने के भी निर्देश दिये हैं। आयुक्त ने यह कार्यवाही नगर निगम अधिनियम और नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को आगाह किया है कि सतर्कता के साथ की गई कार्यवाही से जनधन हानि से बचा जा सकता है। आयुक्त ने जर्जर भवनों की सूची तत्काल संबंधित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराने के लिये कहा है। आयुक्त नगरीय प्रशासन ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को अपने शहरी क्षेत्र के नाले-नालियों की साफ-सफाई प्राथमिकता से करवाने के लिये कहा है। उन्होंने कहा कि नाले-नालियों की उचित साफ-सफाई न होने की वजह से जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। इस वजह से नागरिकों को तकलीफ का सामना करना पड़ता है।

पारदर्शी एवं त्वरित सेवा के लिए योजना

कटनी। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केन्द्रीकृत वेब आधारित ई-नगरपालिका 2.0 योजना प्रारंभ की है। यह योजना डिजिटल इण्डिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी और त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से लागू की गयी है। ई-नगरपालिका 1.0 द्वारा नगरीय निकायों द्वारा प्रदत्त समस्त नागरिक सेवाओं, जन-शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य-प्रणाली, समस्त भुगतान और बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनलाइन सुविधा प्रदाय की जा रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है, जहाँ प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है। ई-नगरपालिका 2.0 का विभिन्न विभागों जैसे उद्योग, राजस्व, पंजीयन विभाग आदि एवं भारत सरकार के महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप जैसे उमंग से भी एकीकृत किया गया है। नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को प्रदाय करने के लिये एकीकृत एकल एसएपी, ईआरपी प्लेटफार्म आधारित ई-नगरपालिका 1.0 लागू की गयी थी। इसके बाद ई-नगर पालिका 2.0 नगरीय निकायों में लागू कर दी गयी है।

बड़वारा पुलिस ने विलायता क्षेत्र में तो स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम पड़वार में दी दबिश

तस्करों एवं कच्ची शराब बनाने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शराब के अवैध कारोबार एवं तस्करी करने वालों के विरूद्ध नवागत पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा के सख्त निर्देशों के बाद अब थानों की पुलिस थोड़ी चौकस नजर आ रही है। शराब की तस्करी एवं अवैध निर्माण करने वालों के विरूद्ध पुलिस ने कार्यवाही की है। हालांकि पुलिस की छुटपुट कार्यवाही नाकाफी है। जिले में जितने बड़े पैमाने पर ठेकेदारों ने अपना नेटवर्क फैला रखा है उस हिसाब से पुलिस की कार्यवाही महज खानापूर्ति तक ही सिमटी नजर आ रही है। हैरानी की बात यह है कि पुलिसिया कार्यवाही महज छुटभैयों तक ही सीमित है जबकि माफियाओं और ठेकेदारों को अभयदान मिला हुआ है।

बड़वारा क्षेत्र में हुई कार्रवाई

बड़वारा पुलिस ने कच्ची शराब बनाने वाले ठिकाने में दबिश देकर कार्यवाही की है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा निर्देशों के बाद की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं डीएसपी हेडक्वाटर उमराव सिंह के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री, निर्माण करने वालो के विरूद्ध मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। अधिकारियो के मार्गदर्शन में बुधवार को सउनि महेश प्रताप सिंह व हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान सूचना प्राप्त होने पर ददरी मोहल्ला विलायतकला मे रेड कार्रवाई की गई। जहां एक व्यक्ति दो गुम्मो में करीब 25 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती करीब 2500 रूपये का शराब लिये मिला। आरोपी अरविन्द सिंह पिता स्व० उदय सिंह गोड उम्र 58 साल निवासी ग्राम विलायतकला रमगढा मोहल्ला थाना बडवारा जिला कटनी म.प्र. के विरुद्ध थाना बड़वारा में धारा 34(1) आब एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मौके पर 40 प्लास्टिक के डिब्बों में भरा महुआ लाहन कुल 450 कि.ग्रा. कीमती 50 हजार रुपये एवं शराब निर्माण भट्टी नष्ट की गयी।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. केके पटेल, सउनि महेश प्रताप सिंह, प्रआर वीरेन्द्र चढ़ार, आर. गौरीशंकर राजपूत, आर. आशीष तिवारी, आर. बृजलाल प्रजापति की विशेष भूमिका रही।

दो ठिकानों में दबिश देकर जब्त की गई 135 पाव शराब

इसी तरह स्लीमनाबाद पुलिस ने अवैध शराब के व्यापार में लिप्त दो आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर अवैध शराब जब्त करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया।

स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के द्वारा अवैध व्यापार एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए गए हैं।

मुखबिर की सूचना पर गत दिवस दो ठिकानों पर रेड कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के द्वारा ग्राम पड़वार से आरोपी राजकुमार पिता महेश प्रसाद जायसवाल निवासी पड़वार के कब्जे से 80 पाव लाल देशी मदिरा कीमती 8000 रूपये एवं ग्राम जुजाबल से बबलू पिता जगदीश सिंह ठाकुर निवासी जुजाबल के कब्जे 55 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 5500 रुपए की अवैध शराब रखे हुए पकड़ी गयी। जिनके विरूद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया, उनि काशिराम झारिया, सउनि सतीश जाटव, आर. विशाल शिवहरे, सोने सिंह की अहम रही।

अग्नि दुर्घटना से बचाव के लिए सजगता एवं जानकारी ही उपाय

कटनी। शहर के औद्योगिक एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में आये दिन होने वाली आगजनी की दुर्घटना के दौरान होने वाली संभावित जन-धन की हानि एवं आस - पास के सार्वजनिक क्षेत्रों में आग फैलने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने शहर के समस्त व्यावसायिक एवं अन्य क्षेत्र में कार्यरत नागरिकों से आगजनी दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी रखने एवं जागरूक रहने को कहा है। ताकि ऐसी दुर्घटनाओं के दौरान उनसे होने वाले संभावित नुकसानों से बचा जा सके। इसके लिए कटनी नगर निगम द्वारा समय-समय पर जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाती है। निगमायुक्त श्री दुबे के निर्देश पर पूर्व में नगर के सभी होटल, अस्पताल, स्कूल, मैरिज गार्डनों आदि का निरीक्षण किया जाकर सभी को फायर एन.ओ.सी प्राप्त करनें के निर्देश दिए गए है। निगमायुक्त श्री दुबे ने बताया कि घर बनाते समय अग्नि से सुरक्षा रखने की आवश्यकता है। आग लगने पर तत्काल इसका समाधान करने पर आग बढ़ेगी नहीं और स्थानीय स्तर पर इसका समाधान हो जाएगा। बहुत से ऐसे कारण होते हैं, जिसके कारण आग लगती है, फिर उसे नियंत्रित करना कठिन होता है।

मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने नगनि का महत्वपूर्ण कदम

नगर के वार्डो में 2.45 करोड़ की लागत से कराये जाएंगे विभिन्न विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन के माध्यम से प्राप्त अनुदान के माध्यम से नागरिकों को मूलभूत सुविधांए सहित अधोसंरचा विकास कार्य मुहैया कराकर नगर का एकरूपता के साथ विकास किये जानें हेतु नगर निगम प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को दृष्टित रखते हुए नगर में विकास कार्यो का सिलसिला अनवरत जारी है। जिसके तहत नगर के विभिन्न वार्डो में सामुदायिक भवन, सुगम आवागमन हेतु सड़क तथा सुचारू जलनिकासी की व्यवस्था हेतु नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यो हेतु 2 करोड़ 45 लाख 16 हजार 565 रूपये की लागत से विकास कार्य कराएं जाएंगे।

नगर निगम द्वारा जारी निविदा अनुसार दो वार्डो को सामुदायिक भवन की सौगात प्रदान की जायेगी। जिसके तहत रधुनाथ गंज वार्ड क्रमांक 23 में 53 लाख 8 हजार 453 रुपये की लागत से सामुदायिक भवन एवं प्रसाधन का निर्माण कराया जायेगा तो वहीं राम निवास सिंह वार्ड स्थित हरिजन बस्ती में 13 लाख 90 हजार 239 रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। बाबा नारायण शाह वार्ड में 25 लाख 37 हजार 186 रुपये की लागत से रोहरा बाल मंदिर के भवन का नव निर्माण कराया जायेगा। वहीं जालपा देवी वार्ड स्थित सामुदायिक भवन में 13 लाख 30 हजार 869 रुपये की लागत से टाइल्स आदि लगाने के कार्य सहित रामनिवास सिंह वार्ड में 11 लाख 33 हजार 914 रुपये की लागत से रामलीला मैदान में रैलिंग कोटा एवं आवश्यक मरम्मत कार्य भी शामिल किया गया है।

निर्माण एवं मरम्मत कार्य

नागरिकों के सुगम आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जारी निविदा में शिवाजी वार्ड में मुस्लिम कब्रिस्तान से दुर्गेश कुशवाहा के घर तक 15 लाख 17 हजार 460 रूपये की लागत से नवीन आर.सी.सी रोड निर्माण तथा वीर सावरकर वार्ड में संतोषी माता मंदिर से संजू बंगाली के निवास तक 14 लाख 38 हजार 427 लाख रूपये की लागत से सड़क मरम्मत एवं सुधार कार्य भी शामिल किया गया हे।

विभिन्न वार्डो में सुगमता से जल निकासी की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न चार वार्डों में 86 लाख 12 हजार 518 रूपये से नाली निर्माण कार्य होंगे। इन वार्डों में इंदिरा गांधी वार्ड, पंडित दीनदयाल वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में, विवेकानंद वार्ड स्थित साउथ स्टेशन एवं मेन रोड तक दोनों ओर सहित विश्राम बाबा वार्ड में झिंझरी पशु चिकित्सालय से गैस गोदाम मार्ग में सी.सी नाली का निर्माण कराया जायेगा। वहीं जय प्रकाश वार्ड में 12 लाख 47 हजार से नाला रिपेयरिंग वाल का निर्माण कराया जाना शामिल है।

कबीर जयंती पर कन्याभोज एवं भंडारे का आयोजन

महान संत सतगुरू कबीर साहब की जयंती के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित कबीर मंदिर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर में सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरूषों की भी देखने को मिली। सुबह मंदिर में सबसे पहले आरती व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। भजनों की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात झंडा चढ़ाया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में सबसे पहले कन्याभोज का आयोजन किया गया। कन्याभोज के बाद आम भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर प्रसाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सखारामजी कोरी, चम्मूलाल कोरी, राजेन्द्र कोरी, अवधेश दाहिया, ऊदल कोरी, दुर्जन लोधी, शिवकुमार कोरी, आनंदराम कोरी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों की उपस्थिति रही।

कलेक्टर द्वारा आदतन अपराधी के विरूद्ध की गई जिलाबदर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

3 माह की अवधि के लिए किया जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने रघुनाथगंज वार्ड कटनी निवासी मयंक रैकवार पिता राजेश रैकवार उम्र 24 वर्ष के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 3 माह की अवधि के लिएजिले की राजस्वक सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

आचरण में नहीं सुधार

कलेक्टर श्री यादव ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। मयंक रैकवार के विरूद्ध वर्ष 2022 से अब तक की अल्पि अवधि में ही 8 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है जिनमें अवैध वसूली करना, गाली-गलौज एवं मारपीट करना, चाकूबाजी करना, अवैध शस्त्रा कब्जें में रखना, जान से मारने की धमकी देना, विस्फोकटक पदार्थ कब्जें में रखना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्याक्तियों को जातिगत रूप से अपमानित करना एवं आमजन की संपत्ति में तोड़-फोड़ कर नुकसान पहुंचाना जैसे मामले पंजीबद्ध है।पुलिस के द्वारा मयंक रैकवार के विरूद्ध कई बार वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई फिर भी आदतन अपराधी मयंक के आचरण व्यावहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

मयंक की आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने के कारण आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यादव ने आदतन अपराधी मयंक को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्वत सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्नास एवं उमरिया जिले की राजस्वन सीमाओं से 3 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

किसान संघ ने सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

किसान संघ ने किया विरोध प्रदर्शन, जल्द खरीदी चालू नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

सरकार के द्वारा घोषणा की गई थी ग्रीष्मकालीन फसल मूंग उड़द की खरीदी सरकार के द्वारा नहीं की जाएगी इसको लेकर किसानों को चिंता सताने लगी किसानों ने इस निर्णय के विरोध में भारतीय किसान संघ के द्वारा हनुमान मंदिर के पास एकत्रित होकर नारेबाजी की गई और तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम निधि गोहल को ज्ञापन सौंप कर जल्द खरीदी चालू करने की मांग की है किसान संघ ने चेतावनी देते हुए बताया कि अगर जल्दी खरीदी चालू नहीं होती है तो किसान धरना प्रदर्शन एवं उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे और भारती किसान संघ किसानों के हित के लिए तत्पर है भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष सतीश ज्योतिषी ने कहा कि किसान के द्वारा दिन-रात मेहनत कर इस भीषण गर्मी में मुंग उड़द की फसल तैयार की जाती है और किसने की यह सबसे महंगी फसल है जिसको तैयार होने में तो दो माह लगते हैं लेकिन देखरेख मेहनत पैसा किसानों का दोनों ही लगता है जिसके बाद यह फसल तैयार की जा रही और सरकार के द्वारा मूंग उड़द की खरीदी ना होने से बाजार में व्यापारियों के द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है एवं सस्ते दामों में फसल खरीदने से किसानों आर्थिक नुकसान होगा फसलों में लागत बहुत ही ज्यादा लगती है खरीदी बंद होने से किसान भाई बहुत परेशान है भारतीय किसान संघ ढीमरखेड़ा की ओर से किसान हित में उड़द एवं मूंग की शासकीय उपार्जन केंद्र मांग की है जिससे किसान व्यापारियों के शोषण से बच सके क्योंकि उड़द का समर्थन मूल्य शासन द्वारा 7400 प्रति क्विंटल है और मंडी में अधिकतम मूल ₹6000 प्रति क्विंटल किसानों से खरीदा जा रहा है जिससे किसानों को 1400 रुपए प्रति क्विंटल पर नुकसान हो रहा है एवं मूंग का समर्थन मूल्य 8650 है जबकि मंडी में अधिकतम खरीदी मूल्य ₹6500 से लेकर 7000 प्रति कुंतल खरीद जा रहा है जिससे किसानों को 1600 से 2000 प्रति कुंटल का नुकसान हो रहा है जिससे किसान की लागत भी नहीं निकल पा रही है।

जल निकासी एवं आवश्यक सुरक्षा के प्रबंध कर बचाव, राहत आदि हेतु सौपे दायित्व

बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटनें की पूर्व तैयारियां दुरूस्त करने दिये आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन निर्देशों के अनुपालन में आगामी मानसून सत्र के दौरान बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटनें तथा जान-माल की क्षति को कम करनें के उद्धेश्य से पूर्व से तैयारियां कर अतिवृष्टि या बाढ़ की स्थिति में निचली बस्तियों मे जल निकासी एवं आवश्यक सुरक्षा के प्रबंध कर बचाव, राहत आदि कार्य व्यवस्था के संबंध में निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा एक आदेश जारी किया जाकर अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौपे गए है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु विभागीय कार्य व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु श्री शैलेष गुप्ता उपायुक्त को बाढ़ नियंत्रण अधिकारी एवं नोडल अधिकारी, सुधीर मिश्रा प्रभारी कार्यपालन यंत्री एवं जागेश्वर प्रसाद पाठक राजस्व अधिकारी को सहायक बाढ़ नियंत्रण व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा बाढ़ आनें अथवा निचली बस्तियों में पानी भराव की स्थिति से निपटनें की कार्यव्यवस्था हेतु निगम के अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौपें जाकर बाढ़ प्रकोष्ठ तैयार करनें, शासन एवं प्रशासन द्वारा चाही गई जानकारी तैयार कराना, आपदा प्रबंधन कक्ष में बाढ़ आपदा सामग्री का भंडारण सुनिश्चित करनें, आपदा राहत कार्यो में सहयोगी सामाजिक संस्थाओं, व्यक्तियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु उपायुक्त श्री शैलेष गुप्ता को प्रभारी नियुक्त कर सहयोगी के रूप में 5 अधिकारियों सहायक यंत्री स्वास्थ्य अधिकारी प्रभारी फयर नियंत्रण अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों को दायित्व दिया है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मुनादी करानें, कच्चे पुराने जीर्ण शीर्ण एवं जर्जर भवनों का सर्वे कर चिन्हित कर नोटिस जारी करना, जी प्लस टू एवं इससे अधिक उंचाई वाले भवनों में तडित संचालक यंत्र की स्थापना हेतु सूचना पत्र जारी करना, बिल्डिंग बायलॉज एवं अग्नि सुरक्षा के मानकों का कड़ाई से परिपालन सुनिश्चित करनें, वर्षा काल के दौरान भवन गिरनें की स्थिति में राहत और बचाव की संपूर्ण कार्यव्यवस्था सुनिश्चित करनें सहित नदी घाटों पर बेरिकेडिंग करानें हेतु प्रभारी अधिकारी कार्यपालन सुधीर मिश्रा को नियुक्त कर सहयोगी के रूप में कर्मचरियों की डयूटी लगाई गई है।

निगमायुक्त नें अधिकारियो को प्रभार क्षेत्र के वार्डों में राहत स्थलों का चिन्हांकन तथा प्रभावितों को सहायता प्रदान करने की व्यवस्था करने,नदी घाटों पर चेतावनी बोर्ड लगवाना एवं प्रभार क्षेत्र के वार्डो में आने वाले बाढ़ राहत केन्द्रो में आवश्यक व्यवस्थाएँ कराने, बाढ़ संभावित क्षेत्रों में लोगों को संकट से सचेत और सावधान रहने के लिये सतर्क करना और उनमें जागरुकता लाने, नदी किनारे की बस्तियों क्षेत्र, जहां पूर्व में बाढ़, जलप्लावन की स्थितियां निर्मित हुई थी, वहां पर पूर्व अनुभवों के आधार पर विशेष व्यवस्था करने, क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों के मरम्मत, पुर्ननिर्माण, रख-रखाव की कार्यवाही कर सड़कों की स्थिति की समीक्षा किए जाने के साथ-साथ स्थानीय गोताखोरों की सूची तैयार करने,सभी खदानों के आस-पास के 02 तैराकों को सूचीबद्ध कर उन्हें जिला कमांडेंट से आवश्यक प्रशिक्षण की दिलाने की कार्यवाही करने, कटनी नदी के घाटों- गाटरघाट, मोहनघाट में संबंधित विभाग ,एजेंसी (रेल्वे, ब्रिज कार्पोरेशन) को सुधार हेतु पत्र जारी कर कलेक्टर कार्यालय स्थित राहत शाखा को सूचित करने, सागर पुलिया एवं आर्डनेंस फैक्ट्री के पास जलभराव की निकासी हेतु संबंधित विभागों को सूचना पत्र जारी कराये जाने हेतु प्रभारी अधिकारी सुधीर मिश्रा को नियुक्त कर सहयोगी के रूप में अन्य अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

इसी प्रकार आवश्यकतानुसार वाहन, सर्च लाइट एवं सायरन बाढ़ प्रभावित,निचले क्षेत्रों एवं नदी घाटों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, हैलोजन, जनरेटर सेट,पेट्रोमैक्स की व्यवस्था करने, विद्युत कर्मियों को पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था करने, विद्युत पोलों में विद्युत करंट फैलने की स्थिति निर्मित ना हो, इसकी तैयारी रखने के साथ वर्षाकाल में नगर के मार्गों में वृक्षों या शाखाओं के गिरने पर तत्काल टीम भेजकर हटवाते हुये सुचारु आवागमन की कार्यवाही किए जाने वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व नगर के सभी नाले-नालियों, स्टॉम वॉटर ड्रेन एवं सीवरेज प्रणाली की साफ-सफाई कराये जाने, अतिवृष्टि होने पर जलभराव बाले स्थानों से जल निकासी कीटनाशक का छिड़काव करने दायित्व सौपे हैं।

लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आज

कटनी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में गुरूवार 12 जून को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में कलेक्टर द्वारा डिस्ट्रिक्ट लेवल एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी के अंतर्गत एक जिला एक उत्पाद की समीक्षा भी की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक दिनेश मर्सकोले ने अधिकारियों एवं उद्योगपतियों व सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

हाईवे पर लगा रहा घंटों जाम, पुलिस ने ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकाला

मैहर। बीती रात भीषण सड़क हादसा हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर ड्रम से लदा हुआ तेज रफ्तार ट्रक हाईवे किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। इस हादसे की वजह से ट्रक चालक कई घंटों तक ट्रक में फंसा रहा। सूचना के बाद पहुंची पुलिस और अन्य लोगों की मदद से ट्रक चालक को सुरक्षित बाहर निकला। बताया जा रहा है कि मंगलवार और बुधवार की देर रात 2 बजे के आस पास मैहर के झुकेही चौकी अंतर्गत हाईवे पर कटनी तरफ से खाली ड्रम लोड कर ट्रक नंबर जीजे 17 एक्स एक्स 1852 भैरव नाथ यादव उम्र 37 पिता धर्मराज यादव निवासी कैमोर आ रहा था कि तभी हाईवे पर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार रही कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए। हादसे की वजह से ट्रक का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक भैरवनाथ केविन कई घंटों तक फसा रहा।

क्रोएशिया में एक लड़की पर भड़कीं शिल्पा शेट्टी

मुंबई। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी इस समय क्रोएशिया में अपने पति और परिवार के साथ मौजूद हैं। हालांकि, एक्ट्रेस अपने जन्मदिन के सिलसिले से वहां एंजाय करने पहुंची थीं। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में कहा जा रहा है कि अभिनेत्री और उनका परिवार एक विदेशी लड़की से लड़ रहा है। बताया गया कि ये वीडियो क्रोएशिया के हावर आईलैंड का है। वीडियो में कुछ कहासुनी होती दिख रही है और वहां लोगों की भीड़ भी जमा है। शिल्पा और उनका परिवार एक युवा विदेशी लड़की से बहस कर रहे हैं।

लाइफ Style

दिव्या

खुद से प्यार करना अच्छा

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई एक्टर्स हैं, जिन्होंने अपने जीवन में अब तक शादी नहीं की है, उसी कड़ी में दिग्गज अभिनेत्री दिव्या दत्ता का भी नाम आता है। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में अपने पर्सनल और प्रोफेशन लाइफ के बारे में बात की है, जिसमें उन्होंने खुद के सिंगल रहने को लेकर भी विचार प्रकट किए हैं।

अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने हाल ही में हिंदी रश के साथ एक इंटरव्यू में शामिल हुईं। बातचीत के दौरान एक्ट्रेस से अभी तक शादी ना करने के पीछे का कारण पूछा गया। इसके जवाब में उन्होंने बताया, 'मुझे लगता है कि जब तक आपको आपके मन का पार्टनर ना मिले, तब तक शादी नहीं करनी चाहिए। गलत व्यक्ति से शादी करने से बेहतर है आप खुद का ख्याल स्वयं रखें। मुझ पर बहुत से पुरुष आकर्षित होते हैं, लेकिन रिश्ता तब बनता है, जब आप किसी से दिल से जुड़ते हैं। आगे बातचीत में उन्होंने कहा, 'मैं शादी नहीं करना चाहती, लेकिन मुझे एक साथी चाहिए जिसके साथ मैं यात्रा कर सकूं। अगर नहीं, तो भी मैं खुश हूं। मेरे एक दोस्त ने मुझसे पूछा कि 'तुम सिंगल क्यों हो?' इसके जवाब में मैंने कहा कहा, मुझे लगता है कि मैं बहुत योग्य हूं।' एक समय आता है जब आप पूर्णता की तलाश बाहर करते हैं, जो आवश्यक नहीं है। यह आवश्यक नहीं है कि आप तभी कंप्लीट होंगे जब एक अच्छा साथी आपके जीवन में आएगा। मुझे यह गलतफहमी थी। मैं अपने दिल की बात खुलकर कहती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अगर दिव्या दत्ता के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'छावा' फिल्म में देखा गया था।

हॉलीवुड मसाला

13 साल बाद आ रहे हैं भारत

लॉस एंजिल्स। पॉप म्यूजिक की दुनिया के दिग्गज सितारे स्पैनिश सिंगर एनरिक इग्लेसियस करीब 13 साल बाद भारत में एक बार फिर से परफॉर्म करने के लिए तैयार हैं। इंटरनैशनल पॉप सिंगर मुंबई में अपने फैन्स के बीच एक बार फिर से जल्द ही हाजिर होने जा रहे हैं। इसी बीच एनरिक का एक पुराना स्टेज शो का वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है, जिसे देखकर लोगों को उदित नारायण की याद आ गई है। बताया जा रहा है कि पॉप सिंगर 13 साल बाद मुंबई में इसी साल 30 अक्टूबर को परफॉर्म करने के लिए पहुंच रहे हैं।

लाइव शो में स्टेज पर कूदा शख्स सिंगर की निकल गई चीख...

सिडनी। फेमस सिंगर कैटी पेरी को हाल ही में सिडनी में अपने कॉन्सर्ट के दौरान एक चौंकाने वाली घटना का सामना करना पड़ा। एक फैन स्टेज पर कूद पड़ा और सिंगर के कंधे पर हाथ रखकर नाचने लगा। सिंगर हैरान हो गईं और चीखने लगीं, उससे दूर चली गईं, लेकिन परफॉर्मेंस नहीं रोका। बाद में सिक्योरिटी गाइर्स ने फैन को स्टेज से घसीट कर नीचे उतारा। इस घटना का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। सिंगर कैटी पेरी अपना गाना 'हॉट एंड कोल्ड' गा रही हैं। तभी एक फैन स्टेज पर कूदकर उनकी ओर दौड़ा। इससे पहले कि सिंगर को कुछ समझ में आता कि क्या हुआ, उस शख्स ने उनके कंधे पर हाथ रखा और कूदना-नाचना शुरू कर दिया। हैरान कैटी को चिल्लाते हुए और फिर उस शख्स से दूर जाते हुए देखा गया। ये घटना होने के बावजूद 40 साल की सिंगर कैटी पेरी ने अपनी परफॉर्मेंस नहीं रोकी। वो 2008 का हिट गाना जारी रखती हैं।

प्रियंका ने शेयर की बचपन की तस्वीर

मुंबई। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया पर अपने निजी जीवन से जुड़े पलों को साझा करती रहती हैं। अभिनेत्री के पिता डॉ. अशोक चोपड़ा का 10 जून 2013 में बीमारी के चलते निधन हो गया था। बीते मंगलवार को एक्ट्रेस के पिता की 12वीं पुण्यतिथि थी। इस मौके पर अभिनेत्री ने अपने पिता को याद करते हुए देर रात एक तस्वीर शेयर की है, जो दिल को छू लेने वाली है। साझा किए गए पोस्ट में अभिनेत्री ने अपने बचपन की एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वो पिता के साथ दिख रही हैं। उन्हें याद करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, 'मैं आपको हर दिन याद करती हूं, पापा।' इस तस्वीर में वो पिता संग किसी बर्फीली जगह पर छुट्टियों को एंजाय करती दिख रही हैं। प्रियंका अपने पिता के निधन के कुछ दिनों बाद ही काम पर वापस लौट आई थीं।

हर कोई मुस्कुराता है एक ही भाषा में

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर ने बुधवार को एक खास तस्वीर शेयर की है, जो कि एक फ्लाइट के दौरान की है। इस सफर पर उनके साथ फिल्म कुबेर की स्टार कास्ट नागार्जुन और रश्मिका मंदाना भी नजर आए। इस खास तस्वीर को अनुपम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और साथ ही एक खास नोट भी लिखा। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नागार्जुन और रश्मिका मंदाना के साथ एक खास तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, हर कोई एक ही भाषा में मुस्कुराता है। हैदराबाद से मुंबई तक की यह उड़ान कितनी शानदार थी! एक बहुत ही प्रतिभाशाली मिस रश्मिका मंदाना और मेरे सबसे प्यारे दोस्त#नागार्जुन ने अपने प्राकृतिक आकर्षण और खुद के होने से सफर को सुंदर बना दिया- खुश और वास्तविक! अगर मैं तस्वीर में भी अच्छा दिख रहा हूं तो इसका सारा श्रेय सेल्फी लेने वाली रश्मिका को जाता है। जय हो।

टीवी मसाला

द ट्रेटर्स शो में हर चेहरा शक के घेरे में!

नई दिल्ली। सोचिए अगर आपके साथ 20 लोग हों और आपमें से ही 3 लोग चुपके से आपके खिलाफ साजिश कर रहे हों! आप किस पर भरोसा करेंगे? और किसे शक की नजर से देखेंगे? ऐसी ही सस्पेंस से भरी कहानी लेकर आ रहा है करण जौहर का नया रियलिटी शो द ट्रेटर्स, जो 12 जून से प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रहा है। ये शो केवल ड्रामा नहीं, बल्कि दिमागी खेल, धोखा और एंटरटेनमेंट का जबरदस्त मिक्स है। इस शो की पहली खासियत है इसका स्टार कास्ट! यहां आपको करण कुंद्रा, जन्नत जुबैर, अंशुला कपूर, रफ्तार, जैस्मिन भसीन और सुधांशु पांडे जैसे 20 चर्चित नाम एक साथ नजर आएंगे। टीवी, फिल्म और सोशल मीडिया से जुड़े ये सितारे, हर एपिसोड में नए ट्विस्ट और इमोशन्स का डोज देने वाले हैं। जब शो में उर्फी जावेद और अपूर्वा मखीजा जैसे नाम हों, तो विवाद होना तय है। ट्रेलर में ही दिख गया है कि ये दोनों सबसे पहले शक के घेरे में आ जाते हैं। द ट्रेटर्स का कांसेप्ट भारतीय टीवी पर अब तक का सबसे अलग और इनोवेटिव है। ये न तो रोडीज है, न बिग बॉस और न ही खतरों के खिलाड़ी. इसमें दिमाग, भरोसा, गेमप्ले और माइंड गेम्स सब कुछ है। लोगों के लिए ये एक फ्रेश बीज साबित हो सकता है। करण जौहर के नाम से ही समझ आ जाता है कि शो में ग्लैमर और ड्रामा दोनों का तड़का मिलेगा. सेलेब्स के बीच होने वाली लड़ाइयां, दोस्ती और धोखा - सब कुछ आपको रोज टीवी से बांधे रखेगा।

अगले महीने आपके घर आ रहे हैं मिहिर-तुलसी

नई दिल्ली। एकता कपूर के सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने टीवी की दुनिया पर राज किया था। ये साल 2000 से 2008 तक टेलीकास्ट हुआ था। इसके 1,833 एपिसोड आए थे। अब इसका दूसरा सीजन आ रहा है। शो 3 जुलाई को वापसी कर सकता है। इस शो का प्रीमियर ठीक इसी दिन 2000 में स्टार प्लस पर हुआ था। यानी 25 साल पहले। ये भी बताया जा रहा है कि निर्माता एकता कपूर के पिता जीतेंद्र इस शो के सीक्वल में नजर आएंगे। स्मृति ईरानी इस शो में फिर से तुलसी विरानी बनेंगी। उन्होंने कथित तौर पर कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए हैं। रिपोर्ट्स का कहना है कि दूसरे सीजन में लगभग 150 एपिसोड होंगे और इसकी क्लासिक कहानी को नए विजन के साथ परोसा जाएगा। हालांकि, अभी तक मेकर्स ने इस पर ऑफिशियली कोई बयान नहीं दिया है। टीवी के सबसे सक्सेसफुल सीरियल में आदर्श बहू तुलसी के अलावा मिहिर विरानी (अमर उपाध्याय) भी नजर आएंगे।

आमिर ने यूनीक तरीके से किया फिल्मों का प्रमोशन

मुंबई। फिल्म 'सितारे जमीन पर' 20 जून को रिलीज होगी, इस फिल्म में आमिर खान एक कोच के रोल में नजर आ रहे हैं, जो स्पेशल चाइल्ड की एक बॉस्केटबॉल टीम को ट्रेनिंग देते हैं। इन दिनों आमिर खान अपनी इस फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में वह इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान मुंबई में वड़ा पाव बेचते दिखे। एक वड़ा पाव बेचने वाले के साथ खड़े होकर वड़ा पाव बनाकर लोगों को देते दिखे। यह पहली बार नहीं है कि किसी फिल्म के प्रमोशन के लिए आमिर खान ने अलग तरीका अपनाया हो, पहले भी अलग-अलग ढंग से वह अपनी फिल्मों का प्रमोशन कर चुके हैं।

गजनी : साल 2008 में आमिर खान की फिल्म गजनी रिलीज हुई। इस फिल्म में उनके किरदार को शॉर्ट टर्म मेमोरी लॉस होता है। ऑपरेशन के कारण सिर पर एक निशान बन जाता है और बाल भी छोटे होते हैं। फिल्म में आमिर का यह हेयरस्टाइल काफी पॉपुलर हुआ। आमिर खान ने इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान कुछ फैंस को यही हेयरस्टाइल अपने हाथों से बनाकर दिया। वह एक नाई की दुकान पर दिखाई दिए और फैंस को गजनी हेयरकट देते नजर आए।

धूम 3: 2013 में फिल्म धूम 3 के प्रमोशन के दौरान आमिर खान गायब नजर आए। दरअसल, फिल्म में वह एक जादूगर के रोल में थे। ऐसे में वह खुद को प्रमोशन से दूर रखकर दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा करना चाहते थे। रिलीज से कुछ समय पहले ही वह फिल्म प्रमोशन के दौरान नजर आए।

थ्री इडियट्स : फिल्म थ्री इडियट्स (2009) के लिए एक गेम लॉन्च किया। जिसमें लोगों को बताना था कि गेटअप बदलकर आमिर खान देश में कहां ट्रैवल कर रहे हैं। दर्शकों को भी यह गेम और प्रमोशन का तरीका काफी पसंद आया था।

न इज्जत मिली, न पैसा; अमिताभ को एक फिल्म के लिए बेलने पड़े पापड़

नई दिल्ली। बॉलीवुड का वो एक्टर जो पिछले 5 दशक से इंडस्ट्री पर राज कर रहा है। आज उनकी एक झलक पाने के लिए लोग घंटों लाइन में खड़े रहते हैं। किसी भी सीन में जान डालने के लिए उनकी आवाज में 2 लाइनें ही काफी हैं। आज बॉलीवुड के शहंशाह और बेताज बादशाह अमिताभ बच्चन के साथ काम करना हर एक्टर का सपना होता है, लेकिन 5 दशक लंबे कॅरियर में एक समय ऐसा था कि कोई उन्हें काम देना ही नहीं चाहता था। आज दुनिया जिस आवाज की दीवानी है, उसी आवाज की वजह से एक्टर को फिल्में ऑफर नहीं होती थीं। कभी कद-काठी तो कभी आवाज उनके शुरुआती कॅरियर में रोड़ा बनीं, लेकिन हर मुश्किल को पार कर बिग बी ने अपने संघर्ष से सफलता की एक अतुल्नीय मिसाल कायम की। अमिताभ बच्चन ने साल 1969 में फिल्म सात हिंदुस्तानी से फिल्मों की दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म का निर्देशन ख्वाजा अहमद अब्बास ने किया था। ये अमिताभ बच्चन के कॅरियर की पहली फिल्म थी और इसमें वो 6 एक्टर्स के साथ नजर आए थे। अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म में अनवर अली, उतपल दत्त, जलाल अघा, दीना पाठक सहित कई मंझे हुए कलाकार थे।



फिल्म के लिए मिले थे 5000 रुपए

बिग बी की डेब्यू फिल्म के बारे में बात करते हुए डायरेक्टर और एक्टर टीनू आनंद ने एक किस्सा शेयर किया था। उन्होंने बताया था कि फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन को बस 5 हजार रुपए की फीस मिलने वाली थी। टीनू आनंद ने कहा था कि उन्हें अमिताभ बच्चन को ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म सात हिंदुस्तानी के लिए 5,000 रुपए देने का गंदा काम सौंपा गया था।

नीना सिंह ने सुझाया था अमिताभ का नाम

उन्होंने बताया कि फिल्म की एक्ट्रेस नीना सिंह ने अमिताभ बच्चन का नाम सुझाया था। हालांकि, अब्बास ने कहा कि अमिताभ बच्चन को अपने खर्चे पर मुंबई आकर ऑडिशन देना होगा। इसी तरह सुपरस्टार ने सपनों की नगरी में कदम रखा। उस समय को याद करते हुए टीनू आनंद ने कहा, मैं ही था जो उन्हें अब्बास साहब के ऑफिस ले गया था। शाम को, मुझे अमिताभ को पूरे फिल्म के लिए 5,000 रुपए देने का गंदा काम सौंपा गया, चाहे फिल्म बनाने में एक साल लगे या पांच साल।

अभिनय उम्दा और खूबसूरती गजब की थी, वैजयंती माला से होती थी तुलना

बाली उम्र में रखा इंडस्ट्री में कदम, 30 साल में दी 250 फिल्में

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा का इतिहास सिर्फ अच्छी फिल्मों और कहानियों से नहीं बना, बल्कि उन खास कलाकारों से भी बना है, जिन्होंने अपने छोटे से कॅरियर में बड़ा असर डाला है। ऐसे ही एक कलाकार थीं 'पद्मिनी। वह न सिर्फ सुंदर अभिनेत्री थीं, बल्कि शास्त्रीय नृत्य कला में निपुण थीं। पद्मिनी भले ही ज्यादा समय तक फिल्मों में नहीं रहीं, लेकिन अपनी कला में इतनी माहिर थीं कि देखने वाले दाद दिए बिना नहीं रह पाते थे। उस दौर में दर्शक उनकी तुलना दिग्गज अभिनेत्री वैजयंती माला से करते थे। दरअसल, पद्मिनी का अभिनय उम्दा और खूबसूरती गजब की थी, उस दौर में दर्शक उनकी तुलना मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला से करते थे। उस जमाने में वैजयंती माला भी बेहतरीन एक्ट्रेस के साथ-साथ शानदार भरतनाट्यम डांसर के रूप में जानी जाती थीं। बताया जाता है कि इसी वजह से दोनों के बीच हमेशा प्रतिस्पर्धा रहती थी। साल 1958 में आई फिल्म राज तिलक में पद्मिनी और वैजयंती माला का फेस ऑफ सुर्खियों में था। दोनों ने आजा राजा बेकरार गाने पर परफॉर्म किया था। इसके अलावा फिल्म वंजिकोट्टई वेलिबन में भी दोनों के बीच डांस की कड़ी टक्कर देखी गई।

शास्त्रीय नृत्य से दर्शकों का मोह लिया मन

पद्मिनी का जन्म 12 जून 1932 में तमिलनाडु के त्रिवेंद्रम में हुआ। पद्मिनी मलायली परिवार से ताल्लुक रखती थीं। 16 साल की उम्र में उन्होंने फिल्मी जगत में कदम रखा और हिंदी फिल्म कल्पना में नजर आईं, इस फिल्म में उन्हें बतौर डांसर के तौर पर कास्ट किया गया। फिल्म में उन्होंने शास्त्रीय नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। इस फिल्म में उनकी बहन ललिता भी थीं।

काबिलियत को दुनिया ने किया सलाम

पद्मिनी की दो और बहनें थीं, रागिनी और ललिता. तीनों को 'ट्रावनकोर सिस्टर्स' कहा जाता था। उनकी काबिलियत को दुनिया ने सलाम किया। पद्मिनी का फिल्मी कॅरियर लगभग 30 साल रहा है। उन्होंने हिंदी से लेकर तमिल, कन्नड़ और तेलुगु भाषा समेत 250 से ज्यादा फिल्मों में काम किया।

शोमैन राज कपूर के साथ हिट रही फिल्में

वह जिस देश में गंगा बहती है, अफसाना, चंदा और बिजली, रागिनी, अमरदीप, राजतिलक, मेरा नाम जोकर, आशिक, भाई-बहन, दर्द का रिश्ता, मस्ताना, परदेसी जैसी कई फिल्में कीं। उन्होंने राज कपूर, एम. जी रामचंद्रन, शिवाजी गणेशन, राजकुमार, प्रेम नासिर, एनटी रामा राव, सत्यन, देवानंद और शम्मी कपूर जैसे मशहूर अभिनेताओं के साथ काम किया। दर्शकों ने उनकी जोड़ी को शोमैन राज कपूर के साथ काफी पसंद किया।

एक्टिंग के बाद निर्देशन से लोकसभा तक का सफर

साल 1989 में रिलीज हुई फिल्म मोहब्बत का पैगाम के जरिए उन्होंने निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। अभिनय और निर्देशन के अलावा, पद्मिनी ने राजनीतिक क्षेत्र में भी अपनी किस्मत आजमाई। साल 1966 और 1971 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ा था।

रोचक खबरें

आ रहा है 'स्ट्रॉबेरी मून', 2043 तक नहीं दिखेगा ऐसा नजारा

वॉशिंगटन। इस साल होने वाली ये घटना बहुत ही विशेष महत्व रखती है क्योंकि यह पिछले 2 दशकों में देखी गई सबसे कम पूर्णिमा होगी, जिसे 2043 तर फिर से नहीं देखा जा सकेगा। प्रमुख चंद्र गतिरोधनाम की घटना के कारण होने वाली इस दुर्लभ घटना को एक विशिष्ट गर्म, सुनहरी चमक मिलने की संभावना है जिससे यह उत्तरी गोलार्ध में दिलचस्पी रखने वालों के लिए बहुत ही खास बन गया है।

क्या है स्ट्रॉबेरी मून : स्ट्रॉबेरी मून गुलाबी रंग का या किसी फल जैसा नहीं दिखता लेकिन इसका नाम मूल अमेरिकी, औपनिवेशिक अमेरिकी और यूरोपीय मूल की सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा हुआ है। जून की पूर्णिमा, जो अक्सर वसंत के आखिरी या गर्मियों के पहले दिन होती है, को पारंपरिक रूप से स्ट्रॉबेरी मून कहा जाता है। क्योंकि, यह स्ट्रॉबेरी के पकने के मौसम को दर्शाता है। उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका के मूल अमेरिकी जनजातियों ने इसे बेरीज रिपेन मून के रूप में भी रेफर किया है, जो फूलों के खिलने और फलों के पकने के साथ मेल खाता है।

इस साल स्ट्रॉबेरी मून दुर्लभ क्यों?

जून का पूरा चांद आम तौर पर उत्तरी गोलार्ध में साल का सबसे निचला चांद होता है।लेकिन, आपको बता दें कि इस साल की घटना असाधारण रूप से ऐसी है क्योंकि इस साल की शुरुआत में चंद्रमा पर बहुत ज्यादा गतिरोध हुआ था. यह बेहद दुर्लभ घटना 18.6 सालों में एक बार होती है, जब चंद्रमा पृथ्वी के चारों ओर अपनी कक्षा के चरम पर पहुंचता है। 2043 तक इतने लो मून की उम्मीद नहीं है, जिससे खगोलीय घटना में दिलचस्पी रखने वालों के लिए यह सुनहरा मौका बन जाता है।

कोलंबिया में मिले इस गोले से जमीन हुई बंजर, वैज्ञानिकों को मिला एलियंस का संदेश?

बोगोटा। कोलंबिया में बरामद हुए इस विचित्र गोले के बारे में बहुत ही चौंकाने वाले तथ्य वैज्ञानिकों द्वारा रखे गए हैं। इसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक वास्तविक यूएफओ है। मेक्सिको में वैज्ञानिकों के एक दल ने इसका स्कैन किया, इसमें फाइबर-ऑप्टिक तारों का जाल पाया गया,

जिससे यह साफ होता है कि यह संकेत भेज कर सकता है और प्राप्त भी कर सकता है। ऐसा लगता है कि जिस खेत में यह गिरा वहां पर किसी तरह से पानी की कमी हो गई और वहां की सारी घास और मिट्टी बुरी तरह से नष्ट हो गई। यूएफओ को 2 मार्च को बुगा के ऊपर से इस तरह से घूमते हुए देखा गया था, जैसा कि किसी पारंपरिक विमान में नहीं देखा जाता। वैज्ञानिकों ने तुरंत रूप से इस अज्ञात वस्तु को अपने कब्जे में लिया और इसपर अध्ययन अभी भी किया जा रहा है। नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मेक्सिको के शोधकर्ताओं ने इस गोले में कुछ अजीबोगरीब चीजें पाई हैं। टीम का कहना है कि, इस गोले के केंद्र में एक केंद्रीय नाभिक है, जिसे चिप कहा जा रहा है। इसमें धातु जैसी तीन सामग्री की 3 परतें हैं और न्यूक्लियस के चारों ओर 18 छोटे गोले हैं।

आईएफएल को 49.14 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी मिली

मुंबई। कृषि वस्तुओं के आयात, निर्यात और व्यापार सहित एग्री कोमोडिटी बिज़नेस में लगी IFL एंटरप्राइजेज लिमिटेड (बीएसई – 540377) का 49.14 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू 19 जून, 2025 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 30 जून, 2025 तक खुला रहेगा। राइट्स इश्यू की कीमत आकर्षक रूप से 1 रुपये प्रति शेयर रखी गई है, जो मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी में अपनी इक्विटी बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। 9 जून 2025 को आयोजित बैठक में बोर्ड ओफ डिरेक्टर्स ने राइट्स इश्यू पर विचार किया और उसे मंजूरी दी। इससे पहले, कंपनी के बोर्ड ओफ डिरेक्टर्स ने 30 दिसंबर, 2024 को और 07 मार्च, 2025 के ड्राफ्ट लेटर ऑफ ऑफर को 50 करोड़ रुपये (पचास करोड़ रुपये) तक के प्रस्तावित राइट इश्यू के लिए 'सैद्धांतिक अनुमोदन' प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किया और बीएसई लिमिटेड से 19 मई, 2025 के लेटर नंबर LOD/RIGHT/KS/FIP/213/2025-26 के माध्यम से 'सैद्धांतिक अनुमोदन' प्राप्त हुआ।

राशिफल

मेष — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

वृष — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

मिथुन — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

सिंह — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

कन्या — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

तुला — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

धनु — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

मकर — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

मीन — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

शोध

एक तरफ झुक रही है धरती भारत पर है सबसे ज्यादा खतरा?

पृथ्वी से इतना ज्यादा पानी निकाल लिया है कि अब इसकी स्थिति बिगड़ गई

लंदन। इंसान हों या जानवर, पानी हर जीव के लिए बेहद जरूरी होता है। पानी पृथ्वी पर एक ऐसा अनिवार्य तत्व है जिसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पूरी दुनिया में लोग मिट्टी से पानी निकालकर अपनी प्यास बुझाते हैं। विभिन्न तरीकों से लोग पानी की जरूरतें पूरी कर रहे हैं, लेकिन हमने पृथ्वी से इतना ज्यादा पानी निकाल लिया है कि अब इसकी स्थिति बिगड़ गई है। अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं ने अब ऐसी खबर दी है जिसे सुनकर आप हैरान रह जाएंगे।



मनुष्यों ने 2,150 गीगाटन भूमिगत जल पंप करके निकाला

एक रिपोर्ट के अनुसार, लोगों ने बड़ी मात्रा में भूमिगत जल पंप करके निकाल लिया है। इसके परिणामस्वरूप, पृथ्वी दो दशकों से भी कम समय में 4.36 सेंटीमीटर प्रति वर्ष की गति से लगभग 80 सेंटीमीटर पूर्व की ओर झुक गई है। यह शोध जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स में प्रकाशित हुआ है। जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स एजीयू का जर्नल है, जो पृथ्वी और अंतरिक्ष विज्ञान पर प्रभाव डालने वाले संक्षिप्त शोध प्रकाशित करता है। जलवायु मॉडल के आधार पर वैज्ञानिकों ने पहले अनुमान लगाया था कि 1993 से 2010 तक, मनुष्यों ने 2,150 गीगाटन भूमिगत जल पंप करके निकाला है। यह 6 मिलीमीटर (0.24 इंच) से अधिक समुद्र स्तर की बढ़ोतरी के बराबर है।

भूमिगत जल कम होने का पड़ रहा प्रभाव

एक रिसर्च में यह भी सामने आया है कि अंडरग्राउंड वॉटर का ज्यादातर हिस्सा पृथ्वी के दो क्षेत्रों में उपयोग किया गया है - अमेरिका के पश्चिमी क्षेत्र और उत्तर-पश्चिम भारत। सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी के भू-भौतिक विज्ञानी वेन सियो, जिन्होंने इस शोध का नेतृत्व किया, ने कहा कि भूमिगत जल के कम होने का सबसे अधिक प्रभाव पृथ्वी के रोटेशनल पोल पर पड़ता है।

अंडरग्राउंड वॉटर का बेतहाशा उपयोग

भारत में पंजाब और हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले कुछ सालों से बड़े पैमाने पर अंडरग्राउंड वॉटर का उपयोग किया जा रहा है। शोधकर्ताओं का मानना है कि एक जगह से बहुत सारा पानी निकालने के बाद, वह आमतौर पर नदी और समुद्र में बह जाता है। वेन सियो ने आगे कहा कि पृथ्वी के घूमने में वास्तव में कई बदलाव हुए हैं। पृथ्वी के जलवायु पर भी भूमिगत जल के कम होने का असर पड़ा है।

डॉल जैसी बनने की थी चाहत, महिला ने खुद पर खर्च किए 1 करोड़!

लंदन। इस दुनिया में हर इंसान सुंदर दिखना चाहता है। हालांकि, महिलाओं में ये इच्छा कभी-कभी ज्यादा ही होती है। पर ब्रिटेन की एक महिला में इतनी ज्यादा थी कि उसने जीवनभर में 1 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च कर खुद को किसी गुड़िया जैसा लुक दे दिया। पर फिर उसे अपनी गलती समझ आई और उसने अपने लुक को पूरी तरह से बदला और अब वो सामान्य लगती हैं और खुद को खूबसूरत मानती हैं।

36 वर्षीय ट्रेसी किस, बकिंघमशायर (यूके) की रहने वाली एक मां, आजकल सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार अपनी खूबसूरती के लिए नहीं, बल्कि खूबसूरती को त्यागने के फैसले के लिए। किशोरावस्था से ही ब्यूटी ट्रीटमेंट्स और कॉस्मेटिक सर्जरी की शौकीन रही ट्रेसी ने लगभग 120,000 (करीब 1.25 करोड़ रुपए) खर्च कर अपनी अधिकांश प्रक्रियाएं रिवर्स करवाई हैं।

बार्बी जैसी दिखने की कीमत

ट्रेसी का ब्यूटी-जर्नी किसी फेयरी-टेल जैसी नहीं थी। पिछले दो दशकों में उन्होंने पांच ब्रेस्ट सर्जरी, चिन लिपोसक्शन, आईलिड लिफ्ट, नोज जॉब, ब्राजीलियन बट लिफ्ट, लेबियाप्लास्टी और दांतों की स्ट्रेटनिंग करवाई। साथ ही, बोटॉक्स और फिलर्स के अलावा, सेमी-परमानेंट मेकअप और आईलैश एक्सटेंशंस से वे अपना 'परफेक्ट लुक' बनाए रखती थीं। हालांकि, सोशल मीडिया पर उनके 1.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं, लेकिन आम जीवन में उन्हें तानों और आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। महिलाएं उन्हें शक की नजर से देखती थीं- यह मानकर कि वे उनके पतियों को आकर्षित करना चाहती हैं। उनके अनुसार, मेरे सुपर-साइज़ डोनट ब्रेस्ट्स के कारण उन्हें अक्सर स्कूल जाते हुए या बच्चों के साथ बीच पर जाते हुए अजीब निगाहों का सामना करना पड़ता।

14 साल के बच्चे ने कर दिया करिश्मा, बनाया ऐसा ऐप, 7 सेकंड में बचा लेगा जान!

न्यूयार्क। जिस उम्र में बच्चे दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करते हैं, वीडियो गेम्स खेलते हैं, उस उम्र में एक लड़के ने करिश्मा कर दिखाया है। इस लड़के ने ऐसा ऐप बना दिया है जो लोगों की जान बचा सकता है। बच्चे का ऐप सिर्फ 7 सेकंड में दिल की बीमारी को पकड़ सकता है। हैरानी की बात ये है कि उसका ऐप काफी सटीक निकला। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार टेक्सास के फ्रिस्को शहर के 14 वर्षीय सिद्धार्थ नंद्याला ने एक ऐसा स्मार्टफोन ऐप बनाया है, जो सिर्फ 7 सेकंड में दिल की बीमारी के शुरुआती लक्षण पहचान सकता है। यह ऐप, जिसका नाम सर्केडियन एआई है, स्मार्टफोन को छाती के पास रखकर दिल की धड़कनों की

रिकॉर्डिंग करता है, बैकग्राउंड शोर को हटाता है और क्लाउड-बेस्ड मशीन लर्निंग मॉडल से डेटा का विश्लेषण करता है। यह ऐप एरिदमिया (अनियमित दिल की धड़कन), हार्ट फेलियर, कोरोनरी आर्टरी डिज़ीज़ और वॉल्व समस्याएं पहचानने में सक्षम है।

सिद्धार्थ हैं टेक्सास यूनिवर्सिटी के छात्र

विश्व स्तर पर हृदय रोग (दिल का दौरा और स्ट्रोक सहित) लगभग 32% मौतों का कारण है। लुइजियाना स्टेट यूनिवर्सिटी के डॉ. जमीला अहमद के अनुसार, ऐसे मरीजों में जल्दी संभावित निदान, जो मेडिकल केयर तक नहीं पहुंच पाते, उनकी जान बचा सकता है। यह सिद्धार्थ की पहली उपलब्धि नहीं है। इससे पहले वे लो-कॉस्ट प्रोस्थेटिक आर्म बना चुके हैं और स्टेमिटी नामक स्टार्टअप की स्थापना कर चुके हैं, जो छात्रों के लिए साइंस-टेक्नोलॉजी किट बनाता है। महज 14 साल की उम्र में सिद्धार्थ टेक्सास यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस के छात्र हैं। भविष्य में वे अपनी ऐप को निमोनिया और पल्मनरी एंबोलिज़्म जैसी फेफड़ों की बीमारियों को पहचानने के लिए भी विकसित करना चाहते हैं। उनके शब्दों में- मैं ऐसा बदलाव लाना चाहता हूं जो दुनिया को बेहतर बनाए, जहां इनोवेटर्स अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर कुछ बड़ा कर सकें और वो वाकई ऐसा कर रहे हैं।

चोर के घर में हो गई चोरी, पुलिस ने नहीं की मदद तो खुद ही ले आए चोरी की कार

लंदन। कल्पना कीजिए, अगर एक सुबह आप अपने घर के बाहर जाएं और देखें कि आपकी गाड़ी गायब है। तो जाहिर है कि आप तुरंत पुलिस को सूचना देंगे या आस-पड़ोस के सीसीटीवी कैमरे खंगालेंगे। ऐसा ही कुछ यूके के एक दंपती के साथ हुआ, लेकिन उनकी कहानी एक अलग ही मोड़ लेती है। अब हाल ही में, लंदन में रहने वाले मिया फोर्ब्स-पिरी और उनके पार्टनर मार्क सिम्पसन की जगुआर ई-पेस कार उनके घर के सामने से चोरी हो गई थी। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस की प्रतिक्रिया सही नहीं थी। पुलिस ने साफ कहा कि वे इस वक्त बहुत बिजी हैं और यह नहीं कह सकते कि वे कब आ पाएंगे या आएंगे भी नहीं। इस स्थिति से निराश होकर कपल ने तय किया कि वे खुद ही अपनी कार का पता लगाएंगे। उनकी कार में दो खास डिवाइस पहले से मौजूद थे। घोस्ट इम्मोबिलाइजर और एयरटैग ट्रैकर। इनकी मदद से उन्होंने गाड़ी की लोकेशन ट्रैक कर ली और पाया कि वह अब लंदन की एक गली में खड़ी है। दोनों तुरंत मौके पर पहुंचे। वहां देखा कि कार सुनसान इलाके में खड़ी है और उसे अंदर से काफी नुकसान पहुंचाया गया था। कार की वायरिंग बाहर निकली हुई थी और कालीन भी उखड़े हुए थे। इसके बावजूद कार वहीं थी और कपल ने बिना किसी टकराव के उसे वापस अपने कब्जे में ले लिया और सुरक्षित रूप से घर ले आए। बाद में मिया ने इस पूरे अनुभव को सोशल मीडिया पर शेयर किया। उन्होंने लिखा कि अपनी ही कार को चुपके से वापस लेना एक अजीब लेकिन काफी अलग अनुभव था। साथ ही उन्होंने चिंता जताई कि उन्हें यह सब खुद करना पड़ा,क्योंकि पुलिस ने कोई मदद नहीं की। मिया ने सवाल उठाया कि अगर कानून व्यवस्था ही इस तरह चुप बैठी रहेगी, तो अपराधियों को कौन रोकेगा?

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कारनामा

नैनो टेक्नोलॉजी की मदद से बनाया गया है

इंसान के बाल से भी बारीक वायलिन, देखने के लिए चाहिए माइक्रोस्कोप

लंदन। ब्रिटेन की लाफबॉरो यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक अनोखा कारनामा किया है। उन्होंने दुनिया की सबसे छोटी वायलिन बनाई है, जो इंसान के बाल से भी पतली है। यह वायलिन इतनी छोटी है कि इसे आम आंखों से नहीं देखा जा सकता। इसे देखने के लिए माइक्रोस्कोप की जरूरत होती है। इस वायलिन को बहुत ही खास तकनीक यानी नैनो टेक्नोलॉजी की मदद से बनाया गया है। तो आज की इस खबर में हम आपको इसी वायलिन के बारे में बताने जा रहे हैं और साथ ही इसकी खासियत के बारे में भी बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं। यह वायलिन सिर्फ 35 माइक्रॉन लंबी और 13 माइक्रॉन चौड़ी है। इंसान के बाल की मोटाई करीब 17 से 180 माइक्रॉन होती है। यानी यह वायलिन बाल से भी पतली और छोटी है। इसकी बारीकी देखकर वैज्ञानिक भी हैरान रह गए। इस वायलिन को बनाने का मकसद केवल एक नई चीज दिखाना नहीं था, बल्कि यह बताना था कि अब हम बहुत ही छोटे लेवल पर भी चीजें बना सकते हैं।



छोटी सी वायलिन को सुन नहीं सकते

इस छोटी सी वायलिन को सुन नहीं सकते, क्योंकि यह बहुत ही छोटी है। लेकिन, इसका डिजाइन असली वायलिन की तरह ही बनाया गया है। इसमें वायलिन की बॉडी, गर्दन और तार जैसी सभी चीजें बहुत ही छोटे आकार में बनाई गई हैं। वैज्ञानिकों ने इस वायलिन को एक रिसर्च प्रोजेक्ट के तहत बनाया है। उनका कहना है कि अगर हम इस तरह की नैनो टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाएं तो भविष्य में इसका इस्तेमाल दवाइयां शरीर में पहुंचाने, छोटे-छोटे ऑपरेशन करने और मेडिकल मशीनों को बेहतर बनाने में किया जा सकता है।

दुनियाभर के वैज्ञानिकों ने सराहा

यह वायलिन एक तरह से विज्ञान की ताकत और इंसान की सोच का उदाहरण है। यह दिखाता है कि हम अब ऐसी चीजें भी बना सकते हैं, जिनकी कल्पना पहले सिर्फ कहानियों में ही की जाती थी। इस अनोखी खोज को दुनियाभर के वैज्ञानिकों ने सराहा है। इससे यह भी साबित होता है कि विज्ञान की कोई सीमा नहीं है और अगर मेहनत और कल्पना साथ हो, तो कुछ भी संभव है। इस वायलिन को देखकर यही लगता है कि आने वाला समय बहुत ही अच्छा और तकनीक से भरपूर होगा, जहां छोटी-छोटी चीजें बड़ी काम की होंगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

शब्द पहेली - 5895



बाएँ से दाए
1. पवनपुत्र,हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब,तमीज-3
10. सत्य,तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम,आदर्शवादी-3
18. रोमांच,उद्वेग-4
20. पागलपन,सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी,अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान,गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला,एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा,रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

ऊपर से नीचे
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा,जीभ-3
5. घर,भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच,उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित,सही-3
22. पंख,पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद,सरूर-2
29. अनुसार,समान-4
31. निगाह,दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी,नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना,सुट्टा-2

शब्द पहेली- 5894 का हल

उ	प	चा	र		नि		वि	रा	स	त
	र		धु		ग	द	र		हीं	न
क			व	रा	ह		ह			हा
म	हा	वी	र		बा	ल		क	मा	ई
जो		रा		ना	न		श		ख	
र	म	णी	य	ता		भा	व	ही	न	ता
	न		म		ज	ल		ट		र
अ	का	ल		शू	ल		नी	र	व	ता
प			न		प्र	ख	र			र
रा	ल		म	हु	वा		स		मी	
ध	ड़	क	न		ह		ता	र	त	प्य

सूडोकू बच्चों - 5905

सरल

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू बच्चों - 5904 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

BANGAL SENACHA, BANGALORE

आज के दौर में अधिकतर लोग किसी न किसी प्रकार के तनाव से ग्रस्त नजर आते हैं। इससे मुक्ति पाने के लिए आप एक सरल योगासन का रोज अभ्यास कर सकते हैं। इसकी विधि और सावधानियों के बारे में विस्तार से जानिए।

रोज करें आनंद बालासन रहें तनावमुक्त-आनंदित

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में हर कोई इतना व्यस्त है कि लोग चाहकर भी अपनी सेहत का सही से ध्यान नहीं रख पाते हैं, जिस कारण तनाव में रहते हैं और इस तनाव के चलते उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं झेलनी पड़ती हैं। ऐसी जीवनशैली जीने के लिए मजबूर लोगों को उनके तनावों से छुटकारा पाने के लिए योग विशेषज्ञ हर दिन आनंद बालासन योग करने की सलाह देते हैं। आनंद बालासन योग को हैप्पी बेबी पोज भी कहा जाता है। यह एक रिलैक्सिंग योगासन है। इसे हर दिन किया जाए तो कोई कितनी ही परेशानियों से क्यों न घिरा हो, लेकिन इस योगासन की बदौलत वह किसी हद तक तनाव मुक्त हो जाता है, जिससे उसे न

सिर्फ मानसिक राहत मिलती है बल्कि कई तरह की शारीरिक समस्याओं से भी छुटकारा मिल जाता है।

इसे करने के फायदे: यह योगासन तनाव और चिंता कम करता है। इसे नियमित करने से पीठ दर्द में आराम मिलता है। पाचन तंत्र मजबूत होता है। शरीर का लचीलापन बढ़ता है। इसे नियमित करने से नींद की गुणवत्ता सुधरती है। शरीर में एनर्जी बढ़ती है। कब्ज, गैस और ब्लोटिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। रीढ़ की हड्डी और हैमस्ट्रिंग मजबूत होती है। इतने सारे फायदे मिलने से इसे नियमित करने वाले लोग बच्चे की तरह खुशी और बेफिक्री महसूस करने लगते हैं। इसीलिए इस योगासन को आनंद बालासन कहते हैं।

आनंद बालासन करने की विधि: इस योगासन को करने के लिए सबसे पहले अपने योगा मैट पर पीठ के बल सीधे लेट जाएं। ध्यान रखें, इस दौरान आपकी रीढ़ की हड्डी सीधी हो। अब धीरे से अपने दोनों पैरों को ऊपर की ओर उठाएं और दोनों घुटनों को सीने के नजदीक लाएं। इस दौरान अपने दोनों पैरों के मध्य दूरी बनाएं और फिर आहिस्ता से दोनों हाथों के जरिए पैरों को मोड़ लें तथा पैरों के तलवों को छत की ओर रखें और घुटनों की मदद से नब्बे डिग्री का कोण बनाएं। इस पोज में रहने के दौरान अपनी सांस पर ध्यान केंद्रित करें। इसके लिए गहरी सांस लें और फिर उसे धीरे-धीरे रिलीज करें। पैरों को पकड़ने के बाद उन्हें अपने सीने की ओर बालसुलभ भाव से खींचें जैसे छोटे बच्चे करते हैं। इस आनंद की मुद्रा में शरीर को 30 सेकेंड से 1 मिनट तक रखें। उसके बाद शरीर को कुछ देर के लिए रिलैक्स छोड़ दें। इससे तन और मन दोनों को शांति मिलती है। इस मुद्रा से बाहर आने के लिए धीरे से अपने पैरों को छोड़ें और घुटनों को वापस अपनी छाती की ओर लाएं। अब धीरे-धीरे अपने पैरों को मैट पर फैला लें।

क्या सावधानियां बरतें: आनंद बालासन बहुत फायदेमंद होता है लेकिन इसे करते समय कुछ सावधानियां अवश्य बरतें। अगर आपको हर्निया या स्पाइनल स्टेनोसिस जैसी कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी है तो यह योगासन करने से पहले एक बार डॉक्टर से सलाह लें। सलाह न भी लें तो भी यदि योगासन के दौरान दर्द या असुविधा महसूस हो रही हो तो तुरंत इसे करना बंद कर दें और योग शिक्षक से उसकी वजह जानें। जिन लोगों को घुटनों और टखनों की चोट लगी हो उन्हें यह आसन करने से बचना चाहिए। इस बात का भी ख्याल रखें कि इस आसन को करते समय शरीर को ज्यादा झटके से न हिलाएं अन्यथा रीढ़ की हड्डी को नुकसान हो सकता है। आनंद बालासन करने के बाद, कुछ देर के लिए शवासन की मुद्रा में आकर आराम करना चाहिए। गर्भवती महिलाएं यह आसन न करें। स्लिप डिस्क या रीढ़ की समस्या से पीड़ित लोग भी इसे न करें। हाल ही में पेट की सर्जरी करवाने वाले व्यक्ति, हर्निया या अपच के पेशेंट, जिन्हें हो घुटनों या कूल्हों में दर्द की शिकायत उन्हें यह आसन नहीं करना चाहिए।

ये आसन करना फायदेमंद: आनंद बालासन के पहले आप सुप्तबद्ध कोणासन और पवनमुक्तासन का अभ्यास कर सकते हैं। आनंद बालासन के बाद आप सेतु बंधासन, सुप्त मत्स्येंद्रासन और शवासन का अभ्यास कर सकते हैं। ऐसा करना और भी फायदेमंद रहेगा। *

डाइट सजेशन

ललिता गोयल

हम जानते हैं कि ज्यादा गर्मी की वजह से शरीर के बीमार होने का रिस्क बढ़ जाता है, शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है और डिहाइड्रेशन का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा कमजोरी और थकान महसूस होना भी आम बात है इसलिए मौसम के हिसाब से आपको अपना डाइट प्लान बनाना बहुत जरूरी है। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

डाइट में शामिल करें ये फूड-लिक्विड इस सीजन में आप रहेंगे हेल्दी

गर्मी का मौसम पाचन तंत्र के लिए अनुकूल नहीं होता है। लोगों को बहुत सारी पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में मौसम के हिसाब से डाइट में बदलाव नहीं करने पर हेल्थ पर बुरा असर हो सकता है। गर्मी के मौसम में वॉमिट और पेट में जलन जैसी समस्या भी आम होती है। इसलिए इस मौसम में हेल्दी रहने के लिए डाइट का खास ध्यान रखना चाहिए। गर्मियों में ठंडी तासीर वाली चीजों को डाइट में शामिल करने से सेहत दुरुस्त रहती है और शरीर को पर्याप्त हाइड्रेशन भी मिलता है। ऐसे में शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बनाए रखने वाली चीजों को डाइट में शामिल करना चाहिए। आइए जानते हैं कि गर्मी के मौसम में डाइट में किन फूड्स को शामिल करके हेल्दी रहा जा सकता है?

तरबूज

तरबूज में पानी की मात्रा बहुत ज्यादा होती है और यह एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इसलिए इसका सेवन शरीर को हाइड्रेटेड रखता है, इंफ्लेमेशन कम करने में मदद करता है और इस

मौसम में होने वाली शरीर में पानी की कमी नहीं होने देता। तरबूज में विटामिन सी, ए और पोटेशियम जैसे पौष्टिक तत्व भी होते हैं, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स को बनाए रखने में मदद करते हैं।

खीरा

खीरा भी एक हाइड्रेटिंग फूड है, जो पानी से भरपूर होता है और इसका सेवन करने से कैलोरी भी ज्यादा नहीं कंज्यूम होती। यह शरीर के तापमान को रेग्युलेट करने में मदद करता है और टॉक्सिन को फ्लश आउट करने में सहायक होता है इसलिए गर्मियों में खीरे को डाइट में शामिल करना, सेहत के

लिए एक बेहतर ऑप्शन है। खीरा शरीर को हाइड्रेटेड रखने और ठंडक देने के साथ-साथ शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बनाने, डाइजेशन को सुधारने और स्किन हेल्थ को बेहतर बनाने में मदद करता है। लंच से आधे घंटे पहले सलाद के तौर पर खीरा खाना चाहिए।

नारियल का पानी

गर्मियों में नारियल का पानी शरीर के लिए काफी लाभदायक रहता है। इसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम, सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं। गर्मियों के दौरान नारियल पानी पीने से पसीने के रूप में फ्लूड लॉस से शरीर को बचाता है और शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है।

पुदीना

पुदीना गर्मियों में शरीर के लिए एक रिफ्रेशिंग इंग्रेडिएंट्स का काम करता है और शरीर पर इसका काफी कूल प्रभाव होता है। यह शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ इंफ्लेमेशन कम करने में भी मददगार होता है। गर्मियों में पुदीने को सलाद, ड्रिंक्स या फिर चटनी आदि में मिला कर लिया जा सकता है। पुदीना डिटॉक्स वॉटर की तरह काम करता है और इससे डाइजेशन दुरुस्त होता है, साथ ही यह स्किन हेल्थ में भी सुधार करता है।

दही

दही में प्रोबायोटिक होते हैं, जो अच्छे बैक्टीरिया होते हैं और पाचन तंत्र के लिए लाभदायक होते हैं। यह

शरीर की गर्मी को कम करने में, इंफ्लेमेशन को कम करने में और पेट से जुड़ी समस्याओं को कम करने में सहायक होते हैं। दही को लस्सी, स्नैक, सलाद में मिला कर खाया जा सकता है।

ज्वार की रोटी

गर्मी के मौसम में लंच में ज्वार की रोटी खानी चाहिए। यह फाइबर से भरपूर और ग्लूटन-फ्री होती है। इससे ब्लड शुगर लेवल रेगुलेट होता है और एनर्जी बूस्ट होती है।

गोंद कतीरे का पानी

गर्मियों में सुबह गोंद कतीरे का पानी पीना चाहिए। गोंद कतीरा फाइबर से भरपूर होता है, शरीर को ठंडक देता है, डाइजेशन सुधारता है और गर्मी से होने वाली थकान को कम करता है। इससे स्किन

को भी हाइड्रेशन मिलता है।

छाछ

इस मौसम में दोपहर के खाने से पहले छाछ पीना बहुत लाभकारी होता है। इससे डाइजेशन में सुधार होता है, शरीर को ठंडक मिलती है और गट हेल्थ दुरुस्त होती है।

लौकी

गर्मियों में लौकी को डाइट का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए। लौकी को चीला, सब्जी या दाल में डालकर खाया जा सकता है। लौकी से भी शरीर को हाइड्रेशन मिलता है। लौकी कैलोरीज में कम होती है, शरीर को डिटॉक्स करती है और डाइजेशन को सुधारती है।

गन्ने का रस

गन्ने का रस गर्मियों में शरीर के लिए काफी फायदेमंद रहता है। इसमें विटामिंस और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके सेवन से इम्यूनिटी बूस्ट होती है, लिवर फंक्शन में सुधार होता है और शरीर को ठंडक मिलती है। *

इनके सेवन से बचें

गर्मी के मौसम में हेल्दी रहने के लिए कुछ फूड्स के सेवन से बचना भी जरूरी होता है।

- मसालेदार और तले, भुने भोजन का सेवन करने से शरीर का तापमान बढ़ता है और पाचन से जुड़ी समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है इसलिए गर्मियों में इन्हें खाने से बचना चाहिए।
- शराब का सेवन करने से शरीर डिहाइड्रेट होता है और इससे शरीर का तापमान भी बढ़ता है। इसलिए इसके सेवन से बचना चाहिए।
- गर्मियों में शुगर से भरपूर ड्रिंक्स जैसे एनर्जी ड्रिंक्स, कोल्ड ड्रिंक्स या फिर सोडा का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे शरीर डिहाइड्रेट होता है और ब्लड शुगर लेवल भी तेजी से बढ़ सकता है।

(डाइटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)

घरेलू औषधि / शिवचरण चौहान

कई रोगों में कारगर हरड़

हरड़, बहेड़ा, आंवला तीन फल हैं, जो आयुर्वेद में अमृत के समान माने गए हैं। तीनों के फलों को सुखाकर, पीसकर त्रिफला चूर्ण पावडर बनता है, जो अनेक रोगों के लिए अचूक औषधि है। इन्हीं तीन फलों में से एक हरड़ यानी हर्र के बारे में यहां बता रहे हैं। हर्र के अनेक नाम हैं। जैसे रोग के भय को दूर करने के कारण अभया नाम है। रोगों को हर लेती है, इस कारण हरीतकी नाम है। पथ्य रूप होने से पथ्या नाम है। शरीर को बुढ़ापे से रक्षा करती है, इस कारण कायस्था नाम है। हिमालय पर उत्पन्न होने से हेमवती नाम है। अमृत के समान गुण होने से अमृता नाम है। व्यथा को दूर करने से अव्यथा नाम है। शरीर को पवित्र करने वाली होने से पूतना नाम है। कल्याणकारी होने से श्रेयसी और शिवा नाम है। जीवंती, विजया, रोहिणी नाम भी इसके गुण के अनुसार ही हैं।

इन रोगों में लाभकारी: भुनी हुई हर्र त्रिदोष को दूर करती है और बल, बुद्धि तथा इंद्रियों को शक्ति प्रदान करने वाली होती है। चबाकर खाई हुई हर्र पाचन अग्नि को बढ़ाती है। पिसी हुई हर्र खाने से मल की शुद्धि होती है। तली हुई हर्र खाने से संग्रहणी दूर होती है। इसमें मीठा, कडुवा, कसैला रस पित्त नाशक है, खट्टा रस वातनाशक है और तिक्त, कटु, कसैला रस कफनाशक है। गुड़ के साथ सेवन करने से हर्र सर्व रोगनाशक है। लवण के साथ हर्र कफ को शांत करती है। शहद के साथ सेवन करने से हर्र पित्त नाशक है। वसंत ऋतु में शहद के साथ, ग्रीष्म ऋतु में गुड़ के साथ, वर्षा ऋतु में सेंधा लवण के साथ, शरद ऋतु में मिश्री के साथ, हेमंत ऋतु में सोंठ के साथ, शिशिर ऋतु में पीपर के साथ हर्र सेवन करना चाहिए। हर्र की एक तोला से अधिक मात्रा भी ली जा सकती है।

त्रिफला है लाभकारी: हरड़, बहेडा, आंवला, इनको त्रिफला कहते हैं। त्रिफला को संध्या समय भिगो दें, सबेरे छान कर उससे नेत्र धोएं तो सब प्रकार के नेत्र संबंधी रोग शांत हो जाते हैं। संध्या में भिगोया हुआ त्रिफला, सुबह और छान कर नमक मिला कर पीने से खांसी और कफ के रोग दूर हो जाते हैं। अकेली हरड़ को जल के साथ घिस कर गरम कर ऊपर लेप करने से नेत्र रोग दूर हो जाता है। जो मनुष्य थका हो, धातु विकार हो, जिसका खून निकाला गया हो तथा गर्भवती स्त्री को हर्र नहीं खाना चाहिए और जिसको ज्वर आता हो उसको पीली हर्र नहीं खाना चाहिए। इसका किसी भी प्रकार के औषधीय सेवन से पहले आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य कर लें। *

वर्क प्रेशर, आगे बढ़ने की जल्दी, अनहेल्दी फूड हैबिट, एक्सरसाइज से दूरी और टेंशनफुल लाइफ ऐसे तमाम कारण हैं, जो पुरुषों के स्वास्थ्य पर लगातार नकारात्मक असर डाल रहे हैं। पुरुषों के स्वास्थ्य निगरानी माह (जून) के अवसर पर इस बारे में डिटेल में बता रहे हैं।

बिगड़ती लाइफस्टाइल से पुरुष हो रहे बीमार

अवेयरनेस

रेखा देशराज

दिन पर दिन तेजी से भागती लाइफस्टाइल, दिनों-दिन जटिल होती काम-काजी तकनीक और करियर में प्रतिस्पर्धा का असर पुरुषों के समूचे स्वास्थ्य पर कहर बनकर टूट रहा है। यही वजह है कि इस 21वीं सदी में पुरुषों की औसत आयु, महिलाओं के मुकाबले करीब डेढ़ से दो साल और कम हो गई है। साथ ही पुरुषों का संपूर्ण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी तेजी से गिरता जा रहा है।

बिगड़ते स्वास्थ्य का कारण: पुरुषों के स्वास्थ्य में गिरावट का कारण जीवन का 'रनिंग एजेंडा' है। सुबह जल्दी उठना, ऑफिस में वर्क प्रेशर, घर पहुंचकर भी ऑफिशियल प्रोजेक्ट में बिजी रहना, देर रात तक सोशल मीडिया में उलझे रहना, ये गतिविधियां आज ज्यादातर पुरुषों के जीवन का अहम हिस्सा बन गई हैं, जिस कारण वे अकसर शरीर से थके रहते हैं और दिमाग से बोझिल। पूरी दुनिया के पुरुषों की नियमित नींद में कमी आ रही है। एक तो काम का दबाव और करियर में आगे बढ़ने का प्रेशर, ऊपर से डिजिटल तकनीक का मायाजाल। इन वजहों से दुनियाभर के पुरुषों में वर्तमान लाइफस्टाइल तमाम परेशानियां पैदा कर रही हैं।

नई तकनीक का असर: नई तकनीक आ जाने के कारण काम-काज तो आसान हुआ है, लेकिन इस तकनीक को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी जिन पुरुषों पर है, उन पर यह भारी पड़ रही है। ई-मेल, व्हाट्सएप, टीम मीटिंग, जूम कॉल, वर्क फ्रॉम होम इन सबने दैनिक काम को सिर्फ 9 से 5 तक सीमित नहीं रहने दिया बल्कि इसे 24X7 में तब्दील कर दिया है। पुरुषों में लगातार टेक्नोलॉजी में अपग्रेड रहने का दबाव रहता है। इससे भी दिमाग तनाव से मुक्त नहीं हो पाता है।

अनहेल्दी फूड हैबिट: जिस तरह की काम-काजी तेजी का दबाव है, उसके चलते फास्ट फूड खाने की हैबिट भी पुरुषों में बढ़ रही है। दुनियाभर के 52 फीसदी से ज्यादा काम-काजी पुरुष फास्ट फूड खाने के आदी हो गए हैं। भारत में 40 करोड़ पुरुष घरों से बाहर रोजी-रोटी के लिए रहते हैं, जिनमें से 17 से 20 करोड़ लोग अकेले रहते हैं और इनमें से 70 से 80 फीसदी पुरुष अमूमन हफ्ते में तीन बार फास्ट फूड खाते हैं।

एक्सरसाइज से दूरी: एक्सरसाइज से दूरी भी पुरुषों में बढ़ती बीमारियों का एक प्रमुख कारण है। भारत में पिछले एक दशक में पुरुषों के काम-काज के घंटे औसतन दो से ढाई घंटे बढ़ गए हैं। व्यस्तता बढ़ जाने के कारण पुरुषों में नियमित एक्सरसाइज की गतिविधि कम हो गई है।

बढ़ रही है बीमारियां: तमाम वजहों से पुरुष चाहकर भी अपने स्वास्थ्य की जरूरी देख-रेख नहीं कर पाते, उनका स्वास्थ्य लगातार बिगड़ रहा है। काम-काज की शैली और रफ्तार बदल जाने के कारण जिस चीज की सबसे ज्यादा उपेक्षा हो रही है, वह पुरुषों का स्वास्थ्य ही है। भारत के करीब 87 फीसदी काम-काजी पुरुष कम से कम एक या दो लाइफस्टाइल बीमारियों के चंगुल में फंसे हुए हैं और दुनिया के स्तर पर तो यह आंकड़ा 90 फीसदी के ऊपर है।

इससे साफ है कि कंडीशन तभी बदल सकती है, जब पुरुष स्वयं अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस होंगे और अपनी लाइफस्टाइल में जरूरी बदलाव करेंगे। *

मेंटल हेल्थ

शिखर चंद जैन

इन दिनों अखबार, टीवी और सोशल मीडिया, हर तरफ से युद्ध और हिंसा की खबरें देखने और सुनने को मिल रही हैं। कुछ लोग इससे मेंटली डिस्टर्ब होने लगते हैं। यही वॉर एंग्जायटी कहलाता है। इसके लक्षण और उपचार के बारे में यहां बता रहे हैं।

इन दिनों कई लोगों को हो रही है वॉर एंग्जायटी

इस समय दुनिया के कई देशों में युद्ध हो रहा है या वॉर के हालात बने हुए हैं। रात-दिन वॉर से जुड़ी खबरें देखने, पढ़ने और सुनने से मीरा ने महसूस किया कि उसका जी मिचला रहा है, हल्के चक्कर आ रहे हैं और सिर भारी-भारी सा लग रहा है। उसे बार-बार टॉयलेट भी जाना पड़ रहा था और प्यास भी लग रही थी। उसने शुगर चेक किया, तो नॉर्मल था। बीपी चेक किया तो, खास बढ़ा हुआ नहीं था, सामान्य ही था। मीरा ने टीवी बंद किया, एक गिलास नीबू पानी पिया और पार्क में टहलने के लिए निकल पड़ी। सोसायटी की कुछ सहेलियां मिल गईं। उनसे बातें करते हुए उसने जब अपनी समस्या के बारे में बताया, तो एक और महिला ने भी बिल्कुल वैसे ही लक्षणों का जिक्र किया और कहा, 'मेरा भी हार्ट ऐसे ही तेज धड़क रहा था तो मैं इधर आ गई। यहां अच्छा लग रहा है।' मीरा को भी अच्छा फील होने लगा। उनकी बातें सुनकर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट अवंतिका ने कहा, 'अरे तुम दोनों को वॉर से जुड़ी न्यूज देखते-सुनते वॉर एंग्जायटी की प्रॉब्लम हो गई है।'

वॉर एंग्जायटी क्या है: जब युद्ध, हिंसा और विनाश के बारे में ब्रेकिंग न्यूज, वीडियो और तस्वीरें मीडिया में छा जाती हैं, तो यह स्थिति कई लोगों के लिए परेशान करने वाली और डरावनी हो सकती है। कुछ लोगों में ये सब भावनात्मक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। कुछ विशेषज्ञों ने इस स्थिति को 'हेडलाइन स्ट्रेस डिसऑर्डर', 'युद्ध की चिंता' या 'युद्ध चिंता' नाम दिया है। इस बारे में मनोविज्ञानी स्टेफनी कोलियर, ने हार्वर्ड हेल्थ पब्लिशिंग में प्रकाशित अपने लेख में बताया है कि युद्ध की चिंता, सैन्य बलों द्वारा हमलों या आतंकी हिंसा के बारे में समाचार और भयावह

तस्वीरों के प्रति भय से उपजी यह प्रतिक्रिया ही वॉर एंग्जायटी होती है।

प्रमुख लक्षण: डर, चिंता और अनिश्चितता उत्पन्न करने वाले समाचार, एंकर्स और प्रवक्ताओं की उग्र टिप्पणियां, बम और मिसाइलों के धमाके, रक्तपात और विनाश के दृश्य किसी के भी दिल, दिमाग और शरीर में तीव्र प्रतिक्रियाएं स्टिमूलेट कर सकते हैं। शारीरिक लक्षणों में दिल की तेज धड़कन, पेट में गुड़गुड़ाहट या मरोड़, मितली या चक्कर आना शामिल हो सकते हैं। सोने में परेशानी, बेचैनी या बुरे और डरावने सपने भी आ सकते हैं।

इस कंडीशन में क्या करें: अगर आप इन्हीं वजहों से बेचैनी महसूस करते हैं तो न्यूज चैनल से अपने संपर्क को सीमित करें। आप अपनी किसी हॉबी पर समय दें। अच्छी किताबें पढ़ें और प्रेरक आलेख पढ़ें। परिवार के सदस्यों या दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। अपने प्रियजनों से जुड़े रहें और उनका हाल-चाल लेते रहें। माइंडफुलनेस, शारीरिक गतिविधि और ब्रीदिंग एक्सरसाइज से इमोशंस को पॉजिटिव रखें। बच्चों के साथ खेलें और पार्क में टहलने की आदत डालें। शोध बताते हैं कि प्रकृति के करीब समय बिताने से तनाव और चिंता से राहत मिल सकती है। अपनी शारीरिक गतिविधि की तीव्रता बढ़ाएं। कोई भी एरोबिक गतिविधि चिंता को कम कर सकती है, लेकिन व्यायाम की तीव्रता और उसमें आपकी संलग्नता जितनी अधिक होगी, चिंता पर अच्छा प्रभाव उतना ही अधिक होगा। पोषक और सेहतमंद भोजन खाएं। पर्याप्त नींद लें। हाइड्रेटेड रहने के लिए खूब पानी पिएं। अनिश्चितता को स्वीकार करें। अनिश्चितता महसूस करना पूरी तरह से सामान्य है। आपको स्वयं को समझाना होगा कि इस स्थिति पर आपका कोई नियंत्रण नहीं है। *

(मनोविज्ञानी रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)

क्या कहती है रिसर्च: एक अध्ययन में पाया गया कि परमाणु युद्ध के बारे में चिंतित किशोरों में पांच साल बाद सामान्य मानसिक विकारों का जोखिम बढ़ गया था। चिंता से ग्रस्त लोगों में संकटों के बारे में मीडिया कवरेज की तलाश करने की अधिक संभावना होती है। ऐसे में युद्ध की चिंता धीरे-धीरे आप पर हावी हो सकती है या यह किसी ट्रिगर के जवाब में अचानक प्रकट हो सकती है।

क्वालीफायर मैच में ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराया

ब्राजील और गत चैंपियन अर्जेंटीना विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶ साओ पाउलो

विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में पदार्पण के साथ मिली जीत की खुशी दोगुनी हो गई। रियल मैड्रिड के स्टार रहे विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा। वहीं कोलंबिया से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली गत चैंपियन अर्जेंटीना ने भी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल के महासमर में जगह पक्की की।

ब्राजील अंकतालिका में अर्जेंटीना से दस अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। अभी दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मैच बाकी हैं। दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमों को 48 टीमों के विश्व कप में जगह मिलेगी। ब्राजील सातवें नंबर की टीम से छह से अधिक अंक से आगे है। चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा। उरूग्वे ने वेनेजुएला को 2-0 से मात दी और अब उसके 24 अंक हो गए हैं। वेनेजुएला के 18 और बोलिविया के 19 अंक है और सातवें स्थान के लिए दोनों में होड़ है चूंकि उस टीम को अंतर महाद्वीपीय प्लेआफ खेलने का मौका मिलेगा।

जापान ने 8वीं बार बनाई जगह

जापान ने इंडोनेशिया को 6-0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई। वहीं दक्षिण कोरिया ने कुवैत को 4-0 से हराकर लगातार 11वीं बार विश्व कप में प्रवेश किया। ओमान से 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद फलस्तीन दौड़ से बाहर हो गया। एशिया आस्ट्रेलिया से जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया, उजबेकिस्तान, जोर्डन क्वालीफाई कर चुके हैं। एशिया से तीसरे चौथे स्थान पर रही छह टीमों में से दो और क्वालीफाई करेंगी और यह दौर अक्टूबर में खेला जाएगा। ये टीमें ओमान, कतर, ईराक, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं।

फर्नांडिस को लाल कार्ड

लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना को ब्यूनस आयर्स में हुए मुकाबले में कोलंबिया ने ड्रॉ पर रोका। लुईस डियाज ने कोलंबिया के लिए 24वें मिनट में पहला गोल किया। जूलियन अल्वारेज ने 81वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। एंजो फर्नांडिस को 70वें मिनट में लाल कार्ड दिखाए जाने से स्टेडियम में जमा 80000 से अधिक दर्शकों को निराशा हुई।

आस्ट्रेलिया ने सउदी अरब को हराया

मेलबर्न। कोनोर मेटकाफे ने आस्ट्रेलिया के लिए पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में सूत्रधार की भूमिका निभाई। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया। आस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर लगाया। सउदी अरब के लिए 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। आस्ट्रेलिया के लिए सौवां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाए जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी।

फिर टकराएंगी आईपीएल और पीएसएल की तारीखें

एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान सुपर लीग का अगले साल हाई प्रोफाइल इंडियन प्रीमियर लीग से टकराव होना तय है क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस टी20 लीग को आईपीएल के दौरान ही आयोजित करने पर विचार कर रहा है। इसका कारण यह बताया जा रहा है कि अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले आईसीसी विश्व टी20 कप और कुछ एफटीपी प्रतिबद्धताओं के कारण पीएसएल को फरवरी-मार्च की अपनी सामान्य विंडो में आयोजित करना फिर से संभव नहीं होगा। एक सूत्र ने कहा, 'पाकिस्तान बोर्ड के पास दिसंबर और जनवरी के पहले पखवाड़े में एक विंडो उपलब्ध है लेकिन उसने इस अवधि में ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश में खेलने के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को पहले ही एनओसी दे दी है और कुछ घरेलू गतिविधियों की योजना भी बनाई है। इसलिए अब फ्रेंचाइजी मालिकों के साथ चर्चा इस साल की तरह अप्रैल-मई में पीएसएल के आयोजन की तैयारी करने की है।'

काउंटी में हैंपशर के लिए खेलेंगे तिलक

हैदराबाद। हैदराबाद क्रिकेट संघ ने बुधवार को कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा काउंटी चैंपियनशिप में हैंपशर का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। 22 वर्षीय तिलक ने भारत के लिए 25 टी20 और चार एकदिवसीय मैच में क्रमशः 749 और 68 रन बनाए हैं। एचसीए ने कहा, 'हैदराबाद क्रिकेट संघ को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हैदराबाद के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एन ठाकुर तिलक वर्मा से ब्रिटेन काउंटी चैंपियनशिप लीग में खेलने के लिए हैंपशर काउंटी टीम ने संपर्क किया है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, जबलपुर (म.प्र.)
(क्षेत्रीय वस स्टैण्ड के पीछे, पानी की टंकी के पास, दमोह नाका जबलपुर 482002)(दूरभाष - 0761- 3500180, ईमेल - eephedjab@nic.in)

निविदा कमांक 07-08/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा. यां. खंड/2025-26 — जबलपुर, दिनांक 06.06.2025

इस कार्यालय की ऑन लाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है । ऑन लाईन निविदा विक्रय करने की अंतिम तिथि 23.06.2025 सायं 05.30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 25.06.2025 11.00 बजे है । निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबासाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है ।

A- Name of Work -: Drilling fo 350mm 150mm 60mtr deep Gravel Tube Well 150mm dia 60mtr ordinary Tubewell Total 120 mtr Combination Ring for Piped Water Supply Scheme in Various Village Block Jabalpur, Panagar, Shahpura, Sihora, Majholi Distt. Jabalpur; and Providing vehicle with Driver for E.E Offoce A.E.Jabalpur,Kundam, Sihora, Lalpur Office

S. No	E-Tender No	Name of Block	PAC in Rs Lakhs	e-EMD in Rs.	Cost of Tender in Rs.
1	2025_PHED429282_1 II II Cal	Jabalpur, Panagar, Shahpura, Sihora, Majholi	78.80	79000/-	10000/-
2	2025_PHED426985_1 I I Cal	Providing vehicle with Driver for E.E Office A.E.Jabalpur, Kundam, Sihora, Lalpur Office	12.60	25200/-	2000/-

(शरद सिंह)
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड जबलपुर

G-14195/25 "स्वच्छता ही सेवा"

कार्यालय नगर परिषद, सांईखेड़ा, जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.)
(Main Road, Sainkheda Phone : 07791-250320 Email: cmosaikheda@mpurban.gov.in)

पत्र क्र. 972 ई-टेण्डर / 2025-26 — सांईखेड़ा, दिनांक -11/06/2025

द्वितीय दुकान ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद सांईखेड़ा के स्वामित्व की मेन मार्केट में निमार्णाधीन काम्पलेक्स की दुकानों को म.प्र. नगरपालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 तथा संशोधित नियम 04 मई 2021 एवं दिनांक 28.03.2023 (निविदा दिनांक तक हुए समस्त संशोधनों सहित) में उल्लेखित एवं विरचित प्रावधानों के अधीन आवंटन लमसम दर पर ऑनलाईन निविदा ऑफर आमंत्रित किया जाता है। दुकानों से संबंधित विवरण निम्नानुसार है :-

स. क्र.	टेण्डर आई. डी. नं. जारी दिनांक	दुकान क्र.	क्षेत्रफल वर्गफीट	दुकानों का वर्ग (आरक्षण)	न्यूनतम प्रीमियम राशि	प्रतिभूति निक्षेप /अर्नेस्ट मनी राशि (2.5 प्रतिशत)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2025_UAD_421196_2 12.06.2025	1	12X9.8	अनारक्षित	369852.00	9250.00	2000.00	27/06/2025
2	2025_UAD_421197_2 12.06.2025	2	12X10.8	अन्य पिछड़ा वर्ग	407592.00	10190.00	2000.00	27/06/2025
3	2025_UAD_421200_2 12.06.2025	3	12X10.8	अनुसूचित जाति	407592.00	10190.00	2000.00	27/06/2025
4	2025_UAD_421201_2 12.06.2025	4	12X18	अनारक्षित	679320.00	16999.00	2000.00	27/06/2025
5	2025_UAD_421205_2 12.06.2025	7	12X20.9	अनारक्षित	788766.00	19720.00	2000.00	27/06/2025
6	2025_UAD_421206_2 12.06.2025	8	12X20.9	अनुसूचित जाति	788766.00	19720.00	2000.00	27/06/2025
7	2025_UAD_421207_2 12.06.2025	9	12X20.9	अनारक्षित	788766.00	19720.00	2000.00	27/06/2025
8	2025_UAD_421208_2 12.06.2025	10	12X20.9	अनारक्षित	788766.00	19720.00	2000.00	27/06/2025
9	2025_UAD_421214_2 12.06.2025	16	12X15	अनारक्षित	566100.00	14155.00	2000.00	27/06/2025
10	2025_UAD_421216_2 12.06.2025	18	12X15	अनारक्षित	566100.00	14155.00	2000.00	27/06/2025
11	2025_UAD_421217_2 12.06.2025	19	12X25.8	अनारक्षित	973692.00	24350.00	2000.00	27/06/2025

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

अध्यक्ष
नगर परिषद, सांईखेड़ा

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद, सांईखेड़ा

खबर संक्षेप

विश्व कप में इलावेनिल को मिला कांस्य पदक

म्यूनिख। भारत की दिग्गज निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान को मंगलवार को आईएसएसएफ विश्व कप में प्रतियोगिताओं के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक समय शीर्ष पर रहने के बावजूद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। 25 वर्षीय भारतीय निशानेबाज इलावेनिल ने 231.2 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की 18 साल की वैंग झिफेई ने 252.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कोरिया की क्वोन युनजी ने 252.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

पूरन बने एमआई न्यूयॉर्क एमएलसी टीम के कप्तान

न्यूयॉर्क। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट के आगामी सत्र के लिए एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। 29 वर्ष के पूरन ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली थी। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने एक्स पर लिखा, 'हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन।' पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाये थे। तीसरा सत्र गुरुवार से शुरू होगा।

फाल्कंस और रॉयल्स में खिताबी मुकाबला आज

मुंबई। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली सोबो मुंबई फाल्कंस का सामना टी20 मुंबई लीग के फाइनल में बृहस्पतिवार को मराठा रॉयल्स मुंबई साउथ सेंट्रल से होगा। अय्यर की कप्तानी वाली टीम ने पांच में से चार मैच जीते हैं। सेमीफाइनल में इसने नमो बांद्रा ब्लास्टर्स को पांच विकेट से हराया। अय्यर सेमीफाइनल में एक ही रन बना सके लेकिन फाइनल में इस गलती को सुधारना चाहेंगे। कुछ रोज पहले ही आईपीएल फाइनल हारने वाले पंजाब किंग्स के कप्तान अय्यर खिताब जीतने को बेताब होंगे।

टी20: इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज पर 3-0 से किया क्लीन स्वीप

साउथम्पटन। वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 37 रन से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 248 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 गेंद में 84 रन बनाए और पहले विकेट के लिए जैमी स्मिथ के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 26 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। दस ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 135 रन था। कप्तान हैरी ब्रूक (35) और जैकब बेथेल (36) ने 5.1 ओवर में 70 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाए जबकि शाइ होप ने 27 गेंद में 45 रन जोड़े। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला भी 3-0 से जीती थी। अब इंग्लैंड की टीम 20 जून से भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

भांबरी-गैलोवे की जोड़ी बॉस ओपन से बाहर

स्टटगार्ट। भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गैलोवे को बॉस ओपन टेनिस प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा। युकी और गैलोवे की जोड़ी को मैक्सिको के सैंटियागो गोंजालेस और अमेरिका के आस्टिन क्राइसेक के हाथों 6-7, 6-7 से पराजय मिली। भारत के रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी भी अपने अपने जोड़ीदारों के साथ यह टूर्नामेंट खेल रहे हैं। बालाजी और मैक्सिको के मिगुल रेयेस वारेला का सामना फ्रांस के दूसरी वरीयता प्राप्त सादियो दुम्बिया और फेबियन रेबाउल से होगा। वहीं बोपन्ना और बेल्जियम के सैंडर जाइल की टक्कर जर्मनी के जैकब श्नाइटेर और मार्क वालनेर से होगी।

महिला वनडे विश्व कप

आयोजन समिति के गठन में देरी बीसीसीआई की हो रही किरकिरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला वनडे विश्व कप के आयोजन में अब ज्यादा समय नहीं बचा है लेकिन मेजबान भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अभी तक आईसीसी की इस प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय आयोजन समिति का गठन नहीं किया है। मार्च में हुई बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में एलओसी गठन का मुद्दा एजेंडे में था लेकिन उस समय कोई निर्णय नहीं लिया गया था।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इस महीने के शुरू में 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के शुरुआती कार्यक्रम की घोषणा की थी। आईसीसी की 2027 तक होने वाली सभी प्रतियोगिताओं के लिए बीसीसीआई, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी की सहमति से हाइब्रिड मॉडल के अनुसार कोलंबो पाकिस्तान की भागीदारी वाले मैचों के लिए तटस्थ स्थल होगा। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी तीन जून तक आईपीएल के आयोजन में व्यस्त थे और शीर्ष परिषद की जल्द ही बैठक होने की उम्मीद है, जिसके बाद एलओसी का गठन हो सकता है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, एलओसी गठित करने के लिए कोई समय सीमा नहीं है, लेकिन अगर ये चीजें पहले ही कर ली जाती तो बेहतर होता। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में आमतौर पर आयोजन से एक साल पहले एलओसी का गठन कर लिया जाता है। यहां तक कि कार्यक्रम भी पहले से ही घोषित कर दिया जाता है ताकि प्रशंसक योजना बना सकें।'

शतरंज : अभिजीत ने गरीबयान को हराकर हासिल की बढ़त

नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता ने उलटफेर करते हुए आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर ममीकोन गरीबयान को पराजित करके दिल्ली इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त हासिल कर ली। इस जीत से अभिजीत के 6.5 अंक हो गए हैं। पिछले दौर तक शीर्ष पर चल रहे ग्रैंडमास्टर एस एल नारायणन और ग्रैंडमास्टर बोरिस सावचेंको के बीच शीर्ष बोर्ड पर मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ, जिससे दोनों के छह अंक हो गए।

पश्चिम मध्य रेल
विद्युत (सामान्य शाखा)
खुली निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना कं.** – जबल/एल/टी न 09/2025 दिनांक 05.06.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** DSD जबलपुर, कोचिंग डिपो रीवा, जीएम ऑफिस जबलपुर और बॉक्स –एन आरओएच शेड एनकेजे में नवीकरण कार्य । (I) स्टोर डिपो– डीएसडी/जेबीपी के बुनियादी ढांचे में सुधार (ii) रीवा कोचिंग डिपो में वंदे भारत स्टोर भवन का निर्माण (iii) जबलपुर में जीएम ऑफिस में लेखा विभाग के अधिकारी कक्षों का नवीनीकरण (iv) आरओएच शेड एनकेजे में अतिरिक्त गोदाम भवन के प्रावधानों के साथ स्टोर डिपो बॉक्स–एन/एनकेजे के बुनियादी ढ़ाचे में सुधार । **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में) :** रू. 49,54,042.74/–, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये में)** – 0.00/–, **कार्यालय का पता जहां टेण्डर फार्म खरीदा जा सकता है।** वरि.मंडल विद्युत अभियंता/जबलपुर **बयाना राशि रूपये :** रू. 99100.00 **समापन अवधि (माह/वर्ष)** – 06 माह **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक)** – 27.06.2025 **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक)** – 27.06.2025, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेब साईट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है । पूर्व निविदा प्रपत्र उक्त वेब साईट से डाउनलोड की जा सकती है ।

(हस्ता.)
वरि.मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
एमआईबी कार्यशाला, नागपुर में विभिन्न कार्य के लिए

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, MIB-WS, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

1. निविदा सूचना सं.: MIBW-2024-19-06-09-5R3 दिनांक: 04.06.2025
कार्य का विवरण: मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर में कार्य के दायरे के अनुसार ICF & LHB कोचों की संक्षारण मरम्मत गतिविधियाँ।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 40,83,585/- (रु. चालीस लाख तिरासी हजार पांच सौ पचासी मात्र), (सभी करों सहित),
बयाना राशि: ₹ 81,700/- (रु. इक्यासी हजार सात सौ मात्र)
अनुबंध की अवधि: 03 (तीन) महीने,
निविदा प्रपत्र मूल्य: ₹ 0 (शून्य)।

2. निविदा सूचना सं.: MIBW-2024-19-06-09-01R5 दिनांक: 04.06.2025
कार्य का विवरण: मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर में कार्य के दायरे के अनुसार ICF/LHB कोचों की बोगियों की स्ट्रिपिंग, बोगी फ्रेम्स की मरम्मत और स्प्रिंग्स की ओवरहॉलिंग।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 30,01,757/-
बयाना राशि: ₹ 60,000/-
अनुबंध की अवधि: 105 (एक सौ पांच) दिन,
निविदा प्रपत्र मूल्य: ₹ 0 (शून्य)।
निविदा जमा करना: बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दिनांक **26.06.2025** के **11:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है व अस्वीकार कर दिए जाएंगे। विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

कार्यशाला प्रबंधक,
मोतीबाग कार्यशाला,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

AIM/08-41
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग मण्डला (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 09/2025-26 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — मण्डला, दिनांक 09.06.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता निविदा प्रपत्र उक्त बेवसाईड पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेबसाईड के माध्यम से प्राप्त हो सकेगें ।

यु. प.क्र.	टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र की राशि	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2025_PWDRB_429610_1	मण्डला	टिकरिया सिंगौधा पाठा चुटका मार्ग पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी. टी. पेंच रिपेयर कार्य ।	तृतीय आमंत्रण	19.96	39920	2000	02 माह वर्षाकाल सहित
				योग रु.	19.96			

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 21/06/2025 (17.30) बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेगें। अलग से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री,
लो.नि. विभाग (भ/स) समांग मण्डला

G-14188/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

HDFC BANK

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
शाखाः अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

मांग-सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें।
जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.
उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।
सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

क्रं.	ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता	बकाया राशि	मांग सूचना तिथि	बंधक संपत्ति का विवरण
(अ)	(ब)	(स)	(द)	(इ)
1.	**श्री खान मोहम्मद जावेद,** एलआईजी 383, दूसरी मंजिल, पं. दीन दयाल आवास योजना, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जुनवानी, भिलाई–490023. **श्री खान मोहम्मद जावेद,** मकान नं. 1945, दूसरी मंजिल, राइट टाउन, जबलपुर – सदर, मध्य प्रदेश, पिन – 481300 - भारत। **श्री खान मोहम्मद जावेद,** श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड, 1380, नेपियर टाउन साई के बगल में, सदन ग्लास हॉस्टल, होम साइंस, कॉलेज रोड सिटी, जबलपुर – 482001. **श्री खान मोहम्मद जावेद,** 101, अशरफी रोड, फरीद नगर, सुपेला, भिलाई – छत्तीसगढ़, पिन -490023. **श्रीमती बेगम नज़मा,** एलआईजी 383, दूसरी मंजिल, पं. दीन दयाल आवास योजना, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जुनवानी, भिलाई–490023. **श्रीमती बेगम नज़मा,** 101, अशरफ़ी रोड, फरीद नगर, सुपेला, भिलाई – छत्तीसगढ़, पिन – 490023.	**₹ 4,33,440/-** as on **30-अप्रैल-25**	**26 मई.-2025**	समस्त भाग एवं आंशिक भाग का फ्लैट क्षेत्रफल–45.26 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 326/1, 326/19, 326/17-23, 326/20, जुनवानी, दीन दयाल आवास योजना, छ.ग. गृह निर्माण मंडल में स्थित फ्लैट नंबर– एलआईजी–383, द्वितीय तल, प.ह.नं.–, वार्ड 01, भिलाई नगर तहसील और जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ **चौहद्दी:–** उत्तर से विंग फ्लैट, दक्षिण से विंग फ्लैट, पूर्व से विंग फ्लैट, पश्चिम से विंग फ्लैट से घिरा हुआ है।

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।
यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।
उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : जबलपुर
दिनांक : 12.06.2025
पंजीकृत पता– एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम), मुंबई–400020

कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

80 वर्षीय बुजुर्ग संक्रमित, स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर

जबलपुर में नए कोरोना वेरिएंट की पुष्टि

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश के इंदौर और भोपाल के बाद अब जबलपुर जिले में भी कोविड-19 के नए वेरिएंट की पुष्टि हो चुकी है। जिले में एक 80 वर्षीय वृद्ध कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं, जिनमें जांच के दौरान वायरस के नए वेरिएंट के लक्षण देखे गए हैं। हालांकि अस्पताल प्रशासन ने उनकी स्थिति को स्थिर बताया है, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती किया गया है। कोविड संक्रमण के लक्षण सामने आने के बाद बुजुर्ग की जांच की गई, जिसमें नए वेरिएंट की पुष्टि हुई। संक्रमण फैलने से रोकने के लिए उन्हें तुरंत आइसोलेट किया गया और डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनकी निगरानी कर रही है। स्वास्थ्य विभाग ने उनके परिजनों की भी जांच शुरू कर दी है ताकि संक्रमण का फैलाव रोका जा सके।

कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्कता बरतें और कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन करें। उन्होंने कहा कि जिले में स्क्रीनिंग और निगरानी को तेज किया गया है। संक्रमण के प्रसार की संभावना को देखते हुए विभाग ने सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाने, सामाजिक दूरी बनाए रखने और किसी भी तरह के लक्षण सामने आने पर तत्काल जांच कराने की सलाह दी है।

24 घंटे में 9 नये मरीज

प्रदेश में कोरोना के मामलों में धीरे-धीरे इजाफा हो रहा है। इंदौर, भोपाल और अब जबलपुर में कोरोना के मरीज सामने आ रहे हैं। इंदौर में सबसे ज्यादा केस हैं, जहां कुल संक्रमितों की संख्या 55 से अधिक हो चुकी है। बीते 24 घंटों में वहां 9 नए मरीज सामने आए हैं, जिससे चिंता बढ़ गई है।

ऑक्सीजन आपूर्ति में आत्मनिर्भरता

कोरोना की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की भारी किल्लत का सामना करने के बाद अब जबलपुर के अस्पतालों ने ऑक्सीजन सप्लाई में आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है। शहर के प्रमुख अस्पतालों में लिक्विड ऑक्सीजन और पीएसए प्लांट स्थापित किए गए हैं, जिनसे ऑक्सीजन की उपलब्धता सुचारु बनी रहेगी। इससे गंभीर मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा और रिफर की आवश्यकता कम होगी।

कितना तैयार है जबलपुर

बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग ने पिछली लहरों से सबक लेते हुए जबलपुर के अस्पतालों की तैयारियों को मजबूत किया है। जिले में अब स्वास्थ्य सेवाओं को अपग्रेड किया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। मेडिकल कॉलेज के नए भवन में 500 अतिरिक्त बेड जोड़े गए हैं। पल्मोनरी मेडिसिन एक्सीलेंस स्कूल अस्पताल में 180 बेड और निजी अस्पतालों में करीब 250 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई है। जबलपुर के मेडिकल कॉलेज और उससे जुड़े अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं का भी तेजी से विस्तार किया गया है। लगभग 180 करोड़ रुपये की लागत से अस्पतालों में आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू और एचडीयू वार्ड बनाए गए हैं। सुपर स्पेशलिटी और पल्मोनरी अस्पतालों में भी अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

गर्मी से फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं

भीषण गर्मी में जनजीवन के हाल बेहाल, पारा 40 पार

जबलपुर। बुधवार को भी बैचेन कर देने वाली भीषण गर्मी बनी रही और पारा 40 डिग्री के पार रहा। बताया गया है कि कल से मौसम के तेवर कुछ बदल सकते है और राहत भरी बूंदे आ सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी दो दिन और तापमान बढ़ेगा और गर्मी का असर बना रहेगा। इसके बाद प्री मानसून सक्रियता कुछ राहत दे सकती हैं। मानसून बंगाल की खाड़ी से चल कर महाराष्ट्र तक पहुंच चुका है। फिलहाल मानसून को मध्यप्रदेश पहुंचने में 8 से 10 दिन लग सकते हैं।

हवा तय करेगी मानसून की दिशा दशा

हवा मानसून की दिशा दशा तय करेंगी। मौसम विभाग का कहना है कि अभी पश्चिमी हवायें चल रही है, लेकिन हवाओं की दिशा बदलकर दक्षिण पूर्वी हुई तो मानसून जल्द आ जाएगा। अन्यथा मानसून लेट भी हो सकता है। फिलहाल उमस भरी गर्मी ने जनजीवन को बेचैन कर रखा है। बुधवार को भी बेचैन करने वाली गर्मी का नजारा रहा।

पारा उछाल पर

मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 40.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 27.03 डिग्री सेल्सियस सामान्य रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 52 प्रतिशत और सायंकाल 30 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.24 और सूर्यास्त 6.56 बजे हुआ। जबकि गत वर्ष के आज के दिन अधिकतम तापमान 40.07 और न्यूनतम तापमान 27.08 डिग्री रिकार्ड किया गया था। उत्तरी पूर्वी हवाएं 5 से 6 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 46.01 डिग्री तापमान नवगांव (छतरपुर) जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

बेलखेड़ा में वारदात, आरोपी गिरफ्तार

मां को बचाने की कोशिश में नाबालिग पुत्र से हो गया पिता का कत्ल

हरिभूमि जबलपुर।

बेलखेड़ा थाना अतंर्गत ग्राम नयाखेड़ा में शराबी पिता द्वारा मां पर कुल्हाड़ी से किए जा रहे जानलेवा हमले को भांपते हुए बौखलाये नाबालिग बेटे ने कुल्हाड़ी छुड़ाकर पिता को दे मारी, जिससे पिता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना के संबंध में बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नयाखेड़ा निवासी 40 वर्षीय गोविंद मल्लाह शराब के नशे में घर आया और अपनी पत्नी रेवती बाई माल्लाह के साथ गालीगलौज करने लगा। इस दौरान उसने मारपीट शुरु कर दी। विरोध करने पर घर का सामान आंगन में फेंक दिया। झगड़ा करते हुए पति ने जमीन पर पटका और हत्या करने की नीयत से पत्नी से हमला करने वालें थे तभी नाबालिग बेटे ने पिता के हाथ से कुल्हाड़ी छीनकर उन पर हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के हमले से गोविंद लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए और चंद मिनिट में उनकी मौत हो गई।

झगड़े की सूचना पर मौके पर पहुंची बेलखेड़ा पुलिस को घर के आंगन में रक्तरंजित लाश मिली। पुलिस ने प्राथमिक कार्रवाई करते हुए लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 301 (1) का मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की विस्तृत जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

ऑन ड्यूटी सुपरवाईजर को टेक्निशियन ने दी मारपीट की धमकी

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के ट्रेन लाइट जबलपुर में कार्यरत रेलवे सुपरवाइजर राजेंद्र साहू को वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर विदेश राठिया के सामने ऑफिस के अंदर नशे में धुत कर्मचारी उमाशंकर कश्यप टेक्नीशियन ने गाली गलौज की व बाहर मारने की धमकी दी वह बोला कि जीएम भी हमारा कुछ नहीं कर लेंगे जहां शिकायत करना हो कर लो। बाहर के राजनेतिक लोगो का नाम लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को डराने धमकाने का आरोप भी लगाया गया। उक्त कर्मचारी रोज शराब पीकर ड्यूटी पर आता है इसकी जानकारी समस्त एस एस ई, समस्त सुपरवाइजर ,एवं समस्त ई टी एल स्टाफ को है इसके बावजूद भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। एक वरिष्ठ अधिकारी के सामने एक सुपरवाइजर को इस तरीके से अपशब्द बोलना व देख लेने की धमकी देने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसके पूर्व भी 9 जून को उक्त कर्मचारी शराब के नशे में ड्यूटी करते हुए मिला था जिसकी व्हाट्सएप के जरिए नाइट ड्यूटी में फोटोग्राफ के साथ कम्पलेन की गई थी, जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों में भय का माहौल हैं।

चार महीने पहले ही शादी हुई थी

तमिलनाडु से आए आर्मी के मेडीकल आफिसर की पत्नी की मौत

जबलपुर। गोराबाजार थाना अतंर्गत आर्मी के मेडीकल आफिसर की पत्नी के बाथरुम में कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। चूंकि मृतिका नवविवाहिता थी। चार महीने पहले ही शादी हुई थी, लिहाजा पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्मी जैक रेजिमेंटल सेंटर जबलपुर में मेडीकल आफिसर के पद पर पदस्थ 28 वर्षीय चिन्नालपट्टी डिंडीगुल तमिलनाडु निवासी ओमनागा अर्जुन की शादी 2 मार्च 2025 को कविता के साथ हुई थी। जबलपुर पोस्टिंग होने के बाद वह 9 जून की रात लगभग 8.15 बजे अपनी पत्नी के साथ जैक आरआरसी आफिसर मैस पहुंचा, जहां उसकी पत्नी फेसवॉश करने गई और वहीं पर गिर गई। पत्नी ने सीने में दर्द होना बताया। उसने तुरंत मेजर महेश कुमार को बुलाया एवं पत्नी को एमएच अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान रात लगभग 8.10 बजे डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु के कारण की वजह हार्टअटैक बताई है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया, मर्ग कायम कर मामले की जांच की जाएगी।

जिला एवं सत्र न्यायालय दमोह ने लिखा था पत्र

हाई कोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग को दी गर्भपात की अनुमति

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग को गर्भपात की अनुमति प्रदान कर दी। नाबालिग व उसकी मांग से गर्भपात के लिए सहमति व्यक्त की थी। जस्टिस अमित सेठ की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के बाद पाया कि गर्भावस्था वर्तमान में 28 सप्ताह से अधिक है। लिहाजा, कोर्ट ने सावधानी बरतने के आवश्यक दिशा-निर्देशों सहित अनुमति प्रदान कर दी।

दरअसल, जिला एवं सत्र न्यायालय दमोह ने 16 वर्षीय दुष्मर्म पीड़िता नाबालिग के मामले में हाई कोर्ट को पत्र लिखा था। जिसे याचिका के रूप में सुने जाने की व्यवस्था दी गई थी। इसी के साथ मेडिकल रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए थे। दो डाक्टरों की ओर से 21 मई, 2025 को मेडिकल टेस्ट किया गया। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार गर्भ की अवधि के आधार पर जोखिम की बात रेखांकित कर दी गई। इसके बावजूद नाबालिग की मां ने साफ कर दिया कि वह और उसकी बच्ची हर जोखिम उठाने तैयार हैं। हाई कोर्ट ने इस बयान को गंभीरता से लेकर सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के न्यायदृष्टांतों के प्रकाश में आदेश पारित कर दिया। इसके अनुसार 30 सप्ताह तक के गर्भपात की अनुमति दी जा सकती है। पीड़िता को मेडिकल कालेज, जबलपुर ले जाया जाएगा। वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे पूर्व जोखिम के बारे में अवगत करा दिया जाएगा। साथ ही हर संभव सावधानी बरती जाएगी। सभी चिकित्सकीय सुविधाएं व देखाभाल प्रदान की जाएगी। शिशु रोग विशेषज्ञ के साथ रेडियोलाजिस्ट सहित अन्य डाक्टर शामिल होंगे। आपरेशन के बाद पीड़िता की देखभाल उसकी मां करेगी। बच्चा जीवित पैदा होता है, तो दसकी देखभाल राज्य शासन का कर्त्तव्य होगा। डाक्टर यह भी सुनिश्चित करेगा कि भ्रूण का नमूना डीएनए जांच के लिए सुरक्षित रखा जाए। विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम यह निर्णय लेगी कि गर्भावस्था को कब समाप्त करना है।

नाबालिग की कस्टडी से जुड़ा प्रकरण

हाई कोर्ट में पेश की गई फूफा की सामाजिक व आर्थिक स्थिति की रिपोर्ट

जबलपुर। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह व न्यायमूर्ति अमित सेठ की युगलपीठ के पूर्व निर्देश के पालन में बाल कल्याण समिति की निगरानी में रहने वाली नाबालिग की कस्टडी सौंपने के लिए फूफा की सामाजिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि की जांच रिपोर्ट पेश की गई। कोर्ट ने रिपोर्ट की प्रति पक्षकारों को उपलबध कराने के निर्देश दिए। साथ ही आपत्ति पेश करने के लिए एक सप्ताह का समय प्रदान कर दिया। मामले की अगली सुनवाई 16 जून को होगी।

दरअसल, रतलाम निवासी कालूराम की ओर से हाई कोर्ट भेजे गए पत्र में आरोप लगाया गया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को बाल कल्याण समिति भेजा गया था। जब वह अपनी बच्ची से मिलने गया तो वह नहीं मिली। लिहाजा, उसे संदेह है कि बच्ची को बेच दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश ने आरोप को गंभीरता से लेते हुए पत्र की याचिका के रूप में सुनवाई की व्यवस्था दे दी थी। इसी के साथ नाबालिग को कोर्ट में पेश करने के दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

विगत सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से अवगत कराया गया था कि नाबालिग बाल कल्याण समिति में नहीं जाना चाहती। वह अपने फूफा के साथ जाना चाहती है। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि फूफा प्राकृतिक संरक्षक नहीं है, इसलिए उसकी पृष्ठभूमि को जाने बिना नाबालिग को नहीं सौंप सकते। हाई कोर्ट ने नाबालिग को पुनः बाल कल्याण समिति भेजने के निर्देश देते हुए फूफा की आर्थिक व पारिवारिक पृष्ठभूमि के संबंध में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे।

जो नाली नहीं बना पाए, वो लोकार्पण का सपना देख रहेः सिंह

जबलपुर। फ्लाईओव्हर के लोकार्पण को लेकर हो रहे सियासत पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा की जो अपने घरों के सामाने की नालियां नहीं बनवा पाए, वे मध्य प्रदेश के सबसे बड़े फलाईओवर के लोकार्पण का सपना देख रहे हैं. फ्लाईओवर के निर्माण की स्वीकृति कांग्रेस के कमलनाथ के केन्द्रीय मंत्री रहते हुये निरस्त की गई थी. यह बात कांग्रेसियों को समझ लेनी चाहिये. इस पर महापौर ने भी नगर निगम सदन में वक्तव्य दिया. दरअसल सफाई संरक्षकों के सम्मान समारोह के बाद फ्लाईओवर को लेकर भाजपा में मचे खींचतान और कांग्रेस द्वारा फ्लाईओवर को लोकार्पण किये जाने के सवाल पर मीडिया ने जब उनसे सवाल किये तो इसके प्रति उत्तर में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा की वे हमेशा से शब्दों और राजनीतिक मर्यादा का पालन करते आए हैं. लिहाजा छुट भईयों की बात का जवाब देना उचित नहीं समझते. जहां तक फ्लाईओवर के लोकार्पण का सवाल है तो फ्लाईओवर का लोकार्पण होगा। पूरी भव्यता के साथ होगा. लेकिन अधूरे निर्माण का लोकार्पण नहीं किया जा सकता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240